सुप्रभात
रांची, मंगलवार
30.05.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष, दशमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 314



12 स्वदेशी से देश की इकोनॉमी बढ़ायें : स्वामी रामदेव

## न्यूज डायरी

### नामकुम सड़क हादसे में दो छात्रों की मौत

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के कोचबोंग पेट्रोल पंप के समीप सोमवार की सुबह करीब नौ बजे सड़क दुघर्टना में दो छात्रों की मौके पर ही मौत हो गयी। एक अन्य युवक गंभीर है। मृतक महुवाटोली नामकुम का गौतम महली (16) तथा एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के हुंडरू का आकाश कच्छप (14) जबकि घायल हुंडरू का विशाल लिंडा (19) है।

### दिनेश गोप के कैंप से मिले कई हथियार

**खूंटी।** पीएलएफआइ सुप्रीमो दिनेश गोप को एनआइए अपने साथ लेकर सोमवार को खूंटी के रनिया पहुंची। उसकी निशानदेही पर एनआइए ने दिनेश गोप के बेस कैंप से भारी संख्या में हथियार बरामद किया है।

### वज्रपात की चपेट में आने से महिला की मौत

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के इचाक ग्राम में बेमौसम हुई बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से सोहरी देवी (50) पति बिगन गंझू की मौत हो गयी।

### हजारीबाग में सड़क हादसा, चालक की मौत

**चरही।** हजारीबाग जिले के चरही थाना क्षेत्र के अंसार चौक के पास सोमवार को हाइवा और हाइड्रा में जोरदार टक्कर हो गयी। इसमें हाइड्रा वाहन पलट गया और इसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में उसकी मौत हो गयी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,500 रु./प्रति किलो |

# गंगा की लहरों पर अंकित है भारत की अमर कहानी

## केवल गंगा के स्मरण मात्र से ही सभी पातकों से मुक्त हो जाता है प्राणी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय सभ्यता और संस्कृति को जीवंत बनाने में यदि किसी का सर्वाधिक योगदान है, तो वह हैं गंगा। गंगा सिर्फ नदी नहीं हैं, वह जीवनदायिनी हैं। गंगा की पवित्र लहरों में भारत की अमर कहानी अंकित है। सभ्यता और संस्कृति को सर्व लोक उपकारी बनाने की प्रेरणा गंगा की लहरों ने ही मानव हृदय को दी है। भारत में गंगा की निर्मल धारा प्राचीन काल से ही अपना महत्वपूर्ण स्थान रखती है। यह धरती पर बहकर भी देवताओं की नदी है। गंगा लोक की सुख-समृद्धि की विधात्री हैं। ऋषि, संत और मुनि जिन सात नदियों का स्मरण स्नान के समय करते हैं, उनमें सर्वप्रथम गंगा का ही नाम आता है।

'गंगे चै यमुने चौव गोदावरी सरस्वती, नर्मदे सिन्धु कावेरी जलेस्मिन सन्निधिं कुरु।' नदियों में पवित्रता एवं महात्म्य की दृष्टि से गंगा का स्थान सर्वोच्च है। गोमुख से लेकर गंगा सागर तक गंगा की अजस्त्र वाहिनी पावन धारा से कितने ही नर, नारी, पशु, कीट, पतंग, जलचर, नभचर आदि जीव-जंतु अपना एहिक और पारलौकिक कार्य करते हैं। जो लोग नित्य गंगा में स्नान करने का पुण्य अवसर नहीं निकाल पाते हैं, वह दर्शन, स्पर्श एवं आचमन करने के लिए थोड़ा सा गंगाजल अपने घरों में रखते हैं। पूजन आदि के समय गंगा जल के अभाव में केवल गंगा का नाम स्मरण ही अनेक जन करते हैं।



विष्णु पुराण में कहा गया है कि जो हजारों योजन दूर से पावन शब्द गंगा का स्मरण करता है, वह अपने सभी पातकों से मुक्त होकर विष्णुलोक को चला जाता है। प्रतिदिन असंख्य व्यक्तियों द्वारा संस्मृत, ध्यानावस्थित, पूजित, मज्जित एवं पीत, गंगा की महिमा की समानता विश्व में अन्य नदी से नहीं हो सकती। यही कारण है कि प्राचीनकाल से लेकर अब तक गंगा की महिमा से संस्कृत, हिंदी, उर्दू, अरबी, फारसी आदि साहित्य का जितना आंचल भरा गया है, उतना किसी अन्य नदी की महिमा से नहीं। सहस्त्रों वर्षों से गंगा देश के कण-कण में व्याप्त है। वैज्ञानिक कहते हैं कि हिमालय की औषधियों का ऐसा विचित्र प्रभाव है, जिसके कारण गंगा जल में कीटाणु नहीं पड़ते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार पुण्य सलिला गंगा भगवान विष्णु के पदनख से निकलने के कारण समस्त लौकिक एवं पारलौकिक रोगों तथा पापों को हरने वाली हैं। गंगा तट वासियों को तो हमेशा यह स्तोत्र याद रहता है कि गंगे तव दर्शनान्मुत्ति:। दर्शन, स्नान तथा पान करने से दैहिक, दैविक एवं भौतिक ताप नष्ट करने की अमोघ शक्ति गंगा जल में सदैव से विद्यमान रही है। (शेष पेज 11 पर)

## रेलवे ठेकेदार की लापरवाही से धनबाद में बड़ा हादसा

# करंट से छह की मौत

- सभी मृत ठेका मजदूर थे, प्रधानमंत्री ने जताया दुख
- पोल गाड़ने के क्रम में करंट की चपेट में आकर जल गये
- डीआरएम ने कहा- जांच के बाद होगी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** पूर्व मध्य रेलवे के धनबाद रेल मंडल अंतर्गत धनबाद-गया रेलखंड पर सोमवार को एक हृदय विदारक हादसा हुआ। धनबाद और गोमो स्टेशन के बीच निचितपुर-तेतुलमारी रेल स्टेशन के बीच पोल संख्या 283/14 - 283/16 के पास करंट की चपेट में आने से छह ठेका मजदूरों की जलकर दर्दनाक मौत हो गयी। इस हादसे में करीब एक दर्जन से अधिक झुलस गये हैं। मृतकों में गोविंद सिंह, श्यामदेव सिंह, सुरेश मिस्त्री, श्याम भुइयां, संजय राम और एक अन्य शामिल हैं। सभी मजदूर लातेहार, पलामू और उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद के रहने वाले बताये जाते हैं। इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धनबाद में हुए हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। प्रधानमंत्री ने जान गंवाने वालों के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से अनुग्रह राशि की भी घोषणा की है।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सिलसिलेवार ट्वीट कर कहा, कर्नाटक के मैसूरु में हुए दर्दनाक हादसे से गहरा दुख हुआ। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ है, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

बताया जाता है कि निचितपुर रेल फाटक के पास मजदूर पोल गाड़ रहे थे और उन्होंने शटडाउन नहीं लिया था। काम के दौरान पोल डगमगा कर 25,000 वोल्ट के ओवरहेड तार से छू गया, जिसके बाद करंट की चपेट में आने से मौके पर छह लोगों की मौत की हो गयी। स्पष्ट जानकारी नहीं आ सकी है कि हादसा हुआ कैसे। घटना के बाद धनबाद-गोमो रेल लाइन पर कुछ ट्रेनों के परिचालन को भी रोका गया था, जिसे अब सामान्य कर दिया गया। (शेष पेज 11 पर)

# जो आजादी के 65 सालों में नहीं हुआ वह नौ वर्षों में हुआ : जनरल वीके सिंह

## लोग जल्दी भूल जाते हैं, इसलिए केंद्र की उपलब्धियां बताने आये हैं

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय सड़क परिवहन, राष्ट्रीय राजमार्ग राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वीके सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार की नौ वर्ष की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि लोग किसी काम को जल्दी भूल जाते हैं। यही वजह है कि उन्हें याद दिलाने आये हैं कि केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में अपने कार्यकाल के दौरान क्या-क्या उपलब्धियां हासिल की हैं। जनरल वीके सिंह सोमवार को रांची प्रेस क्लब में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। मौके पर भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश मौजूद थे।



पत्रकारों के साथ संवाद कार्यक्रम में सबसे पहले मोदी सरकार के नौ वर्षों की उपलब्धियों पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) प्रस्तुत किया गया। इसके बाद बातचीत के क्रम में जनरल वीके सिंह ने कहा कि जो काम आजादी के बाद 65 सालों में नहीं हुआ, वह मोदी सरकार के सिर्फ नौ वर्षों में किया है। इस दौरान मोदी सरकार ने विकास को एक नयी दिशा दी, चाहे वह भाजपा शासित राज्य हो या फिर गैर भाजपा शासित राज्य। पिछले नौ वर्षों में देश में जो आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक बदलाव देखने को मिले, वह भारत को काफी आगे लेकर जायेगा। पूरी दुनिया ने भी विकास के क्षेत्र में भारत का लोहा माना है। पीएम जहां भी गये, वहां उन्हें सम्मान मिला जो भारत का सम्मान है।

उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था काफी तेजी से आगे बढ़ रही है। पिछले नौ वर्षों में भारत में अप्रत्याशित रूप से विदेशी निवेश हुआ है। आजादी के बाद से जितना विदेशी निवेश भारत में हुआ, लगभग उतना ही विदेशी निवेश पिछले नौ वर्षों में ही मोदी सरकार ने कर दिखाया। इस दौरान अब तक 162 देशों ने भारत के 31 प्रदेशों और केंद्र शासित राज्यों में निवेश किया है।

(शेष पेज 11 पर)

# लातेहार पुलिस ने टीएसपीसी के आधा दर्जन उग्रवादियों को दबोचा

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** एसपी अंजनी अंजन के कुशल नेतृत्व में लातेहार पुलिस की टीम ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। एसपी को मिली गुप्त सूचना पर गठित मनिका, बरवाडीह व हेरहंज पुलिस की संयुक्त टीम ने टीएसपीसी संगठन के आधा दर्जन उग्रवादियों को भारी मात्रा में हथियार व गोला बारूद के साथ पकड़ने में सफलता पायी है। सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में एसपी अंजनी अंजन यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये उग्रवादी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए डोकी-हेसातु-बरवाही की पूरब पहाड़ी टेकरी पर योजना बना रहे थे।

**इन उग्रवादियों को हुई है गिरफ्तारी :** पकड़े गये उग्रवादियों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना परिचय प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सदस्य के रूप में दिया। इनमें मुकेश यादव पिता मदन यादव (सा. होटाई, थाना- पांकी जिला- पलामू), मुकेश यादव पिता सुदेशी यादव, (सा-तितलंगी थाना-पिपराटांड़ जिला पलामू), अवधेश यादव, पिता वृक्ष यादव (सा.- चेरी, थाना-लेस्लीगंज, जिला- पलामू), प्रभात कुमार यादव उर्फ मरांडी उर्फ अफजल उर्फ अभिषेक, पिता-लक्ष्मी यादव, (सा.-विदरा, थाना-पिपराटांड़ जिला- पलामू), भीम पासवान (सा. डोकी, थाना-मनिका, जिला लातेहार) व नन्दू शर्मा पिता-विगु शर्मा, (सा.-जान्हो, थाना-मनिका, जिला-लातेहार) शामिल हैं।

### पश्चिमी सिंहभूम में चार आइइडी बरामद

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा और टोंटो थाना क्षेत्र में भाकपा माओवादियों द्वारा पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाये गये पांच आइइडी (इंप्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस) को पुलिस ने बरामद किया है। इससे एक बड़ी घटना टल गयी। पुलिस ने सभी बम को बरामद कर जंगल में ही नष्ट कर दिया। इस संबंध में बताया जा रहा है कि नक्सलियों के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान सोमवार को टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका एवं अंजदबेड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र तथा गोईलकेरा थाना अंतर्गत ग्राम कुईड़ा एवं मारादिरी के सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों द्वारा लगाये गये पांच आइइडी बमों बरामद किया गया। इसके अलावा, गोईलकेरा थानांतर्गत ग्राम छोटा कुईडा से मारादिरी जाने वाले रास्ते में भी एक प्रेशर आइइडी लगाया गया था, जिसे सुरक्षा बलों के द्वारा बरामद किया गया। इसे उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की सहायता से नष्ट कर दिया गया है।

# दिल्ली में किशोरी की सरेआम निर्मम हत्या

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राजधानी दिल्ली में निर्मम हत्या का मामला सामने आया है। बाहरी उत्तरी जिले के शाहबाद डेरी इलाके में 16 वर्षीय लड़की साक्षी पर एक युवक ने चाकू से 40 से अधिक वार कर उसकी हत्या कर दी। वह यहीं नहीं रुका, बल्कि पत्थर से उसके ऊपर कई प्रहार किये। इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है, जो विचलित करने वाला है। हत्या का आरोप मोहम्मद साहिल पर लगा है। पुलिस उपायुक्त सुमन नलवा ने बताया कि हमने आरोपी साहिल को उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर से गिरफ्तार किया है। वह एसी और रेफ्रिजरेटर के लिए मैकेनिक का काम करता था। आगे की जांच चल रही है। इधर, राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने सोमवार को इस निर्मम हत्या का संज्ञान लेते हुए दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। एनसीडब्ल्यू की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने इस घटना के बाबत निष्पक्ष और समयबद्ध जांच करने के साथ-साथ आरोपित की जल्द से जल्द गिरफ्तार करने को लेकर दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिखा है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि रविवार शाम लड़की जब अपनी दोस्त नीतू के बेटे के जन्मदिन पार्टी में जा रही थी, तभी साहिल ने उसे रोककर चाकू से हमला कर किया और करीब 40 वार किये। फिर पत्थर से कुचल दिया। हैरानी की बात यह है कि साहिल उस लड़की पर चाकुओं से लगातार हमला करता रहा, लेकिन आसपास से गुजर रहे लोगों ने चुपचाप बचकर निकलते दिखाई दे रहे हैं। यह वीडियो कानून-व्यवस्था के साथ-साथ नये बन रहे समाज पर गहरे सवाल उठाता है। पूरा वीडियो 1.26 मिनट का है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि साहिल का लड़की के साथ झगड़ा हुआ था। (शेष पेज 11 पर)

## स्पेस में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की एक और छलांग

# एनवीएस-1 सैटेलाइट की लांचिंग सफल

एजेंसी

**श्रीहरिकोटा।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से नयी पीढ़ी का नेविगेशन सैटेलाइट सोमवार को 10:42 बजे लांच किया। इस सैटेलाइट का नाम है एनवीएस-1 है, जिसे जीएसएलवी- एफ12 रॉकेट के जरिए लांच पैड-2 से छोड़ा गया। 19 मिनट बाद एनवीएस-1 उपग्रह को सफलतापूर्वक कक्षा में लांच किया गया। वैज्ञानिकों ने सफल प्रयोग पर एक-दूसरे को बधाई दी।



इसरो को मिली इस सफलता के बाद स्वदेशी नेविगेशन सिस्टम पूरी तरह उपलब्ध हो जायेगा। यह सैटेलाइट विशेषकर सशस्त्र बलों को मजबूत करने और नौवहन सेवाओं की निगरानी के लिए बनाया गया है। यह सैटेलाइट भारत और उसकी सीमाओं के चारों तरफ 1500 किलोमीटर तक नेविगेशन सेवाएं देगा।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन प्रमुख डॉ एस सोमनाथ ने लांच हुए सैटेलाइट एनवीएस-1 के बारे में बताया कि भारत फिलहाल सात पुराने नाविक सैटेलाइट्स से काम चला रहा था, लेकिन उनमें से केवल 4 काम कर रहे थे। डॉ एस सोमनाथ ने बताया कि जब तक खराब पड़े तीन सैटेलाइट को बदलते, तब तक बाकी चार भी खराब हो जाते। इसे ध्यान में रखते हुए पांच नेक्स्ट जेनरेशन नाविक सैटेलाइट्स एनवीएस को छोड़ने का फैसला लिया गया।

**खास बातें :** सैटेलाइट एनवीएस-1 अगले 12 साल तक काम करेगा। इस नेविगेशन सैटेलाइट में स्वदेश निर्मित रूबिडियम एटॉमिक क्लॉक का इस्तेमाल भी किया जा रहा है, जो बेहतरीन और सटीक लोकेशन, पोजिशन और टाइमिंग बताने में सक्षम है। यह उपग्रह भूमि, जल और वायु मार्गों की स्थिति और दिशाओं जैसी कई सुविधाएं आपात स्थिति में पृथ्वी से संबंधित जानकारी प्रदान करेगा। यह वाहन चालकों को दिशा देगा और इंटरनेट से जोड़ेगा। यह भारत की विमानन, नौवहन और सैन्य जरूरतों में भी योगदान देगा।




## केंद्र में एनडीए सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर भाजपा ने गिनायी उपलब्धियां तो कांग्रेस ने भाजपा शासन को कोसा

# 9 सालों में मोदी सरकार ने विकास की खींची लकीर : जनरल वीके सिंह

**केंद्रीय मंत्री ने एयरपोर्ट पर रखी अपनी बात, कहा स्टेट हाईवे को नेशलन हाइवे में लेकर करेंगे कायाकल्प**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह सोमवार को रांची पहुंचे। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से निकलते वक्त मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में जनमत प्राप्त करने के बाद बनी झामुमो के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने जनता के लिए अब तक क्या काम किया है और पूर्व की भाजपा सरकार ने जनता के लिए क्या कुछ किया है इन सभी बातों को जनता तक पहुंचाने के लिए वो यहां आये हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में विकास की लंबी लकीर खींची है जो भविष्य के भारत की नई तस्वीर की ओर इशारा करती है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि झारखंड के लिए सड़क एवं परिवहन के क्षेत्र में केंद्रीय स्तर पर सभी बेहतर योजनाओं को लागू करने में केंद्र सरकार सहयोग करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की तरफ से यदि बेहतर योजनाएं आएंगी तो उस पर केंद्र में बैठी सरकार पूर्ण सहयोग करेगी। बस वह प्रस्ताव जनता के हित में होना चाहिए। स्टेट हाइवे को नेशनल हाइवे के अंतर्गत उसका कायाकल्प किया जाएगा। पहाड़ों पर भी लोगों एवं पर्यटकों को घूमने के लिए योजनाएं लायी जायेंगी।

### पहलवानों ने लॉ ऐंड ऑर्डर को खराब करने की थी कोशिश

पहलवानों के साथ हुए पुलिसिया कार्रवाई पर केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने कहा कि पहलवानों के साथ क्या कुछ हो रहा है, सभी को पता है। जब सरकार और प्रशासन के लोग जांच के लिए कार्रवाई कर रहे हैं तो फिर विरोध प्रदर्शन को राजनीतिक रूप देना कहीं से भी सही नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि धरना पर बैठे पहलवानों को भड़काने के लिए बाहर के लोग आकर दंगा फैलाने और लॉ एंड ऑर्डर को खराब करने की कोशिश करेंगे तो ऐसी स्थिति में पुलिस को तो अपना काम करना ही होगा।

# 70 सालों में कांग्रेस ने देश की अखंडता एवं लोकतंत्र को बचाया : राकेश सिन्हा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव राकेश सिन्हा ने केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह के उस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है, जिसमें वीके सिंह ने कांग्रेस के 70 सालों के कार्यकाल की तुलना मोदी सरकार के 9 सालों की उपलब्धियों से की है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह प्रश्न करना बहुत आसान है कि 70 सालों में क्या किया तो इन 70 सालों में कांग्रेस ने देश को अखंड रखा, लोकतंत्र को मजबूत रखा, पाकिस्तान की तरह यहां सैनिक शासन नहीं लगने दिया। वहीं मोदी सरकार के इन नौ सालों में बेरोगारी, महंगाई, महिला उत्पीड़न, देश की बेटियों द्वारा सत्ता पक्ष के सांसद पर यौन शोषण का आरोप लगा। यही भाजपा सरकार की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था इन 9 साल में पूरी तरह चरमरा गई है। राकेश सिन्हा सोमवार को प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात कर रहे थे।



**कांग्रेस की उपलब्धियों की फेहरिस्त लंबी है मंत्री जी :** राकेश सिन्हा ने कहा कि नेहरु के शासन काल में इसरो, तारापुर अणुशक्ति, आईआईएम, आईआईटी, भाभा एटोमिक रिसर्च सेंटर, सरदार सरोवर, भाखड़ा नांगल बांध, एशियन गेम्स की मेजबानी जैसे कई बड़े काम किए गए। देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने बीएसएफ की स्थापना, डेयरी विकास, पाकिस्तान पर विजय के साथ ही जय जवान जय किसान के स्लोगन से देश की तस्वीर बदलने का काम किया।

देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाने, मिसाइल टैंक से लैस करने, पाकिस्तान को विभाजित करने के साथ-साथ देशहित में कई बड़े फैसले लेने के लिए याद की जाती हैं। वहीं राजीव गांधी के शासनकाल को टेलीकॉम क्रांति, सुपर कंप्यूटर, रेलवे का कंप्यूटरीकरण, पंचायती राज का आधुनिक मॉडल के साथ-साथ युवाओं की राजनीति में भागीदारी बढ़ाने के लिए याद किया जाता है।

# 28 मई का दिन भारतीय लोकतंत्र के लिए शर्मनाक मर्यादा व परंपरा की उड़ायी गयीं धज्जियां : सुप्रियो

**झामुमो का पीएम नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला**

**कहा- 28 मई को एक साथ पांच घटनाएं हुईं, यह संयोग नहीं हो सकता**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 28 मई का दिन भारतीय लोकतंत्र के लिए बहुत शर्मनाक रहा। मर्यादा और परंपरा की धज्जियां उड़ायी गयी। 28 मई को पांच महत्वपूर्ण घटनाएं हुई, जिसे महज संयोग नहीं कहा जा सकता है। अब समय आ गया है कि हमें एकजुट होकर बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के आदर्शों और संविधान की रक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और आरएसएसस-भाजपा इस देश को कहां ले जाना चाहते हैं। सुप्रियो पार्टी कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति को नहीं बुलाना महज संयोग नहीं

श्री भट्टाचार्य ने कहा कि जब देश ढाई साल पहले ऑक्सीजन के तरस रही थी, तब हमारे देश के प्रधानमंत्री ने संसद भवन की आधारशिला रखी। उस समय भी दलित समुदाय से आने वाले तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को इससे दूर रखा गया। 28 मई को जब इसका उदघाटन हुआ तो वर्तमान आदिवासी महिला राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को दूर रखा गया। इतना ही नहीं ओबीसी समाज से आने वाले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को भी दूर रखा गया। यह महज संयोग नहीं हो सकता। यह सोची-समझी रणनीति थी, ताकि आधारशिला और उदघाटन शिलापट् पर सबसे ऊपर प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी का नाम रहे। झामुमो नेता ने कहा कि संसद भवन के उद्घाटन के दौरान भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह को सामने बैठाकर मयार्दा, धर्म-अधर्म और सत्यमेव जयते का पाठ पढ़ा रहे थे, जबकि सांसद बृजभूषण पर हत्या, करप्शन, शारीरिक शोषण एवं दुष्कर्म के आरोप हैं।

### उज्जैन में महाकाल कॉरिडोर ताश के पत्ते की तरह बिखर रहे थे

झामुमो नेता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि एक तरफ नये संसद भवन का उद्घाटन हो रहा था, वहीं उज्जैन के महाकाल मंदिर के कॉरिडोर में संतों, ऋषि-मुनियों की मूर्तियां ताश के पत्ते की तरह बिखर रहे थे। यह कॉरिडोर 850 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है। इसे किसने बनाया, यह पूरा देश जानता है। यह भी महज संयोग नहीं हो सकता है।

# पूर्व विधायक गुरुचरण पर नक्सली हमला मामले में एनआइए ने दूसरा पूरक आरोप पत्र दाखिल किया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर नक्सली हमला मामले की जांच कर एनआइए ने दूसरा पूरक आरोप पत्र दायर किया है। एनआइए की विशेष अदालत रांची में दाखिल चार्जशीट में दो आरोपियों को नामजद किया गया है। जिनमें तिवारी बांकीरा उर्फ शाका और सदन कोड़ा का नाम शामिल है। चाईबासा के रहने वाले दोनों आरोपी प्रतिबंधित संगठन भाकपा (माओवादी) के सशस्त्र कैडर हैं। दोनों पर आईपीसी और यूए (पी) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाये गये हैं।

### रांची शाखा में दर्ज की गयी थी प्राथमिकी

एनआईए ने रांची शाखा में मिसिर बेसरा (एक करोड़ का इनामी), रघु, अश्विन, चंदन, मोछू, सुशांत, सागेन, कांडे होनहागा और सोनाराम होनहागा के खिलाफ जुलाई महीने में प्राथमिकी दर्ज की थी। सभी आरोपित पश्चिम सिंहभूम के गोइलकेरा के हैं। झारखंड पुलिस के अनुसंधान में इस बात का खुलासा हो चुका है कि पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर हमले की योजना सुनियोजित थी। नक्सलियों का उद्देश्य पूर्व विधायक के बॉडीगार्ड से हथियार लूटना था, जिसमें वे सफल हुए थे। बॉडीगार्डों ने विरोध किया तो नक्सलियों ने दो की हत्या कर दी थी।

तिवारी बांकीरा को 30 नवंबर 2022 को और सदन कोराह को 13 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया गया था। आपको बता दें कि चार जनवरी 2022 की शाम झीलरुआं मैदान में आयोजित खेलकूद समारोह में शामिल होने गये पूर्व विधायक गुरुचरण नायक पर नक्सलियों ने हमला किया था। पूर्व विधायक ने भीड़ में जाकर अपनी जान बचायी थी। इस मामले में 31 दिसंबर 2022 को 14 अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया गया था।

## सरयू बोले- लोगों ने माना है कि दामोदर का पानी साफ हुआ

# रजरप्पा में दामोदर महोत्सव आज, नद पूजा आरती व संगोष्ठी में राज्यपाल होंगे शामिल

**मां छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर में होगा मुख्य आयोजन**

**44 अन्य स्थानों पर भी आयोजित होगा दामोदर महोत्सव**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** युगांतर भारती, नेचर फाउंडेशन एवं दामोदर बचाओ आंदोलन की ओर से आज 30 मई को देवनद-दामोदर महोत्सव का आयोजन किया गया है। मुख्य समारोह मां छिन्नमस्तिका मंदिर, रजरप्पा में होगा। महोत्सव के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन होंगे। रजरप्पा के अलावा झारखंड के अन्य 44 स्थानों पर दामोदर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

**शाम 5 बजे से सवा 7 बजे तक होगा कार्यक्रम : सरयू**

दामोदर बचाओ आंदोलन के अध्यक्ष और झारखंड विधानसभा के सदस्य सरयू राय ने बताया कि 30 मई की शाम 5 बजे से सवा 7 बजे तक महोत्सव का आयोजन होगा। इस दौरान राज्यपाल नद पूजन, आरती और संगोष्ठी आदि में हिस्सा लेंगे। श्री राय ने बताया कि दामोदर को बचाने के लिए 2004 में गंगा दशहरा के दिन आंदोलन की शुरूआत हुई थी। यह 19वां साल है। लोगों ने माना है कि दामोदर का पानी साफ हुआ है। लोगों ने यह भी माना है कि लगभग 95 प्रतिशत तक औद्योगिक प्रदूषण से दामोदर मुक्त हो गया है।

### प्रदूषण मुक्त करने का लिया था संकल्प

सरयू राय ने बताया कि वर्ष 2022 में दामोदर समीक्षा यात्रा के दौरान रजरप्पा में यह संकल्प लिया गया कि अब दामोदर को शहरी प्रदूषण से मुक्त करेंगे। इस संबंध में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने की भी बात हुई। बीते वर्ष ही भारत सरकार को पत्र लिखा गया। भारत सरकार ने उदारता दिखाई और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए राज्य सरकार को पैसे भेज दिए। ये पैसे रामगढ़, धनबाद और फुसरो में प्लांट लगाने के लिए दिए गए हैं। चास में डीएमएफटी फंड से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने का जिला प्रशासन ने फैसला किया है। पतरातू थर्मल और चंद्रपुरा थर्मल वाले अपने ही खर्चे से सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगवा रहे हैं।

### धन्यवाद वर्ष के रूप में मनाया जायेगा

सरयू राय ने बताया कि रामगढ़ के अलावा राज्य के 44 अन्य स्थानों पर भी दामोदर महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इन सभी स्थानों पर नद पूजा, आरती, संगोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता अभियान आदि आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने बताया कि आने वाले साल को आभार प्रदर्शन वर्ष या धन्यवाद वर्ष के रूप में मनाया जाएगा। राय ने बताया कि दामोदर महोत्सव का आयोजन रांची, लोहरदगा, चतरा, लातेहार, रामगढ़, बोकारो और धनबाद के 44 इलाकों में किया जाएगा। कई इलाकों में सुबह तो कुछ में शाम को आयोजन होंगे।

# कोलकाता रजिस्ट्रार के कार्यालय से दस्तावेज गायब, इडी कर रही जांच

**दो सदस्यीय टीम कोलकाता रवाना, इडी ने किया टेक ओवर**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जमीन घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग मामले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जांच कर रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कोलकाता के रजिस्ट्रार ऑफिस से मूल दस्तावेज गायब हो गए हैं। इस बाबत इडी की दो सदस्यीय टीम कोलकाता के लिए रवाना हो गई है और मामले की जांच में जुट गई है। अब ईडी रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस के द्वारा कोलकाता में दर्ज एफआईआर को भी टेकओवर कर लिया है। रांची में हुए जमीन घोटाले में पश्चिम बंगाल के रजिस्ट्री कार्यालय और अधिकारियों का नाम ईडी की जांच में सामने आया है। इसके बाद वहां हुई जांच में कोलकाता भूमि निबंधन कार्यालय में भूमि के दस्तावेजों में गड़बड़ी किये जाने के कई मामले सामने आये हैं, जिसमें रांची से जुड़ी जमीन का भी मामला शामिल है। वर्तमान में सदर और बरियातू थाने में दर्ज केस के आधार पर ईडी की टीम ने ईसीआईआर दर्ज कर जमीन घोटाले में मनी लाउंड्रिंग की जांच शुरू की थी। अब कोलकाता में दर्ज केस में भी ईडी ने ईसीआईआर दर्ज करने का निर्णय लिया है।

### जमीन के मूल दस्तावेज कोलकाता कार्यालय से किये गये थे जब्त

ईडी ने दस्तावेज में जालसाजी कर जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में बड़गाईं अंचल व कोलकाता रजिस्ट्री कार्यालय में सर्वे किया था। पीएमएलए की धारा-17 के तहत प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए ईडी ने दोनों कार्यालय से सेना के कब्जेवाली जमीन और चेशायर होम रोड की जमीन के मूल दस्तावेज कोलकाता कार्यालय से जब्त किये थे। न्यायालय के आदेश के आलोक में दस्तावेज की फॉरेंसिक जांच करायी गयी थी। इसमें दस्तावेज में छेड़छाड़ करने की पुष्टि हो चुकी है। जालसाजों ने वर्ष 1932 के मूल दस्तावेज में जालसाजी कर इस भूखंड की बंदरबांट की है। इसमें जमीन के मालिक के पते में पश्चिम बंगाल के साथ ही पिन कोड का उल्लेख किया गया था। लेकिन वर्ष 1932 में पश्चिम बंगाल राज्य था ही नहीं।

### 2889 प्राथमिक शिक्षकों की विभिन्न ग्रेडों में होगी प्रोन्नति

**रांची।** जिले के प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत प्राथमिक शिक्षकों को विभिन्न ग्रेड में प्रोन्नति मिलेगी। इसको लेकर जिला प्रशासन ने 2889 शिक्षकों की वरीयता सूची जारी की है। बताते चलें कि शिक्षकों की नियुक्ति तिथि, विद्यालय में योगदान देने की तिथि और लोक सेवा आयोग की अनुशंसा पर नियुक्त शिक्षकों के मेधा क्रमांक के आधार पर 2889 प्राथमिक शिक्षकों की वरीयता सूची बनायी गयी है।

**प्रोन्नति व अन्य समस्याओं को लेकर बनी थी विभागीय समिति**

बताते चलें कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने इसी साल फरवरी में प्राथमिक शिक्षकों के हितों को लेकर आदेश जारी किये थे। इसके बाद आठ फरवरी को रांची व अन्य जिलों में प्राथमिक शिक्षकों की प्रोन्नति में विभिन्न प्रकार की गड़बड़ियां की जांच व आवश्यक सुझाव देने के लिए विभागीय समिति का गठन किया गया था। विभाग ने गठित विभागीय समिति से प्राथमिक शिक्षकों की प्रोन्नति से संबंधित विभिन्न समस्याओं की रिपोर्ट मांगी थी।

# रांची से पटना के बीच अब जून से चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

**रांची।** रांची से पटना के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन अब जून से चलेगी। रेलवे सूत्रों का कहना है कि ट्रैक का कुछ काम पूरा नहीं होने के कारण यह ट्रेन अपने समय पर नहीं चल पायी लेकिन, यह अब इसका परिचालन जून में किया जायेगा। इसकी तैयारी चल रही है। जून में यह ट्रेन कब से चलेगी इसकी घोषणा अभी नहीं की गयी है और न ही इसकी तय स्पीड को लेकर कुछ अपडेट किया गया है। रेलवे सूत्रों का कहना है कि यह दोनों सवाल का जवाब शीघ्र ही दे सभी को दे दिया जाएगा। रेलवे की ओर से ट्रेन के नए समय पर परिचालन को लेकर तैयारी तेजी से चल रही है।

# कहां और कैसे इस्तेमाल हो रही एसआरई फंड की राशि : एडीजी

**झारखंड के 18 जिलों के एसपी के साथ एडीजी अभियान की समीक्षा बैठक**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के 18 जिलों के एसपी के साथ सोमवार को एडीजी अभियान की समीक्षा बैठक की। बैठक एसआरई फंड (सुरक्षा संबंधी व्यय) को लेकर आयोजित की गयी थी। बैठक में 18 जिले के एसएसपी और एसपी वीसी के माध्यम से हिस्सा लिया। जिनमें रांची, धनबाद, जमशेदपुर, बोकारो, चतरा, दुमका, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, खूंटी, लातेहार, पलामू, सरायकेला, चाईबासा, कोडरमा, रामगढ़ और सिमडेगा के एसपी-एसएसपी शामिल हुए।

बैठक के दौरान एसआरई फंड के तहत जिला पुलिस, सीआरपीएफ, एसएसबी, कोबरा, एसटीएफ, स्पेशल ब्रांच, एनआईए, सीबीआई, जैप, आईआरबी, एसआईआरबी में कितने चार पहिया और दो पहिया वाहन हैं, इन बिंदुओं पर चर्चा हुई। इसके अलावा एसआरई फंड स्कीम पर भी चर्चा की गई। पूछा गया कि एसआरआई फंड का इस्तेमाल कैसे हो रहा है। एडीजी अभियान को डीआइजी और जिले के एसपी ने एसआरआई फंड के बारे में पूरी जानकारी दी।

## कोयला मंत्रालय ने कोयला क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किया

# कोयला उद्योग में नवाचार और तकनीकी प्रगति करना उद्देश्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कोयला मंत्रालय ने देश के अंदर कोयला क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए इच्छुक संगठनों से प्रस्ताव आमंत्रित किया है। इस पहल का उद्देश्य कोयला उद्योग में नवाचार और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना है, जिससे बेहतर दक्षता, स्थिरता और पर्यावरणीय प्रभाव कम हो सके।

मंत्रालय ने कोयले की गुणवत्ता बढ़ाने, उत्सर्जन को कम करने और कोयले के वैकल्पिक उपयोगों की खोज सहित कोयला क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के लिए अनुसंधान और विकास की आवश्यकता पर बल दिया है। प्रस्तावों से कोयला लाभकारी, कोयला-से-तरल प्रौद्योगिकी, स्वच्छ कोयला प्रौद्योगिकियों और कोयला गैसीकरण जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है।

मंत्रालय ने कोयला और लिग्नाइट कंपनियों, अनुसंधान संस्थानों और प्रौद्योगिकी प्रदाताओं सहित इच्छुक संगठन कोयला मंत्रालय को अपने प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं। तकनीकी व्यवहार्यता, संभावित प्रभाव, मापनीयता और राष्ट्रीय ऊर्जा लक्ष्यों के साथ संरेखण सहित विभिन्न मानदंडों के आधार पर प्रस्तावों का मूल्यांकन किया जाएगा।

मंत्रालय ने कहा है कि कोयला क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने की पहल सतत विकास और ग्रीन-हाउस गैस उत्सर्जन को कम करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। यह कोयला उद्योग को एक स्वच्छ और अधिक पर्यावरण के अनुकूल क्षेत्र में बदलने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है।



प्राप्त प्रस्ताव न केवल कोयला क्षेत्र की दक्षता और पर्यावरणीय प्रदर्शन में सुधार करने में योगदान देंगे, बल्कि सरकारी एजेंसियों, अनुसंधान संस्थानों और उद्योग के खिलाड़ियों सहित विभिन्न हितधारकों के बीच सहयोग को भी बढ़ावा देंगे। अनुसंधान एवं विकास पहलों से नई तकनीकों और प्रथाओं के विकास की उम्मीद है जो कोयला उद्योग और पर्यावरण दोनों को लाभान्वित कर सकती है।

# वित्तीय खातों में गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए सीसीएल को किया गया पुरस्कृत

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एससीईसीएल में आयोजित कोल इंडिया लिमिटेड की 21वीं डीएफ कोओर्डिनेशन मिटिंग के दौरान सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड को वित्तीय वर्ष 2022-23 में वित्तीय खातों में गुणवत्तापूर्ण सुधार के लिए कोल इंडिया द्वारा पुरस्कृत किया गया। सीसीएल के निदेशक (वित्त) पीके मिश्रा तथा उनकी टीम ने यह पुरस्कार कोल इंडिया के प्रभारी निदेशक (वित्त) देवाशीष नंदा के हाथों ग्रहण किया। सीसीएल सीएमडी पीएम प्रसाद ने कंपनी के इस उपलब्धि के लिए वित्त विभाग के सभी कर्मियों को बधाई दी है।



निदेशक (वित्त) पीके मिश्रा ने इस उपलब्धि के लिए सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में कार्यरत विभिन्न विभाग के सभी कार्मिकों को श्रेय देते हुए कहा कि सीसीएल को सर्वश्रेष्ठ कंपनी बनाने की प्रक्रिया में हमें हर पहलू में सुधार की आवश्यकता है। इस दिशा में खाते की गुणवत्ता में सुधार और वित्तीय विवरण की प्रस्तुति बहुत महत्वपूर्ण है।

# कॉस्ट शेयरिंग नहीं करने के कारण आरओबी निर्माण योजना होगी डिलीट



प्रतिकात्मक तस्वीर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कॉस्ट शेयरिंग नहीं करने की वजह से सीसीएल के एलसी नं.10, 13 और 14 में स्वीकृत आरओबी और बीसीसीएल के रोड में स्वीकृत एलसी नंबर 2बी, इटी आरओबी निर्माण की योजना ठप हो सकती है। इन आरओबी को रेलवे की ओर से कॉस्ट शेयरिंग बेसिस पर स्वीकृत किया गया था। कॉस्ट शेयर झारखंड सरकार को करना था, लेकिन बाद झारखंड सरकार ने कॉस्ट शेयरिंग करने से इंकार कर दिया। इसके बाद रेलवे ने सीसीएल और बीसीसीएल से शेयरिंग के लिए अनुरोध किया, लेकिन अभी तक उधर से रेलवे को कोई सूचना नहीं दी गयी।

इधर, इन आरओबी के बारे में जानकारी पथ निर्माण सचिव ने अधिकारियों से हासिल की। रेलवे की ओर कहा गया कि अगर जल्द इस पर निर्णय नहीं लिया जायेगा तो इन योजनाओं को डिलिट कर दिया जायेगा और रेलवे के पिंक बुक में दर्ज कर दिया जायेगा। भविष्य में अगर कोई अनुशंसा फिर रेलवे को आरओबी की सीसीएल, बीसीसीएल से आयेगा तो फिर आगे वर्तमान आरओबी के निर्णय के आधार पर ही कार्रवाई की जायेगी। पूरे मामले पर पथ निर्माण विभाग ने फिर से कोल कंपनियों को पत्र लिखकर सूचित करने को कहा है।

# उपायुक्त ने भारत माला परियोजना के तहत चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को भारत माला परियोजना के अंतर्गत गोला-ओरमांझी सेक्शन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट डायरेक्टर भारत माला परियोजना अरविंद कुमार, अंचल अधिकारी ओरमांझी विजय केरकेट्टा, सड़क निर्माण कर रही कंपनी पीआरए इंडिया के अधिकारी, भारत माला कानूनगो केके वर्मा, सीपीएम मोहन मिश्रा, जीएम एनएचएआई और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा भारत माला परियोजना अंतर्गत गोला ओरमांझी सेक्शन के निरीक्षण के क्रम में सबसे पहले चारु मौजा पहुंचे। यहां उन्होंने सड़क निर्माण कार्य देख कर निर्माण कार्य को ससमय पूरा कराने के लिए प्रोजेक्ट डायरेक्टर भारत माला एवं संबंधित अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द कार्य पूरा होने की दिशा में कार्य करें।



## पर्यटन को बढ़ावा देने को रिसॉर्ट बनाने पर विचार

उपायुक्त श्री सिन्हा निरीक्षण के क्रम में गेतलसूद एवं रुक्का डैम भी गए। उन्होंने कहा कि यहां पर्यटन की असीम संभवनाएं हैं। यहां टूरिज्म कॉम्प्लेक्स (रिसॉर्ट) निर्माण करा कर पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। जो आस-पास के लोगों के लिए रोजगार सृजन में मदद करेगा। निरीक्षण के दौरान ओरमांझी के अंचल अधिकारी ने बताया कि 5 एकड़ भूमि रुक्का डैम में उपलब्ध कराया जा सकता है। जिसपर उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जल्द भूमि चयन करें ताकि निर्माण संबंधित प्रस्ताव सम्बंधित विभाग को भेज कर इसे शुरू करने की दिशा में कार्य किया जा सके।

चारु मौजा के जोबला में संबंधित अधिकारियों द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई कि निर्माण कार्य तेजी से कराया जा रहा है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने एनएचआई एवं अतरिक्त जिला भू-अर्जन पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य तेजी से करते हुए इसे ससमय पूरा करना सुनिश्चित करें एवं मुआवजा राशि का जल्द से जल्द भुगतान कराएं।

## रातू थाने की पुलिस के सामने पकड़े गये नाबालिग चोरों ने किया खुलासा

# रांची में है बच्चों को मोबाइल चोरी की ट्रेनिंग देने वाला चलता-फिरता स्कूल

कुबेर सिंह

**रांची।** पुलिस ने लंबे समय से शहर में मोबाइल चोरी कर आंतक मचाने वाले एक गिरोह छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। नाबालिगों को ट्रेनिंग देकर मोबाइल की चोरी कराई जाती थी। राजधानी रांची में इन दिनों मोबाइल फोन की चोरी आम हो गई है।

**मोबाइल चोरी के लिए दी जाती है ट्रेनिंग :** अक्सर देखा जाता है कि नाबालिगों द्वारा मोबाइल चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता है ताकि पकड़े जाने पर लोग इन मासूमों को बच्चा समझ छोड़ देते हैं, मगर क्या आपको पता है कि इन मासूम से दिखने वाले नाबालिगों का एक गैंग है, जो विशेष ट्रेनिंग लिये हुए होते हैं। इसका खुलासा रांची के रातू थाना पुलिस ने किया। पुलिस ने बताया कि जब उन्होंने गिरोह में शामिल एक नाबालिग मोबाइल चोर को पकड़ा तो उसने बताया कि रांची में कुछ लोगों के द्वारा उन्हें मोबाइल चोरी की ट्रेनिंग दी जाती है। साहेबगंज के तीन पहाड़ राजमहल में इन्हें ट्रेंनिंग के बाद ट्रेन द्वारा रांची लाया जाता है जहां ये नाबालिग काम में लग जाते हैं और एक नाबालिग 6 से 10 की संख्या में मोबाइल फोन की चोरी करते हैं। काम में लगाए जाने से पूर्व इनके अभिभावक को पैसे भी दिए जाते हैं।



**किराए पर रहते हैं मोबाइल चोर गिरोह के सदस्य :** पूछताछ में पता चला कि साहेबगंज, तालझाड़ी, महाराजपुर बंगाल के वर्द्धमान जिले के बरणपुर, हीरापुर के लोग इस गिरोह में शामिल हैं और इस गिरोह के लोग रांची के आसपास के मकानों में किराए पर रहते हैं और मोबाइल की चोरी करते हैं। जब मोबाइल की संख्या ज्यादा हो जाती है तब गिरोह का मुख्य व्यक्ति इसे लेकर साहेबगंज रवाना हो जाता है।

**सौंप देते हैं सरगना को :** गिरोह का सरगना भी है, जो सभी चोरी करनेवाले सदस्यों को मोबाइल फोन के बदले पैसा देता है। कम से कम 50 फोन जमा होने के बाद गिरोह के सदस्य अपने सरगना को सौंप देते हैं। 10 हजार रुपए की कीमत वाले मोबाइल फोन के एवज में 2000 और बीस हजार रुपए वाले मोबाइल फोन के बदले 5000 चोरी करने वाले को मिलता है। वहीं अगर 50,000 से ज्यादा के मोबाइल फोन चोरी करके लाते हैं तो उन्हें उसके एवज में 20 हजार रुपए और गिफ्ट भी दिया जाता है। गिरोह में एक दर्जन से अधिक सदस्य हैं, जो रांची के बाजार, दुकान, मॉल, टूरिस्ट स्पॉट में फैले हुए हैं।

**दूसरे राज्य में बेचते हैं मोबाइल :** तीन पहाड़ गिरोह द्वारा मोबाइल की चोरी कर उसे दूसरे राज्यों में बेच दिया जाता है। गिरफ्तार नाबालिग ने बताया कि इसी महीने कई सदस्य रांची आए हैं, जो सिटी के अलग-अलग इलाकों ठिकाना बनाए हुए हैं। उनसे चोरी के मोबाइल फोन ज्यादातर अपराधिक एक्टिविटी शामिल जैसे साइबर फ्राड, किडनैपर, लेवी वसूलने वाले अपराधी खरीदते हैं। इसके अलावा नेपाल और बांग्लादेश में भी चोरी के फोन को खपाया जाता है।

### गिरोह में शामिल हैं ज्यादातर नाबालिग

तीन पहाड़ गिरोह में ज्यादातर सदस्य नाबालिग हैं। महिलाएं भी गिरोह के लिए काम करती हैं। महिलाएं और बच्चे मॉल में लोगों के आसपास घूमकर उनकी पर्स और पॉकेट से मोबाइल गायब कर तुरंत उसे बाहर खड़े साथी को दे देते हैं। ऐसे में इस दौरान अगर किसी बच्चे को शक पर पकड़ा जाता था तब भी उनके पास से मोबाइल बरामद नहीं होता था। गिरोह के सभी सदस्यों को इसकी ट्रेनिंग दी जाती है। पकड़े जाने पर उन्हें क्या करना है यह भी बताया जाता है। किसी भी हाल में साथी के बारे में नहीं बताना गिरोह का रूल है, इसलिए कौन सदस्य कहां रह रहा है इसकी भी जानकारी ये लोग दूसरे से साझा नहीं करते।

# होटवार जेल में मोबाइल का उपयोग व्यवसायियों को मिल रही है धमकी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची। झारखंड की राजधानी रांची स्थित होटवार बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल में कुछ सजायाफ्ता कैदी मोबाइल-सेलफोन का धड़ल्ले से इस्तेमाल किया जा रहा है। जेल के अंदर से ही गुर्गो को संचालित किया जा रहा है और व्यवसायियों को धमकी देकर रंगदारी की मांग की जा रही है। रांची पुलिस की तकनीकी शाखा ने जांच के दौरान यह खुलासा किया है।

**एक ही सिम का इस्तेमाल 42 मोबाइल में किया गया :** जांच में खुलासा हुआ है कि सिम नंबर 8235064923 का उपयोग 42 मोबाइलों में किया गया जबकि मोबाइल नंबर 8234622139 का इस्तेमाल 25 मोबाइल में किया गया। रांची पुलिस ने सिम नंबर 8235064923 का भौतिक सत्यापन करना शुरू किया, तब यह बात सामने आयी कि यह सिम अनगड़ा थाना क्षेत्र के हेसल जारा निवासी सुधीर महली के नाम पर लिया गया है। जब पुलिस इनके पास पहुंची, तब इन्होंने कहा कि 8235064923 नंबर इनका नहीं है। फिर पुलिस ने इसकी जांच की। तब पता चला कि यह नंबर सुधीर महली के बहनोई राजू सिंह उपयोग कर रहे हैं, जो कि अपहरण के एक केस में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा में सजा काट रहे हैं। वहीं सिम नंबर 8603261277 की जांच में पता चला कि रांची के खरसीदाग ओपी के कुटियातू तेतरी निवासी सुनीता देवो के नाम से है, जब जांच शुरू की गई, इसमें सुनीता के पति सचिन्द्र लोहरा ने पुलिस को बताया कि उसका भाई मनीष को हत्या के केस में नामकुम थाना ने होटवार जेल भेजा था। जब सचिन्द्र उससे मिलने गया था तब उसने गोपनीय तरीके से यह सिम नंबर 8603261277 भाई को दे दिया था। मनीष उसी से फोन करता था।

**रांची पुलिस को 42 मोबाइल का मिला आइएमइआइ नंबर :** रांची पुलिस की जांच में यह खुलासा हुआ कि 8235064923 नंबर का इस्तेमाल में जिन मोबाइलों में किया गया था उसका आइएमइआइ नंबर निकालने ये नतीजे सामने आए हैं।

फोन का आइएमइआइ नंबर

35536609058284, 35616939509505, 35616939572956, 86525905681469, 35560911220888, 86882904843885, 35875545143555, 35561011220888 86379004328040, 86937203161610, 86379004329040,0 86437203161630 86882904422358 86379004318881, 35536709058284, 8688 3593839956968, 35256011437824, 35056194509505, 47335056194408815, 35616939408815, 86978303477823, 35792993279110, 35616939572979, 3523241150840, 86525005681468, 35560711464159, 35381770444303 35116147956068, 352324112018401 35081366279110, 86882904843884, 35616739509411, 869783034173222, 35762341443661, 35560711223848 35560811464159 35056194509411, 35625110840343, 86379004328727 35591611562992, 35375111155196, 35519669132544 3538177044923, 86379004328039 वाले फोन में किया गया था।

जेल से अपराधी रंगदारी की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में मुझे भी सूचना मिली है। इस संबंध में वरीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जांच कर रिपोर्ट सौंपे।

**अनूप बिरथरे, डीआइजी, रांची**

### लेक रोड में पारिवारिक विवाद में चली गोली

**रांची।** राजधानी रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र के लेक रोड में पारिवारिक विवाद को लेकर सोमवार की रात गोली चली। हलांकि इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। गोली चलने के बाद वहां अफरा तफरी मच गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली।

### हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार

**रांची।** कांके थाना पुलिस ने अरविंद उरांव हत्याकांड में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कृष्णा राम उर्फ लीलू और सुमित कुमार डोम शामिल है। पुलिस ने इनके पास से घटना में प्रयुक्त खून लगा पत्थर बरामद किया है।

# केंद्र को भेजा जायेगा रांची आउटर रिंग रोड का प्रस्ताव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रांची आउटर रिंग रोड निर्माण का प्रस्ताव लगभग तैयार हो गया है। पथ निर्माण विभाग इसका डीपीआर फाइनल करके जल्द ही भारत सरकार को स्वीकृति के लिए भेजेगा। विभागीय स्तर पर इसकी तैयारी जोरों पर चल रही है। रांची आउटर रिंग रोड करीब 195 किमी लंबा होगा। इसका सर्वे पूरा कर लिया गया है। यह एनएच 33 रांची-रामगढ़ रोड से शुरू होकर नेशनल हाइवे 75 के मांडर के पास जायेगी। यहां से उकरीद से दूसरा फेज एनएच 23 रांची-गुमला मार्ग से इटकी तक जायेगा। वहां से एनएव 75 एक्सटेंशन रांची-चाईबासा रोड पर कालामाटी के पास निकलेगा। फिर यहां से एनएच 33 रांची-टाटा रोड होते हुए अनगड़ा से एनएच 3 रांची-रामगढ़ मार्ग तक जायेगा। हाल में रांची आये केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के मंत्री नितिन गडकरी ने इस आउटर रिंग प्रोजेक्ट निर्माण कराने की घोषणा की थी। उन्होंने 5000 करोड़ रुपये की योजना की मंजूरी देने की बात कही थी। हालांकि, इंजीनियरों ने बताया कि 6000 करोड़ रुपये लागत आयेगी। एक किमी रोड में करीब 30 करोड़ खर्च होने का आकलन किया गया है।

जानकारी के अनुसार विभाग ने आउटर रिंग रोड निर्माण के लिए पूरी तैयारी कर लिया है, जल्द ही केंद्र के पास स्वीकृति के लिए अब भेजा जायेगा।

## पीएलएफआइ सुप्रीमो को लेकर खूंटी पहुंची एनआइए की टीम

# दिनेश गोप के रनिया बेस कैंप से मिला हथियारों का जखीरा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/खूंटी।** पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप की निशानदेही पर एनआइए ने बेस कैंप से हथियारों का जखीरा बरामद किया है। जखीरा बरामद करने में स्थानीय पुलिस की भूमिका भी अहम है। दिनेश गोप ने एनआईए की पूछताछ में उसने क्षेत्र में हथियार छुपाकर रखने की बात कबूली थी। दिनेश गोप के स्वीकारने के बाद एनआइए की टीम सशस्त्र पुलिस बल के साथ सोमवार को खूंटी के रनिया पहुंची और वहां से हथियारों का जखीरा बरामद किया। एनआईए टीम के साथ रनिया पुलिस और सीआरपीएफ की टुकड़ियां भी शामिल है।

गौरतलब है कि एनआईए नक्सली संगठन पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप उर्फ अमरजीत सिंह से लगातार पूछताछ कर रही है। उससे संगठन के बारे में अहम जानकारियां जुटा रही है। फिलहाल दिनेश गोप एनआईए के समक्ष कई राज खोल चुका है। एनआईए को पूछताछ में पता चला है कि दिनेश गोप ने तुपूदाना क्षेत्र में संपत्ति खरीदी है। वहीं कुछ कारोबारियों के साथ मिलकर इंडस्ट्रियल एरिया में उद्योग में भी निवेश किया है। तुपूदाना के कुछ होटलों और अपार्टमेंट में भी पैसे लगाए जाने की जानकारी पुलिस को मिली है। दिनेश गोप द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एनआईए ने जांच शुरू कर दी है। अगर उसकी संपत्ति की पुष्टि हो जाती है तो उसे जब्त कर लिया जाएगा। आपको बता दें कि 40 साल के दिनेश गोप को एनआईए ने 21 मई को नेपाल से गिरफ्तार किया था और वह 30 मई तक एनआईए की रिमांड पर है। दिनेश गोप खूंटी जिले के जरियागड़ थाना क्षेत्र के लापा महुआटोली का रहनेवाला है।

# फिर बढ़ सकता है पांच डिग्री से. तक अधिकतम तापमान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची में सोमवार को दोपहर बाद कई इलाकों में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार आज मंगलवार को भी रांची सहित कई इलाकों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। हवा की गति 30 से 40 किलो मीटर प्रति घंटा रह सकती है। हालांकि इसके बाद राजधानी सहित राज्य में फिर भीषण गर्मी बढ़ सकती है। तीन दिनों के बाद अधिकतम तापमान चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है।

मौसम विभाग ने पूवार्नुमान जताया है कि 31 मई या 1 जून को राजधानी का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास हो सकता है।

**मॉनसून आने तक मौसम में उतार-चढ़ाव :** रांची मौसम विभाग के अनुसार, मानसून आने तक मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। बंगाल की खाड़ी में दक्षिणी पश्चिमी मॉनसून की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। मॉनसून से पहले की गतिविधियां मौसम को प्रभावित करेंगी। राज्य के विभिन्न हिस्सों के मौसम में उतार-चढ़ाव होगा।

**बंगाल की खाड़ी में बन रहा शक्तिशाली चक्रवात :** बंगाल की खाड़ी में शक्तिशाली चक्रवात बन रहा है। मॉनसून के आने से पहले चक्रवात बना तो इसका असर झारखंड में भी दिखेगा। इसके कारण मानसून से पहले (प्री-मानसून) कहीं-कहीं जोरदार वर्षा होगी।

झारखण्ड सरकार


ध्यानार्थ !

सभी तम्बाकू विक्रेता

सभी तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि 18 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति को तम्बाकू पदार्थ या सिगरेट या किसी अन्य तम्बाकू उत्पाद का विक्रय, विक्रय करने की प्रस्थापना या विक्रय करने की अनुमति देना या पेश करना, सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन प्रदाय और वितरण का विनियमन, 2003 (COTPA) की धारा 6(a) एवं Juvenile Justice Act (Care and Protection of Children) 2015 की धारा 77, के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।

सभी तम्बाकू/तम्बाकू उत्पाद विक्रेता, तम्बाकू बिक्री स्थल पर नीचे दर्शाये गये बोर्ड (प्रारूप एवं मापदण्ड के अनुरूप) का प्रमुखता से प्रदर्शन करना सुनिश्चित करेंगे। उल्लघंनकर्ताओं पर दंडात्मक कार्रवाई की जायेगी।

फ्लैक्स/बोर्ड का प्रारूप निम्न प्रकार से है :-




अठारह वर्ष से कम आयु वाले व्यक्ति को तम्बाकू उत्पादों की बिक्री दंडनीय अपराध है

30 cm

60 cm

आज ही तम्बाकू की लत से अपने को आजाद करें।

कॉल करें- टॉल फ्री नंबर- 1800-11-2356, प्रातः 8 बजे से संध्या 8 बजे तक (सोमवार छोड़कर)

104

स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार

PRNO 298357 (Health Med Edu and Family Welfare) IPRD 23-24

## बैठक में नौ जिलाध्यक्षों की अनुमोदित सूची जारी की गयी

# झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस सशक्त होकर संगठन के लिए काम करे : राजेश ठाकुर

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कांग्रेस भवन में बैठक हुई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की मौजूद रहे। बैठक में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस कमिटी की अध्यक्ष नेटा डिजूसा ने 9 जिलाध्यक्षों की अनुमोदित सूची को जारी की तथा नवनियुक्त जिलाध्यक्षों (कोडरमा, पलामू, लोहरदगा, पूर्वी सिंहभूम, गिरिडीह, रांची महानगर, सरायकेला, जामताड़ा, गोड्डा) को नियुक्ति पत्र देकर शुभकामनाएं दीं। यह निर्देश दिया गया कि आप संगठन को मजबूत बनाते हुए महिला कांग्रेस कमिटी को अपनी कर्तव्यनिष्ठा से और अधिक बढ़ायेंगे और राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राष्ट्रीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष नेटा डिजूसा एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगी।



बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस और अधिक सशक्त होकर संगठन के लिए कार्य करे। जिला, प्रखंड, मंडल, पंचायत, बूथ एवं घर-घर पहुंचकर महिलाओं को पार्टी से जोड़ें। पार्टी की नीतियों एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बतायें तथा उनको लाभान्वित करें। पार्टी में महिलाएं जितनी अधिक जुड़ेंगी कांग्रेस पार्टी उतना ही मजबूत बनेगी।

प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष गुंजन सिंह के नेतृत्व में महिला कांग्रेस काफी सशक्त हो रही है। आने वाले चुनावों को देखते हुए महिला कांग्रेस की हर पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कमर कस लें और घर-घर पहुंचकर नई-नई महिलाओं को पार्टी से जोड़ें।

महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि आप लोगों की सक्रियता से पार्टी मजबूती होगी। उन्होंने जिला अध्यक्षों को निर्देश दिया है कि अपने-अपने जिलों में अधिवक्ता, डॉक्टर, सामाजिक संगठन के व्यक्तियों, सोशल मीडिया के अच्छे जानकारों को चिन्हित कर महिला कांग्रेस से जोड़ेंगे। साथ ही जिला, प्रखंड, वार्ड, पंचायत कमिटी का गठन कर प्रदेश कांग्रेस को यथाशीघ्र समर्पित करेने का काम करेंगे।

बैठक में पिंकी सिंह, पूजा कुमारी, पुनीता चौधरी, निलम सहाय, अनीता सिन्हा, रेखा सांगा, सबिता राय, अमृता भगत,संगीता तिर्की, अनिता देवी, पर्वती सिंह, किरण देवी, सीमा सीता एक्का, बेबी भगत, आरती देवी, दुर्गा शर्मा, अजंता समद, प्रिय सिंह, इन्दुलेख भगत, सीमा प्रवीण, नीतू देवी, आरती देवी में सहित अन्य महिलाएं शामिल थी।

अन्य खबरें पेज 8 पर भी

# राज्य के सरकारी स्कूलों की समय सारिणी में होगा बदलाव

## स्कूली शिक्षा सचिव की बैठक में झारखंड प्रदेश संयुक्त मोर्चा ने रखी शिक्षकों की समस्याएं

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड में सरकारी संचालित स्कूलों का टाइम टेबल बदलेगा। समय में परिवर्तन करने पर शिक्षा सचिव और झारखंड प्रदेश संयुक्त मोर्चा के बीच सहमति बनी। सचिव की बुलाई बैठक में शामिल होकर मोर्चा के पदधारियों ने शिक्षकों की समस्याओं को रखा। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के प्रशासी पदाधिकारी जयंत मिश्रा के आमंत्रण पर मोर्चा के सदस्य सोमवार को शिक्षा सचिव के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित बैठक में शामिल हुए। उक्त बैठक में विद्यालय की समय सारणी के अनुरूप वार्षिक कैलेंडर के निर्माण पर शिक्षक प्रतिनिधियों की राय पर सहमति बनी। बैठक में विद्यालय की समय सारणी और वार्षिक कैलेंडर पर चर्चा हुई। तय हुआ कि स्कूल का प्रातः कालीन समय पूर्वाह्न 7 बजे से अपराह्न 1 बजे तक होगा। दीवाकाल में पूर्वाह्न 9 बजे से अपराह्न 3 बजे तक ही विद्यालय का संचालन किया जाएगा। सप्ताह में 2 दिन दो लगातार पीरियड में खेल की घंटी आयोजित की जायेगी। प्रत्येक शनिवार को विद्यालय स्तर पर बैग लेश डे के रूप में संचालित किया जा सकता है। मध्या? भोजन का समय प्रातःकालीन विद्यालय में 10.20 बजे और दिवाकालीन में 12.20 बजे निर्धारित किया गया है। सचिव ने राज्य के माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विकास कोष की राशि से स्वच्छ पेयजल व्यवस्था अथवा अन्य विकास के कार्य कराने के निर्देश दिए। मोर्चा द्वारा राज्य के मध्य विद्यालयों में विकास कोष की राशि बढ़ाने की मांग की गई।

सचिव ने इस पर अपनी सहमति जताते हुए विकास कोष की राशि बढ़ाने की बात कही। ई विद्यावाहिनी के नए वर्जन 2.2.6 में मैनुअल व्यवस्था को पुनः बहाल करने की मांग पर सचिव ने असहमति जताई। फलस्वरूप मोर्चा ने विभाग को उच्च न्यायालय के अधिवक्ता के माध्यम से लीगल नोटिस भेजने का निर्णय लिया है। मोर्चा का कहना है कि जेईपीसी निदेशक द्वारा 13 अप्रैल, 2023 का जारी आदेश झारखंड आधार आधारित बायोमेट्रिक नियमावली-2015 के नियमों का उल्लंघन है। उक्त आदेश नियमावली के अनुरूप विभागीय क्षेत्राधिकार के बाहर है।

बैठक में सचिव के रवि कुमार, प्रशासी पदाधिकारी जयंत मिश्रा, उप निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) शिवेंद्र कुमार, झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के संयोजक विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद, प्रदेश मीडिया प्रभारी अरुण कुमार दास, अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष अनूप केसरी, वीनू विनीता, मिताली सरकार, बेतूल सहित कई शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# डीएसपीएमयू के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के 24 विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** डीएसपीएमयू के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट विभाग के 24 छात्रों का चयन बेंगलुरु स्थित मल्टीनेशनल बायमोर कंपनी तथा आईसीआईसीआई प्रुडेंसियल में हुआ। 7 छात्र-छात्राओं 3 लाख रुपए प्रति वर्ष की सैलरी ऑफर की गई है। सभी छात्र एमबीए फाइनल सेमेस्टर के हैं। विभाग के 4 बीबीए फाईनल ईयर के एवं 13 एमबीए फाईनल ईयर के छात्रों का प्लेसमेंट आईसीआईसीआई प्रुडेंसियल कंपनी में हुआ, इन्हें भी 3 लाख प्रति वर्ष की सैलरी ऑफर की गई है। बायमोर बेंगलुरु में सोनी कुमारी, लकी विजेता, जहनी सरफराज, गौरव कुमार सिंह, स्वदेश भारद्वाज, अंजली कुमारी, निधि कुमारी का चयन हुआ जबकि आईसीआईसीआई प्रुडेंसियल में कौशिक दत्ता, श्रीति प्रभा, स्वदेश भारद्वाज, निरंजन कुमार, स्वेता कुमारी, स्वेताभ कुमार, सौम्य सुरभि, मुस्कान जरिका, सोनी कुमारी, नितेश कुमार बेहरा, निधि कुमारी,लकी विजेता, स्वेता कुमारी, रोहन कुमार, मौपर्णा चक्रबोर्ती, दीप्ति कुमारी, अनजानी शर्मा, गौरव कुमार सिंह का फाइनल सिलेक्शन हुआ। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट विभाग के डायरेक्टर डॉ अशोक कुमार नाग ने सभी छात्र छात्राओं को कॉल लेटर सौंपा। इस अवसर पर डॉ अशोक नाग ने सभी प्लेसमेंट प्राप्त छात्र छात्राओं को बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर प्लेसमेंट इंचार्ज विक्रांत कुमार रवि, अनन्या प्रिया, उद्धव टोप्पो मौजूद थे। डॉ अशोक कुमार नाग ने बताया कि इसके बाद आईडीएफसी, पैंटालून रिटेल, मैक्स फैशन, बजाज एलांयज समेत अन्य कंपनियां प्लेसमेंट के लिए आएंगी। उल्लेखनीय है की 2023 में ही बीबीए/एमबीए/एमएचए के 85 छात्र छात्राओं का प्लेसमेंट विभिन्न कंपनियों में हो चुका है।

# हज यात्री कोलकाता के लिए हुए रवाना, एक को जायेंगे जद्दा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हज के लिए रांची से हज यात्रियों की कोलकाता रवानगी शुरू हो गयी। कोलकाता से एक जून को पहला जत्था विमान से जद्दा के लिए रवाना होगा। झारखंड हज कमिटी के चेयरमैन इरफान अंसारी ने सोमवार को हज यात्रियों को रांची रेलवे स्टेशन से रवाना किया। यात्रियों को रवाना करते हुए अंसारी ने खुशी जताया और कहा कि हज 2023 के लिए झारखंड से यात्रियों की कोलकाता जाना शुरू हुआ। रांची हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस से राज्य सरकार ने यात्रियों को भेजने का प्रबंध किया है। सोमवार की सुबह 5:40 में हज यात्रियों को चेयरमैन इरफान अंसारी ने कोलकाता के लिए विदा किया। कोलकाता से 1 जून को आजमीन ए हज की फ्लाइट कोलकाता से जद्दा के लिए रवाना हो जायेंगे। हज यात्रियों को रवाना करने के बाद डॉक्टर इरफान अंसारी ने एक बार फिर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हज यात्रा 2023 में केंद्र सरकार के इशारे पर सेंट्रल हज कमेटी ने ब्रेकर लगाने की नाकामयाब कोशिश की थी। लेकिन वे उसमें सफल नहीं हो पाए और हजारों आजमीन ए हज की दुवाओं की बदौलत उन्हें कोलकाता भेज पाने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि कमेटी को यह कहना चाहूंगा कि अल्पसंख्यक होना पाप नहीं है और देश के रेवेन्यू में हज यात्रा एक अहम किरदार अदा करती है।

हज में जाने वाले भाइयों की तरफ से ही लाखों लाख रुपए सरकार को ही जा रहे हैं उसके बावजूद अगर मदद नहीं की जाएगी तो यह नाइंसाफी है। क्योंकि अगर केंद्र सरकार सोच रही है कि बहुत दिनों तक उनकी सरकार चलेगी तो ऐसा नहीं होने जा रहा क्योंकि कई सरकारें आई और चली गई लेकिन जो दुआ लिया है वही स्थिर रहा है।

## सरना प्रार्थना सभा सह मिलन समारोह चार जून को, तैयारी पूरी

**रांची।** केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति और हेसल सरना समिति के संयुक्त तत्वावधान में सरना प्रार्थना सभा सह मिलन समारोह का आयोजन 4 जून को होगा। आयोजन की तैयारी पूरी हो चुकी है। सोमवार को इस विषय को लेकर रांची के डैम पार्क कांके रोड में बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप एवं संचालन भानू उरांव ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने कहा कि सरना प्रार्थना सभा सह मिलन समारोह पहले 14 मई 2023 को मनाने का निर्णय हुआ था। लेकिन उस दिन समिति के अभिभावक व मार्गदर्शक डा. करमा उरांव का निधन हो जाने के कारण कार्यक्रम को रद्द करना पड़ा था। पुनः इसी कार्यक्रम को चार जून को सरना प्रार्थना सभा सह मिलन समारोह, हेसल जतरा टांड, पिस्का मोड़ रांची में करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से सती तिर्की, अनिता उरांव, अनीमा खड़िया, मंगल उरांव, कुईली उरांव, बसंती कुजूर, भानू उरांव , शोभा तिर्की, सिम्पी कुजूर, सीटीओ उरांव, अन्नु मुंडा, तिर्की सहित अन्य उपस्थित थे।

# प्रभातफेरी के साथ माहेश्वरी सभा का 8 दिनी महेशनवमी महोत्सव संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** वंशोत्पति दिवस के मौके पर सोमवार की सुबह 7 बजे माहेश्वरी भवन प्रभातफेरी शोभायात्रा से निकाली गई। शोभा यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होकर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में आरती के पश्चात समाप्त हुई। मुकेश काबरा, मनोज काबरा, मनोज कल्याणी, विभोर डागा, संजय काबरा आदि भजन गायकों के साथ भजन कीर्तन एवं भगवान महेश के जयकारे के साथ शोभायात्रा का स्वागत समाज को लोगों ने अपने अपने घरों के आगे किया। शोभायात्रा के दौरान ट्रैक्टर में विराजमान भगवान महेश की विशाल प्रतिमा की आरती पूजन की गयी। इस दौरान अरविंद सोमानी सपत्नीक और महेश भाला सपत्नीक समाज द्वारा स्थापित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर स्थित शिवालय में भगवान महेश का रुद्राभिषेक एवं हवन किया। शोभायात्रा के बाद प्रसाद स्वरूप अल्पाहार की व्यवस्थाकी गई थी। शोभायात्रा में प्रदेश अध्यक्ष राज कुमार मारु, शिव शंकर साबू, अनिल कुमार साबू, संगीता चितलांगिया, किशन कुमार साबू, नरेन्द्र लाखोटिया, भारती चितलांगिया, बिमला फलौड़, विनय मंत्री, हेमंत माहेश्वरी, मनमोहन मोहता ,बंसत लाखोटिया, चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री,पूर्व अध्यक्ष दीपक मारु, परेश गप्तानी, जयकिशन गप्तानी, बजरंग लाल सोमानी, पवन मंत्री, उमाशंकर पेड़ीवाल, हर्षित चितलांगिया, प्रभात साबू, राजेश सोमानी, श्याम बिहानी ,विपीन भाला, दिनेश काबरा,अशोक साबू,अमित मालपानी, राजा मालपानी,हिमांशु चितलांगिया,अंकित काबरा, धीरेंद्र राठी, निधि बिहानी, कुमुद लखोटिया के साथ सुमन चितलांगियारेनू फलोर, विजयश्री साबू, शिखा बिड़ला, शशि डागा,अनीता साबू, विनीता बिहानी ,रंजू मालपानी, सीमा मालपानी, ममता डागा, उषा डागा, शारदा लड्ढा, रेखा माहेश्वरी, सरोज राठी मनीषा साबू,सुमन बाहेती, रितिका सारडा, सरिता चितलांगिया, सरिता लखोटिया,रेखा कल्याणी, सरला चितलांगिया, विनीता चितलांगिया, अंजना गप्तानी, मीडिया प्रभारी रश्मि मालपानी के साथ समाज के सभी सदस्यों का योगदान रहा। श्वेता माहेश्वरी द्वारा देर शाम माहेश्वरी भवन में जिन्दगी के चौरास्ते के कार्यक्रम में ओडियो विजुअल के माध्यम से वैवाहिक जीवन के बाद भी होने वाले प्रेम संबंध एवं विवाह बिच्छेद जैसे विषय को कहानी के माध्यम से समाज जनों के विचार एवं उसका समाजिक समाधान बताया गया।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने चैंबर भवन में जागरूकता शिविर लगाया

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा सोमवार को चैंबर भवन में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में निगम के क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन ने कहा कि नियोक्ता हमारे मुख्य स्टेकहोल्डर्स हैं। नियोक्ता केवल अपना कंट्रीब्यूशन जमा करने तक सीमित नहीं रहें, उनके कर्मचारियों को उनका लाभ मिल रहा है या नहीं, इसकी भी समीक्षा करें। नये कामगारों को निबंधन के दौरान ही आधार सीडिंग कराने को भी कहा। शिविर में उपस्थित नियोक्ताओं ने अपनी समस्या से भी अवगत कराया, जिसका अधिकारियों ने त्वरित समाधान के लिए आश्वस्त किया।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सभी नियोक्ताओं से इसका लाभ लेने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि कई नियोक्ताओं के बीच यह संशय बना रहता है कि वे एक अतिरिक्त विभाग से जुडें कि नहीं, इस संशय को दूर करने के लिए निगम द्वारा जागरूकता कार्यक्रमों का अनिवार्य आयोजन जरूरी है। मौके पर निगम के सहायक निदेशक अभिषेक कुमार ने बताया कि 20 मार्च 2020 से 23 मार्च 2022 के बीच में कोविड के कारण किसी बीमित व्यक्ति का निधन हुआ हो तो उनका क्लेम सेटलमेंट अभी भी की जा सकती है। यदि किन्हीं नियोक्ता के कर्मचारी का निधन इस अवधि के बीच हुआ हो तो वे निगम के कार्यालय में अभी भी क्लेम सेटलमेंट का आवेदन दे सकते हैं।

चैंबर के प्रमोद सारस्वत ने नामकोम स्थित 200 बेड के अस्पताल को जल्द चालू करने और शहर के बीच में डिस्पेंसरी खोलने को आवश्यक बताया।

शिविर में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, महासचिव डॉ अभिषेक रामाधीन, सह सचिव शैलेष अग्रवाल, श्रम एवं मापतौल उप समिति चेयरमेन प्रमोद सारस्वत, सदस्य प्रेमचंद श्रीवास्तव, अमित किशोर, किशन अग्रवाल, मुकेश पाण्डेय, शषांक भारद्वाज, राजीव चौधरी, मुकेश कुमार, अमित कुमार, विषाल पाल, नितेष शारडा, सिद्धार्थ जालान, एमके सिन्हा, वरूण अग्रवाल के अलावा निगम के उप निदेशक, शिवेंद्र कुमार, पदाधिकारी अनिल चौधरी, नवीन कुमार, सुजीत कुमार, रमेष कुमार, निर्भय सिंह, विवेक राज, फिल्ड अफसर देवेंद्र तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# सरला बिरला विवि से पास आउट 230 छात्र-छात्राओं का फाइनल प्लेसमेंट

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के 2023 बैच के पास आउट 230 छात्रों का विभिन्न नामचीन कंपनियों में प्लेसमेंट हो चुका है। एमबीए, एम.कॉम, डिप्लोमा-मैकेनिकल एंड ट्रिपलई के छात्रों का शत प्रतिशत प्लेसमेंट हो चुका है। बी टेक-मैकेनिक के छात्रों का पचासी परसेंट प्लेसमेंट हो चुका है। शेष बचे हुए अन्य ब्रांच के छात्रों के प्लेसमेंट की प्रक्रिया जारी है। यहां एमबीए के छात्रों का उच्चतम पैकेज 9 लाख रुपए प्रतिवर्ष रहा, जबकि बीबीए- बी-कॉम के छात्रों का 7.2 लाख रूपए प्रतिवर्ष रहा। इस वर्ष बी-टेक छात्र का हाईएस्ट पैकेज 7.6 लाख प्रतिवर्ष पर चयन किया गया है।

### इस वर्ष का औसतन पैकेज 4.5 लाख रुपये रहा

विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग और प्लेसमेंट के डीन हरी बाबू शुक्ला ने बताया कि अभी तक सरला बिरला विश्वविद्यालय के साथ 120 से अधिक कंपनियां प्लेसमेंट प्रक्रिया में शामिल हुए हैं। 20 से अधिक कंपनियों के साथ प्लेसमेंट ड्राइव की बात चल रही है।

प्लेसमेंट देनेवाली नामचीन कंपनियां एचयूएल, टीसीएस, विप्रो, बायजुस, गोदरेज एंड बायस, जेनपैक्ट, कोटक महिन्द्रा बैंक, बन्धन बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, ऐक्सिस बैंक, डीएसपी म्यूचुअल फंड, कैपिटल वाया फिन टेक पीवीटी, टाटा एआईजी, एक्साइड इंडस्ट्रीज, ग्रासिम बिरला पेंट्स, माप माय इंडिया, आईसीआईसीआई लॉमबर्ड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, एलाइट सॉल्यूशन, महिंद्रा हॉलीडेज, कोटक महिन्द्रा लाइफ इंश्योरेंस, कैपेस साफ्टवेयर पीवीटी एलटीडी, आलोहा टेक्नोलॉजी, फ्यूचरेंस टेक्नोलॉजी, कोलाबेरा, एसेंशन, बजाज आलियांज, एडेक्वो, कैशफॉर माइक्रो क्रेडिट, वरुण बेवरेंज, नाथकॉर्प्स, डैटालॉजिक इंडिया लिमिटेड में बड़े पैमाने पर एसबीयू के छात्रों का चयन हुआ है। विवि प्रबंधन ने कहा है कि वर्ष 2023 के पासआउट छात्र जिनका अभी तक प्लेसमेंट नहीं हुआ है। उनके लिए कई नामचीन कंपनियों के साथ प्लेसमेंट की प्रक्रिया जारी है।

### वीसी और सीइओ ने की प्लेसमेंट सेल के प्रयासों की सराहना

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के प्रयासों की सराहना की। छात्र-छात्राओं की उपलब्धि पर उन्हें शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सरला बिरला विश्वविद्यालय अपने यहां अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के उचित एवं कौशलयुक्त शिक्षा के साथ-साथ रोजगार प्रदान करने की दिशा में कटिबद्ध है। वहीं, विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने सरला बिरला विश्वविद्यालय के छात्रों की सफलता पर उन्हें शुभकामनाएं देते हुए विश्वविद्यालय शैक्षिक प्रबंधन के साथ-साथ ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल के कार्यों की सराहना की है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रबंधक अजय कुमार, प्रवीण कुमार, डॉ नीलिमा पाठक, डॉ संदीप कुमार, प्रो एसबी दंडिन, डॉ अशोक कुमार अस्थाना, डॉ सुबानी बाड़ा, प्रो अमित गुप्ता, डॉ पूजा मिश्रा, डॉ पार्थ पॉल, प्रो आदित्य विक्रम वर्मा, डॉ भारद्वाज शुक्ल, अनुभव अंकित, आदित्य रंजन, सुभाष नारायण शाहदेव सहित विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, प्राध्यापकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्रों को शुभकामनाएं दी है।

# सिंदूर दान के बाद 51 हजार रु. को लेकर मंडप में बवाल

## जेएससीए स्टेडियम में 251 कुंवारी कन्याओं का विवाह का मामला

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** शक्ति सेवा संस्था के तत्वावधान में सोमवार को जेएससीए स्टेडियम में गरीब कन्याओं के 251 जोड़ों का परिणय सूत्र कार्यक्रम कराया जा रहा था। इस समारोह में राज्यभर के लोग शादी करने के लिए पहुंचे थे। इसके पूर्व संस्था के द्वारा जोड़ियों को नथुनी, कान की बाली, 20 हजार से लेकर 51 हजार रूपए देने की बात कही गई थी। रजिस्ट्रेशन के लिए वर और वधु पक्ष से 1100 और 2100 रूपए भी लिये गए थे। जेएससीए स्टेडियम में दोपहर 12 बजे से ही शादी वाले जोड़ों की भीड़ बढ़ने लगी। सभी ने इच्छानुसार एक दूसरे को पसंद कर शादी भी रचाई। वधु ने वर को जयमाल भी पहनाया और वर ने वधु का सिंदूर भी दान किया। जब सारी रस्में पूरी हो गईं तो संस्था के लोगों ने कन्नी काटनी शुरू कर दी। उनलोगों को बताया गया था कि शादी के बाद उन्हें सामान समेत नगद राशि भी प्रदान की जाएगी। जब राशि की मांग की जाने लगी तो लोगों ने इनकार कर दिया। इनकार करने की वजह से मंडप रणक्षेत्र में बदल गया। संस्था के लोगों के द्वारा न तो शराती और न बाराती के लिए भोजन की व्यवस्था की गई थी। बच्चे भी भूख से बिल बिला रहे थे। देर शाम जब बच्चों को भूख बर्दाश्त नहीं हुआ तो वहां मौजूद बुद्विजीवियों ने बच्चों को केवल पूड़ी वगैरह का प्रबंध करा दिया। देर रात तक वहां हंगामा जारी था। कहा जा रहा है कि जिन जोड़ों की शादी की गई, उन जोड़ों का पूर्व में ही विवाह हो चुका था। वे लोग सामान और पैसे की लालच में ही रजिस्ट्रेशन करवाया था।

# प्रशस्त एप में रजिस्ट्रेशन एवं सर्वे के कार्य में शिथिलता बरतने पर नपे डीइओ

## जेइपीसी ने राज्य के सभी शिक्षा पदाधिकारियों को किया शोकॉज, आदेश जारी

## दिव्यांग बच्चों के चिन्हिकरण कार्य में शिथिलता बरतने पर स्पष्टीकरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् के प्रशासी पदाधिकारी जयंत कुमार मिश्र ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र भेजा है। इनसे प्रशस्त ऐप के माध्यम से दिव्यांग बच्चों के चिन्हिकरण कार्य में शिथिलता बरतने पर स्पष्टीकरण पूछा गया है। पत्र में कहा गया है कि 5 और 6 जनवरी को राज्य स्तर पर सभी जिलों के मास्टर ट्रेनर का एक दिवसीय उन्मुखीकरण के क्रम में आपके जिला के समावेशी शिक्षा प्रभारी सह नोडल पदाधिकारी प्रशस्त ऐप, एक प्रधानाध्यापक, एक रिसोर्स शिक्षक और एक सॉफ्टवेयर ट्रेनर (पीएमयू सेल) प्रशिक्षित किए गए। प्रशिक्षण के बाद जिलों को निर्देशित किया गया था कि वहां के सभी विद्यालय के प्रधानाध्यपक, शिक्षक और रिसोर्स शिक्षक/थेरेपिस्ट को प्रशिक्षित कर दिव्यांग बच्चों के चिन्हीकरण का कार्य प्रारम्भ किया जाए।

चार माह के बाद भी रांची और कोडरमा जिले द्वारा अबतक प्रशिक्षण का कार्य नहीं किया गया है। शेष जिलों में प्रशस्त ऐप में रजिस्ट्रेशन एवं सर्वे के कार्य में शिथिलता बरती जा रही है। प्रशासी पदाधिकारी ने कहा है कि स्पष्ट करें कि किन परिस्थितियों में प्रशस्त ऐप के माध्यम से दिव्यांग बच्चों के चिन्हीकरण के कार्य में शिथिलता बरती जा रही है।

# नीतेश यादव को बिहार-झारखंड की कमान

## 70 से अधिक बड़े नक्सल हमले का है आरोपी है नीतेश यादव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/पलामू।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी ने झारखंड-बिहार सीमा क्षेत्रों की कमान नितेश यादव को सौंपा है। नितेश यादव को माओवादियों ने स्टेट एरिया कमिटी का सदस्य बनाया है। पूर्व में नितेश यादव माओवादियों का जोनल कमांडर था। नितेश यादव पर 15 लाख रूपए का इनाम झारखंड सरकार ने घोषित किया है। तीन अप्रैल को चतरा के लावालौंग में हुए मुठभेड़ में छकरबंधा का कमान संभालने वाले गौतम पासवान, टेक्निकल एक्सपर्ट अजित उर्फ चार्लीस समेत पांच कमांडर मारे गए थे। इसके कुछ ही दिनों के बाद छकरबंधा के इलाके का एक और माओवादी कमांडर इंदल गंझू ने अपने दस्ते के साथ आत्मसमर्पण कर दिया था। इंदल गंझू के आत्मसमर्पण के बाद छकरबंधा के इलाके में माओवादी नया कमांडर की तलाश चल रही थी। इसके बाद माओवादियों ने नितेश यादव को छकरबंधा का नया कमांडर बनाया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने हाई अलर्ट जारी किया है। स्पेशल ब्रांच की टीम नितेश यादव से जुड़े सभी लिंक को खंगाला जा रहा है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि नितेश यादव के बारे में जानकारी मिली है कि वह लंबे समय तक छकरबंधा के इलाके में सक्रिय रहा है।

### कौन है नितेश यादव

नितेश यादव बिहार गया के मैगरा थाना क्षेत्र तरवाडीह का रहने वाला है। नितेश यादव अपने साथ हर वक्त एके-56 रखता है और उसके पास इजराइली हथियार एम-16 भी है। सुरक्षा एजेंसी के अनुसार वह पिछले 15 वर्षों से माओवादी संगठन में सक्रिय है। 2011-12 में पलामू चतरा सीमा पर लकड़बंधा में माओवादियों के 10 टॉप कमांडर को टीएपीसीसी ने मार गिराया था जबकि 25 का अपहरण कर लिया था। इस घटना में नितेश यादव बच कर निकल गया था। माओवादियों ने इसका बदला लेने की जिम्मेवारी नितेश यादव को सौंपी थी। 2013 में पलामू के बिश्रामपुर थाना क्षेत्र के कौड़िया में माओवादियों ने नितेश यादव के ही नेतृत्व में हमला किया था और टीएसपीसी के 15 सदस्यों को मार गिराया था।

इस हमले का प्लान और कार्रवाई नितेश यादव ने किया था। नितेश यादव पर झारखंड और बिहार में 70 से भी अधिक नक्सल हमले करने का आरोप है। नितेश यादव पर पलामू, चतरा, लातेहार के साथ-साथ बिहार के गया और औरंगाबाद में एफआईआर दर्ज है। पलामू पुलिस ने हाल के दिनों में ही नितेश यादव के घर को कुर्क किया है।

स्पीड न्यूज

## मांडरः ऑटो पलटने से चालक की मौत

**मांडर।** थाना क्षेत्र के नारो ग्राम निवासी 17 वर्षीय सुनील तिर्की की ऑटो के पलट जाने से दब कर मृत्यु हो गई। घटना लगभग सुबह चार बजे की बताई जाती है। सुनील अपने घर से ऑटो लेकर निकला ही था कि रास्ते में ऑटो असंतुलित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गईए ऑटो से दबकर सुनील की मौत हो गई। मांडर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है।

## पिठोरिया में मिला दुर्लभ प्रजाति का सफेद सांप

**पिठोरिया।** पिठोरिया थाना क्षेत्र में एक सफेद रंग के दुर्लभ प्रजाति का सांप मिलने से पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। गौरतलब है कि जिला में पहली बार मिले दुर्लभ सफेद सांप दस लाख सांपो में एक मिलता है। इसका नाम कॉमन करैत है, लेकिन इसके सफेद होने के कारण इसे एल्बिनो करैत के नाम से जाना जाता है। इसकी लंबाई 70 सेमी है। इसमें न्यूरोटॉक्सिक वेनम होता है। इसके काटने के बाद मौत निश्चित होती है, अगर इलाज न किया जाए तब। सोमवार को सर्प मित्र शुभम कुमार एवं उमा कुमार द्वारा इस सांप का रेस्क्यू रांची जिला के पिठोरिया थाना के कोनकी गांव से ग्रामीणों की सूचना पर किया गया। इसे पतरातू के जंगल में छोड़ दिया गया।

## इलाज के क्रम में घायल व्यक्ति की मौत

**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत चारलु रामपुर निवासी लखीचरण मुंडा की सिंहपुर अस्पताल में रविवार को इलाज के क्रम में मौत हो गई। इस संबंध में मृतक की पत्नी सरिता देवी के शिकायत पर सिल्ली थाना में यूडी केस दर्ज की गई है । जिसमें उन्होंने कहा है कि बीते शुक्रवार शाम 8 बजे मेरे पति बाइक से मेरे देवर सुखराम मुंडा के साथ सिल्ली से घर वापस लौट रहे थे। इसी क्रम में मुरी गोला पथ कुसुमटिकरा के समीप विपरीत दिशा से आ रही वाहन के लाइट से चकमा खा जाने से असंतुलित होकर सड़क किनारे गिरे पड़े। स्थानीय प्रशासन के सहयोग से गंभीर अवस्था में मुरी सिंगपुर नर्सिंग भर्ती कराया गया। इलाज के क्रम में रविवार को देर रात उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

## उमेडंडा संकुल समूह सहित घरों में चोरी

**बुढ़मू।** प्रखंड क्षेत्र के उमेडंडा संकुल आजीविका समूह के कार्यालय समेत आसपास के घरों में सोमवार रात्रि में चोरी की वारदात को अज्ञात चोरों ने दिया है। उक्त घटना की जानकारी पुलिस और प्रमुख को दी गई। प्रमुख सत्य नारायण मुंडा, आजीविका समूह की दीदी और थाना प्रभारी कमलेश राय दल बल घटनास्थल पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। घटना में चोरो ने कंप्यूटर सेट, जेराक्स मशीन, चांदी के गहने और कांसा, पीतल के सामान और मोबाइल की चोरी की है। समूह के कार्यालय समेत अन्य घरो में चोरी किया गया है। चोरी किए गए मोबाइल के लाईब लोकेशन के आधार पर पुलिस मामले पर छानबीन एवं पुछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार जल्द चोर पुलिस के पकड़ में होगा।

# हिंदू हों या मुसलमान, कट्टरपंथियों से रहें सावधान : मंत्री बन्ना गुप्ता

### इरबा में बुनकर संवाद कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** भारत देश को कट्टरपंथियों से खतरा है। हिंदू हो या मुस्लमान कट्टरपंथियों से सावधान रहने की जरूरत है। उक्त बाते राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कही। सोमवार को अब्दुर्रज्जाक अंसारी हैंडलूम कॉम्प्लेक्स इरबा में आयोजित बुनकर संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। दी छोटानागपुर हैंडलूम एंड खादी वीवर्स को-ऑपरेटिव यूनियन इरबा रांची के अध्यक्ष अनवार अहमद अंसारी की अध्यक्षता में आयोजन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि सांसद सह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्याक विभाग) के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के साथ उपस्थित मंत्री बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, विधायक राजेश कच्छप, अंबा प्रसाद, डॉ इरफान अंसारी, पूर्व मंत्री सुबोधकांत सहाय व बंधु तिर्की सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सुफी संत व महात्मा वाले देश भारत में किसी की आचरण पर अंगुली उठाना गलत नहीं है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी को मुसलमान ने गोली नहीं मारी थी। गांधी को गोली मारने वाला आज सत्ता में काबिज है। वहीं मुख्य अतिथि इमरान प्रतापगढ़ी ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा रोजगार देने वालों में किसान के बाद बुनकर ही हैं। सरकार ने एक साजिश के तहत धागों से जिश्म में लिबास देने वाले बुनकरों को कुचलने का कार्य किया है। उन्होंने बुनकरों से अपने हक व अधिकर के लिए लड़ने का अहवान किया और कहा कि बुनकारों के एक प्रतिनिधि मंडल को राहुल गांधी से मिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्याक विभाग में जैन व सिख को शामिल कर मैने अल्पसंख्यक सिर्फ मुस्लमान ही हैं की मिथक को तोड़ने का कार्य किया है। इसके अलावा उन्होंने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की जिक्र किया और कहा कि भाजपा की टोल आर्मी द्वारा राहुल गांधी को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने मॉबलिंचिग के संबंध में कहा कि लिंचिंग सिर्फ मुस्लमान का मामला नहीं है। यह राजनीति से प्रेरित होता है। लिंचिंग में अमीर नहीं सिर्फ गरीब मारे जाते हैं, जिसे रोकना जरूरी है।


कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्वागत करते लोग।

### कार्यक्रम में थे शामिल

कार्यक्रम में पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख, पूर्व कैबिनेट मंत्री सुबोधकांत सहाय, पूर्व शिक्षा मंत्री बंधु तिर्की, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी, अल्पसंख्याक विभाग बिहार के प्रदेष अध्यक्ष मिन्नत रहमानी, ऑल इंडिया मोमिन कॉन्फ्रेंस के कार्यकारी अध्यक्ष मंजूर अहमद अंसारी सहित कई लोगों ने संबोधित किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन प्रेरणा प्रताप सिंह व धन्यवाद ज्ञापन मौलाना साबिर हुसैन ने की। कार्यक्रम में सइद अहमद, जावेतद अंसारी, आफताब आलम अंसारी, बुनकरों के अलावा मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे।

# दो किसानों के घर में लगी आग, सामान जलकर राख

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के लेड़ाटोली मुरतो में सोमवार को अपराह्न लगभग बारह बजे दो किसानों सोमे उरांव पिता स्व जौरा उरांव व बंधना उरांव पिता गुल्लू उरांव के खपरैल मकान में आग लग जाने से घर में रखा नगद रुपये टीवी आधार कार्ड, बैंक पासबुक, चावल, कपड़ा समेत अन्य कई समान जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के अनुसार सोमे उरांव मेहमानी गए हुए थे। वहीं बंधना उरांव के घर के सभी लोग खेत में काम करने गए थे। इसी बीच ग्रामीणों ने घर से धुआं उठते देखा। जिसके बाद वहां आग की लपटें उठती देख ग्रामीणों ने बहुत मुश्किल से पानी डालकर आग पर काबू पाया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद घर पहुंचे गृह स्वामी सोमे उरांव व बंधना उरांव ने बताया कि इस अगलगी में उनके द्वारा रखा धान, चावल, टेबल, कुर्सी, खेती के लिए रखे पैसे सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया। इधर घटना की जानकारी मिलते ही पंचायत की मुखिया सुनीता सोरेन व पूर्व मुखिया नेल्सन कुजुर घटना स्थल पहुंचे। मुखिया ने इस घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि वे प्रशासन से मिलकर पीड़ित को उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगे। वहीं अगलगी के कारणों का पता नहीं चल पाया है।



# सड़क हादसे में दो छात्रों की मौत, एक घायल

### कोचबोंग में हुई दुर्घटना गौतम मैट्रिक व आकाश आठवीं का था छात्र

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** सोमवार सुबह लगभग नौ बजे खरसीदाग ओपी क्षेत्र के कोचबोंग पेट्रोल पंप समीप हुई सड़क दुघर्टना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की शिनाख्त महुवाटोली नामकुम के गौतम महली 16 वर्ष तथा एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के हुंडरू गांव के रहनेवाले आकाश कच्छप 14 वर्ष के रूप में की गयी, जबकि हुंडरू गांव का ही विशाल लिण्डा 19 वर्ष गंभीर रूप से घायल है। बताया जा रहा है कि तीनों सुबह नौ बजे रिंगरोड स्थित कोचबोंग पेट्रोल पंप से तेल लेकर खरसीदाग की ओर काफी तेज गति से लौट रहे थे उसी दौरान सामने से आ रहे एक 709 ट्रर्बो ट्रक में असंतुलित होकर टकरा गए। टक्कर इतनी तेज थी कि गौतम और आकाश के सिर के परख्च्चे उड़ गए जबकि पीछे बैठा विशाल हवा में उछल गया। घटना के बाद रिंग रोड पर वाहनो की कतार लग गयी। मामले की जानकारी मिलते ही ओपी प्रभारी सुकदेव साहा सदलबल मौके पर पहुंचे और मृतक के शव को पोस्टमार्टम एवं घायल विशाल को बेहतर ईलाज के लिए रिम्स भिजवाया।

### तीनों में किसी ने नहीं पहना था हेलमेट

मृतक गौतम, आकाश और विशाल तीनों दोस्त थे। गौतम ने शांति रानी हाई स्कूल घाघरा से मैट्रिक की परीक्षा दी थी जबकि आकाश आठवीं कक्षा में पढ़ता था। वहीं घायल विशाल ने इस वर्स इंटर की परीक्षा दी है। तीनों गौतम के पल्सर एनई 220 बाइक से खरसीदाग पेट्रोल पंप से तेल भराकर वापस लौट रहे थे। बाइक पर सवार तीनों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। स्थानीय लोगें के अनुसार अगर तीनों ने हेलमेट पहना होता तो उनकी जान बच सकती थी।

### मृतक के घरों में पसरा मातम

इस घटना की सूचना मिलते ही परिवार सहित पूरे हुंडरू गांव में मातम पसर गया है। इस दुर्घटना को लेकर सभी दुखी हैं।

## पिता ने दूसरी शादी की तो बेटों ने पीटकर किया घायल

**बुढ़मू।** बुढ़मू निवासी जैनूल अंसारी (60 वर्ष) द्वारा दूसरी शादी किये जाने से नाराज उसके बेटे सदाम अंसारी और जावेद अंसारी ने जैनूल अंसारी के साथ मारपीट करते हुए गंभीर रूप से घायल कर दिया। जानकारी के अनुसार बुढ़मू निवासी जैनूल अंसारी ने कुछ दिन पहले दूसरी शादी कर ली थी, जिससे उसके बेटे नाराज चल रहे थे। रविवार रात में सदाम और जावेद जैनूल अंसारी के नये घर में गये और जैनूल अंसारी के साथ मारपीट कर वहां से भाग गये। जैनूल की नई पत्नी ने इसकी सूचना अपने मायके में दी। मायके से बुढ़मू पुलिस को सूचना दी गयी। इसके पुलिस मौके पर पहुंची और घायल का इलाज सीएचसी में कराया।

# इटकी : 19 यात्रियों का जत्था हज को रवाना

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटकी।** इटकी से 19 सदस्यीय हज यात्रियों का पहला जत्था सोमवार को हज यात्रा पर रवाना हुआ। सभी हज यात्री हटिया हावड़ा ट्रेन से कोलकाता और वहां से एक जून को हवाई मार्ग से मदीना शरीफ के लिए रवाना होंगे। इटकी जामा मस्जिद में एक कार्यक्रम का आयोजन कर हज यात्रियों को रवाना किया गया। कार्यक्रम में हाजी कैसर आलम ने हज से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। मौके पर हज की आसानीए अरकान की बखूबी अदायिगी, हज की मकबूलियत व सफर की आसानी की सामूहिक दुआ की गयी। लोगों ने हज यात्रियों को शुभकामनाएं दी और मुल्क की तरक्कीए शांति और भाईचारे के लिए दुआ की गुजारिश की। हज यात्रियों के सकुशल वापसी की कामना के साथ जामा मस्जिद व मदीना मस्जिद के अलावा कुंदी मस्जिद से विदा किया गया। मौके पर हाजी तैयब अलीए मौलाना मुनीरउद्दीन शम्सी, मौलाना ताल्हा नदवी, कारी इनामुलहक, मौलाना नसीम अहमद, कारी जुबैर अशरफ, हजरत अंसारी, मो सिराजुद्दीन सहित अन्य शामिल थे।



### हज यात्रियों में ये हैं शामिल

तनवीर आल़म, इबरार आलम, मो ग़यासुद्दीन, मो मुस्तफा, मो शफीउद्दीन हाफिज मो शमीम, मो तैयब अल़ी, शहनाज बेगम, हाफिज हफ़िजुर्रहमान, मोमिना खातून, रमजान अंसारी, मो अल्ताफ के अलावे महिला हज यात्री भी शामिल हैं।

# महेशपुर और जुड़गा गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**राहे/सोनाहातू।** प्रखंड के महेशपुर गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। किसान गोष्ठी सह जागरूकता शिविर में बीटीएम अंजीव कुमार श्रीवास्तव ने किसानों को मिशन लाइफ फॉम आइफॉम आधुनिक कृषि गोवर्धन योजना, पर्यावरण अनुकूल प्राकृतिक खेती, मोटे अनाजों की खेती को बढ़ावा देने एवं विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जानकारी दिये और पीएम किसान निधि, केसीसी ऋण माफी के लिए ईकेवाईसी करानेए खरीफ सीजन के लिए बीज विनिमय एवं वितरण योजना के लिए आवेदन करने को बताये। मौके पर कृषक मित्र अक्षय महतो, लहरू महली सहित काफी संख्या में किसान मौजूद थे। इधर सोनाहातू प्रखंड के हारिन पंचायत के जुड़गा गांव में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बीटीएम दीनानाथ भगत एवं बंशीधर महतो आदि मौजूद थे।

# टांगी से मारकर की थी हत्या, दो गिरफ्तार

### दो दिन में हत्याकांड का हुआ खुलासा

खबर मन्त्र संवाददाता

**तमाड़।** दो दिन पूर्व हुई हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने हत्या में प्रयोग किए गए टांगी को भी बरामद किया है। पुलिस को लापता दुर्गा चरण मुंडा की जानकारी उनके पुत्र ने दी थी। जिसमें उनके पुत्र ने बताया था कि 27 मई को वह देवड़ी मंदिर के समीप यूनाइटेड बैंक से पैसा निकालने गए थे, लेकिन अभी तक घर वापस नहीं आए हैं। पुलिस के साथ खोजबीन शुरू कर दी। खोजबीन के क्रम में जाहिर टीकर नामक गांव के समीप एक व्यक्ति का शव खून से लथपथ मिला। जिसकी शिनाख्त दुर्गाचरण मुंडा के रूप में की गई। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए कार्तिक मुंडा व उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है।

### तांत्रिक के चक्कर में दिया घटना को अंजाम

पूछताछ में आरोपी ने कबूला की दुर्गा चरण मुंडा की हत्या अपने एक साथी के साथ मिलकर की थी। हत्या करने की वजह में उसने बताया कि दुर्गाचरण मुंडा के कारण जादू टोना के कारण टीबी हो गया है। जबकि आरोपी को पहले से ही टीबी की बीमारी थी, लेकिन तांत्रिक के चक्कर में पड़ने के कारण और तांत्रिक ने कार्तिक मुंडा को विश्वास दिलाया कि दुर्गा चरण मुंडा के जादू टोने के कारण ही तुम्हें टीबी हो गया है। वह उसकी हत्या करने की कोशिश में था। बैंक से लौटने के दौरान सुनसान होने के कारण उस जगह हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी कार्तिक मुंडा और हत्या में साथ देने वाले उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया है।

## एक नजर में

### मांडर : नल-जल योजना का शिलान्यास

**मांडर।** प्रखंड के पांच पंचायतों में सोमवार को जल मिशन योजना के तहत हर घर जल नल योजना का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया। शिलान्यास कार्यक्रम के तत्पश्चात विधायक ग्रामीणों के साथ बैठक किया और इस योजना की जानकारी दिया कि कैसे इस योजना के तहत जल पंचायत के हरेक गांव के घर-घर में पहुंचाया जायेगा। और गांव के जो जो लोग पानी की कमी से जूझ रहे हैं, उसे इन समस्याओ से दूर किया जा सके। बैठक मे पीएचडी विभाग के जेई भी लोगो को जानकारी दिया कि कहां-कहां प्वाइंट दिया गया है और एक प्वाइंट में कितनी गहराई रहेगी और उस प्वाइंट से पंप के माध्यम से कितने घरों में पानी पहुंचाया जायेगा।



# सरकारी जमीन की अवैध ढंग से बिक्री पर लगायी जाये रोक

### भाजपा अनगड़ा मंडल ने अधिकारियों को सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता

**अनगड़ा।** भाजपा अनगड़ा मंडल द्वारा सोमवार को पूर्व विधायक रामकुमार पाहन के नेतृत्व में जनसमस्याओं को लेकर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया अंचल के विभिन्न इलाकों में सरकारी जमीन को भू माफियाओं के द्वार अवैध रूप से कब्जा कर बेचने का प्रयास पर रोक लगाने, ऑनलाईन खाता एवं प्लॉट के गड़बड़ी को सुधार करने, जमीन की सही खरीद विक्री करने वाले रैयतों को प्रमीशन की अनुशंसा करने मे परेशान नही करने तथा समय सीमा के अन्दर दाखिल खारीज की प्रक्रिया को पूरा करने इत्यादि की मांग की गई है।

### ज्ञापन सौंपने वालों में ये थे शामिल

पूर्व विधायक रामकुमार पाहन सहित रामनाथ महतो सिकंदर अंसारी सुनील महतो नरेश साहु नीलकंठ चौधरी हिमांशु शेखर चौधरी बनमाली महतो कामेश्वर महतो सुनील कुमार महतो नंदलाल राम शिवधर रजवार रामसाय मुंडा घनेनाथ महतो अजय सिंह भोगता संतोष महतो आदि शामिल हैं।

# बुकरु चामा गांव में बिजली ठीक करने पहुंचे लाइनमैन से मारपीट

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिठोरिया।** कांके थाना अंतर्गत बुकरु चामा गांव में बिजली दुरुस्त करने पहुंचे लाइनमैन नईम अंसारी को रविवार रात करीब 10.30 बजे कांके थाना क्षेत्र के नगड़ी निवासी आकाश कच्छप और अघनु गाड़ी और अज्ञात 6-7 लोगो ने जमकर मारपीट की। मारपीट में लाइनमैन नईम अंसारी बुरी तरह जख्मी हो गया। सर पर गंभीर चोट लगी है। सूचना मिलने के बाद तत्काल कांके पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तब तक सभी आरोपी फरार हो चुके थे। कांके पुलिस और परिजनों के सहयोग से देर रात कांके स्वास्थ केंद्र में बीजली कर्मी नईम अंसारी का प्राथमिक उपचार कर घर भेजा गया। इस मामले को लेकर बिजली विभाग के कनीय विद्युत अभियंता, आकाश कच्छप, अघनु गाड़ी सहित अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### घर का ताला तोड़ चोरी

**इटकी।** गढ़गांव बस्ती में सोमवार को दिन दहाड़े एक मकान का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोर बुनियादी स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में कार्यरत नर्स सरिता मंजू केरकेट्टा के घर के दरवाजे में लगे ताला को तोड़कर करीब दो लाख रुपये नकद, सोने का दो चेन व एक मोबाइल फोन सहित कई अन्य सामान चुरा फरार हो गये।

## सिल्ली में धूमधाम से मना रोहिण पर्व

**सिल्ली।** प्रखंड के विभिन्न गांवों में रोहिण पर्व मनाया गया। खेती से जुड़े इस पर्व की खुशी गांव-गांव में अपने अपने अंदाज में मनाया। किसान रोहिण के दिन धान का पहला बिचड़ा डाल कर अच्छी खेती की कामना किया। मान्यता है कि रोहिण के दिन धान का बीज डाला जाता है। इससे पूर्व किसानों द्वारा खेत की जुताई की जाती है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी**
**शुद्धि पत्र**

एतत् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रमंडल द्वारा आमंत्रित ई0-निविदा सूचना संख्या- **RDD /SD/KHUNTI/49/22-232nd Call** है, जिसका पी0आर0 संख्या **297733 RURAL DEVELOPMENT (2023-24)_D** है, के ग्रुप सं० 01 के ऑनलाईन में पूर्व के **SBD** को शून्य समझते हुए वर्त्तमान में शुद्धि पत्र के साथ **SBD** को दोबारा अपलोड किया जा रहा है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, खूँटी ।

PR.NO.298551 Rural Development(23-24):D

**कार्यालय जिला परिषद, गुमला**
**दुकानों की बन्दोवस्ती हेतु अति अल्पकालीन प्रेस विज्ञप्ति**

एतद द्वारा गुमला जिले के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना अन्तर्गत करौन्दी कलस्टर में निर्मित मार्केट कॉम्पलेक्स के दुकानों का अनुमण्डल पदाधिकारी, गुमला के स्तर से निर्धारित मासिक किराया एवं निर्धारित शर्त्तों के अधीन बन्दोवस्ती की जानी है :-

करौन्दी कलस्टर में मार्केट कॉम्पलेक्स अन्तर्गत 20 खाली दुकानों का आवंटन हेतु किराया तालिका

| क्र0 | दुकानों का नम्बर | किराया प्रतिमाह |
|---|---|---|
| 1 | 1,2,3,4,5,6,7,8,9,10,11,12,13,14,15,16,17,18,19,20 | 1800/- |

करौन्दी कलस्टर में मार्केट कॉम्पलेक्स अन्तर्गत 10 खाली दुकानों का आवंटन हेतु किराया तालिका

| क्र0 | दुकानों का नम्बर | किराया प्रतिमाह |
|---|---|---|
| 1 | 1,2,3,4,5,6,7,8,9,10 | 1800/- |

उक्त दुकानों की बन्दोवस्ती हेतु आवेदन प्रपत्र कार्यालय जिला परिशद, गुमला से दिनांक 31.05.2023 से दिनांक 10.06.2023 के अप0 5:00 बजे तक 500/- कुल पाँच सौ रूपये मात्र का डिमाण्ड ड्राफ्ट (जो सचिव, जिला परिशद, गुमला के नाम से किसी राश्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत एवं गुमला में भुगतेय हो) जमा कर कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् आवेदन प्रपत्र किसी भी कीमत पर निर्गत नहीं किया जायगा।

दुकान बन्दोबस्ती से संबंधित विस्तृत शर्त्तों का अवलोकन कार्यालय के सूचना पट्ट तथा गुमला जिले के वेबसाईट **gumla.nic.in** पर किया जा सकता है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, गुमला।

PR 298585 Rural Development(23-24)D

# एनके एरिया से कोयला उत्पादन और ढुलाई ठप

### 31 सूत्री मांगों को लेकर विस्थापित मोर्चा ने कराया बंद

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के द्वारा नौकरी मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार सहित 31 सूत्री मांगों को लेकर सीसीएल एनके एरिया को बन्द करा दिया। बन्द के कारण सीसीएल एनके एरिया की कोयला उत्पादन एव कोयला ढुलाई पूरी तरह से ठप हो गया।सुबह से ही रैयत विस्थापित मोर्चा के सदस्य एव रैयत विस्थापित सड़क पर उतरकर विभिन्न परियोजनाओं में घूम घूम कर खदान का काम एव कोयला ढुलाई बन्द कराया।साथ ही मोनेट कोल वाशरी में आ रहे कोयला डंपरों को बन्द कराया गया।बन्द को लेकर सभी परियोजना में सीआईएसएफ जवान की तैनाती की गई थी। एरिया के रोहिणी, डकरा, पुरनाडीह, केडीएच एव चुरी परियोजना में विस्थापित मोर्चा के लोग जुलूस की शक्ल में पहुचे और जमकर नारेबाजी की। परियोजना में मजदूर तो हजारी बनाई लेकिन खदानों में कोयला उत्पादन नही हुआ।कोयला ढुलाई भी ठप रहा।सभी कांटा घर एव साइडिंग पर सन्नाटा पसरा रहा।रोड सेल का भी काम बन्द रहा। मोनेट कोल वाशरी का भी कोयला ढुलाई भी बन्द कराया गया। मोर्चा द्वारा सुबह छह बजे से ही एनके एरिया का काम पूरी तरह बन्द रहा।लगभग एक बजे प्रबंधन ने रैयत विस्थापित मोर्चा से वार्ता की।वार्ता में मोर्चा के द्वारा कहा गया कि प्रबंधन की उदासीनता के कारण ही आज रैयत विस्थापितो को सड़क पर उतरना पड़ रहा है और बन्दी करने की नौबत आई है।प्रबंधन रैयत विस्थापितो की समस्याओं पर गंभीरता से पहल करे और धरातल पर काम दिखना चाहिए।नही तो प्रबंधन को रैयत विस्थापितो के आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। महाप्रबंधक ने दो जून को त्रिपक्षीय वार्ता की जाएगी। जिसमें रैयत की समस्याओं पर खलारी प्रशासन की उपस्थिति में सीसीएल एनके प्रबंधन एव रैयत विस्थापित मोर्चा की वार्ता होगी।




### वार्ता में ये लोग थे मौजूद

मौके पर वार्ता में एसओपी ज्योति कुमार,केडीएच पीओ जे अब्राहम,रोहिणी पीओ जेके सिंह तथा मोर्चा की ओर से एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता, केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, रामचन्द्र उरांव, जगरनाथ महतो,जालिम सिंह, नरेश गंझू,रामलखन गंझू, विनय खलखो, नागेसर महतो, अनिल पासवान, प्रकाश महतो,अमृत भोगता, दामोदर गंझू, प्रभाकर गंझू,शिवनारायण लोहरा,सोनू पांडेय, भुनेश्वर गंझू, धनराज भोगता, राजेन्द्र उरांव, शिवनाथ भोगता, दिनेश प्रसाद, कुलदीप प्रसाद, रामधारी गंझू, कन्हाई पासी, हेमलाल गंझू,लहसन भोगता, सुनील यादव,भूषण यादव, बीरेंद्र यादव, श्याम उरांव, केदार तुरी, धर्मराज गंझू,सिपता गंझू, किसुन मुंडा, मंगलाल, सोमर,जितन गंझू, गुड्डु, बलराम, दिलीप उरांव, धर्मवीर ठाकुर, प्रभु गंझू,संजय गंझू,आनंद तुरी, अनिता गंझू, सुनीता गंझू, नगीना देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, राँची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**


नाम-सुशमा कुमारी, उम्र- 20 वर्ष, रंग-गोरी, उचाँई- 4 फिट 5 ईंच, पहनावा-लाल रंग का साड़ी पहनी हुई है।

उपरोक्त लापता महिला सुशमा कुमारी, पति-राजु कुमार महतो, सा0-पतरातु, पो0-उरूगुटु, थाना-ठाकुरगाँव, जिला-राँची, जो बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में ठाकुरगाँव थाना सनहा संख्या-16/2023 दिनांक-15.05.2023, दर्ज कर खोजबिन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है। उपरोक्त सूचना की सार्वजनिक किया जाना आवश्यक है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता महिला कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

**पुलिस उपाधीक्षक , खलारी, राँची।** - 9431742777
**थाना प्रभारी,ठाकुरगाँव, राँची।** - 9431706149

वरीय पुलिस अधीक्षक, राँची

PR 298573 Police (23-24)_D

# हिंदी पर भरोसा

यूपीएससी की परीक्षा में पिछले साल आए 2021 के परिणाम में हिन्दी माध्यम वाले 24 उम्मीदवार सफल हुए थे, इस बार पिछले से 30 ज्यादा। यानी हिन्दी का ग्राफ धीरे-धीरे सुधर रहा है। हिन्दी माध्यम की टॉपर 66वीं रैंक हासिल करने वाली कृतिका मिश्रा कानपुर की रहने वाली हैं। दिव्या तंवर ने इस बार 105वीं रैंक हासिल की है। 2021 बैच में भी दिव्या ने 438वीं रैंक हासिल की थी और सबसे कम उम्र ( सिर्फ 22 साल) की आईपीएस चुनी गई थीं। अब वह आईएएस हो गई हैं। दरअसल इस बार के नतीजों में सबसे खास बात यह है कि हिन्दी के माध्यम से परीक्षा देने वाले 54 उम्मीदवारों में से 29 ने वैकल्पिक विषय के रूप में हिन्दी साहित्य लेकर यह कामयाबी हासिल की है। पांच-पांच उम्मीदवार ऐसे भी सफल हुए जिन्होंने इतिहास, भूगोल व राजनीति विज्ञान विषय लिया था। दो छात्रों ने गणित विषय लेकर हिन्दी माध्यम से सफलता हासिल की, जिनमें से एक ने 120वीं रैंक हासिल की है।इस बार हिन्दी माध्यम से कुल 54 उम्मीदवारों का चयन हुआ है, जिनमें रैंक 66, 85, 89, 105 और 120 प्रमुख हैं। यूपीएससी द्वारा आयोजित इस परीक्षा में हिन्दी माध्यम के विद्यार्थी पिछले कुछ सालों से लगातार अपेक्षित नतीजे नहीं दे पा रहे थे। चाहे बात चयनित विद्यार्थियों की हो या टॉप रैंक की, हिन्दी माध्यम हमेशा से संघर्ष करता रहा है। इसलिए कहा जाने लगा था कि हिन्दी माध्यम से देश की इस सबसे खास परीक्षा को उत्तीर्ण करना लगभग असंभव है। लेकिन इस साल 2022 के परिणाम बेहतरीन रहे हैं। ये एक तरह से बेहतर भविष्य की उम्मीद पैदा कर रहे हैं। निश्चित ही राष्ट्रभाषा पर भरोसा और बीच में इंटरव्यू में अंग्रेजी को लेकर उठे विवाद के बाद यह सफलता एक सुखद संदेश दे रही है। सबसे बड़ी बात है कि हिंदी भाषा के माध्यम से मिली सफलता हिंदी पट्टी के युवाओं के योग्यता और शिक्षा के स्तर को लेकर सकरात्मक संदेश दे रहा है।

# व्यर्थ का विवाद

जब हमारे प्रधानमंत्री विदेशों में अपने नेतृत्व को रेखांकित करने-कराने में लगे हुए थे तो देश में उन्हें लेकर एक बेमतलब का विवाद शुरू हो गया था। मुद्दा संसद के नये भवन के उद्घाटन का है। बहुचर्चित नया संसद परिसर लगभग बनकर तैयार है और अब इसे देश को लोकार्पित किया जाना है। लोकसभा के स्पीकर ने उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री को निमंत्रित किया है। विपक्ष का कहना है कि यह कार्य देश के प्रथम नागरिक अर्थात राष्ट्रपति के हाथों होना चाहिए। यह मांग भी गलत नहीं कही जा सकती, आखिर देश के सर्वोच्च संस्थान के उद्घाटन का मामला है। उधर प्रधानमंत्री के हाथों उद्घाटन कराने के पक्षधरों का कहना है कि प्रधानमंत्री देश का सर्वोच्च निर्वाचित नेता होता है और यह नया संसद परिसर तो प्रधानमंत्री मोदी की प्रिय परियोजना है। कोरोना-काल में जब देश के सारे निर्माण-कार्य ठप पड़ गये थे, इस परिसर का काम नहीं रोका गया था, और निर्माण कार्य के दौरान प्रधानमंत्री लगातार इसकी निगरानी कर रहे थे। पुनर्विकास का मतलब संसदीय परंपराओं को बनाये रखने से भी होता है। आज जब हम नये संसद-परिसर के उद्घाटन समारोह के साक्षी बन रहे हैं, इस बात का भी ध्यान रखा जाना जरूरी है कि जनतंत्र का हमारा मंदिर जनतांत्रिक मूल्यों-आदर्शों के अनुरूप कार्य का उदाहरण बने। यह बात महत्वपूर्ण नहीं है कि उद्घाटन किसके हाथों हो, महत्वपूर्ण यह है कि उद्घाटन के बाद वहां काम कैसा हो रहा है। यह कार्यक्रम कोई संवैधानिक कार्यक्रम न होकर संसद भवन के लोकार्पण का कार्यक्रम है और प्रधानमंत्री अगर इसका शुभारंभ कर रहें है तो यह देश का कार्यक्रम है किसी का व्यक्तिगत कार्यक्रम नहीं है। क्या बुरा है यदि उद्घाटन भी उन्हीं के हाथों हुआ है।

# नैतिकता

**विचार-प्रवाह**

**अमीश**

**लॉर्ड** ऑफ द रिंग्स में भलमनसाहत है, नैतिकता है, लेकिन दूसरों के सही या गलत होने के बारे में एक राय उसमें बना ली जाती है। वहीं गेम ऑफ थ्रोंस में पावर प्ले है, नैतिकता का नामोनिशान नहीं है, लेकिन दुनियादारी है।

टोकीन का जन्म 1892 में हुआ और निधन 1973 में। वे खून-खराबे से भरे हुए दशक थे और टोकीन उन सबके गवाह बने। पहली आलमी जंग में दो करोड़ 20 लाख लोग मारे गए। पांच करोड़ लोगों की जान ली स्पेनिश फ्लू ने। महामंदी आई तो अपने साथ ले आई बेरोजगारी, अकाल, महंगाई और बबार्दी की आंधी। फिर आया नाजी उभार।

छह करोड़ लोग मारे गए दूसरे विश्व युद्ध में। बावजूद इन सबके इंसान जिंदा रहा, इंसानियत बची रही।

मार्टिन का जन्म 1948 में हुआ। 1940 के दशक के आखिरी हिस्से से पश्चिमी दुनिया में एक लंबा दौर शुरू हुआ, जिसमें कोई बड़ा हिंसक टकराव नहीं हुआ। मार्टिन एक खाते-पीते समाज में पले-बढ़े। वह मानव सभ्यता के शायद सबसे अच्छे दौर के गवाह बने, जब प्रति व्यक्ति हिंसा का स्तर सबसे कम है और प्रति व्यक्ति समृद्धि भी सबसे अधिक है। जिस दौर में मार्टिन का जन्म हुआ, उस वक्त के लोगों की जिंदगी अच्छी रही। जंग के खौफनाक दौर से नहीं पड़ा मार्टिन का साबका। वियतनाम युद्ध की आंच भी उन तक नहीं पहुंच सकी।

आप सोच रहे होंगे कि जिंदगी के इन अनुभवों से दुनिया के बारे में उनका नजरिया तय हुआ होगा। जंग और बेबसी के झंझावात में जिनकी जिंदगी उलझ गई हो, वे तो दुनिया की बदनुमा तस्वीर ही देखेंगे।

**कार्टून वर्ल्ड**




**लेटर टू एडिटर**

### भाजपा हारेगी?

**देश** में कांग्रेस मुक्त का नारा देने वाली भाजपा का हाल अब पस्त है। उसके कर्णधारों को समझ नहीं आ रहा है कि हिंदूत्व का कार्ड फेल कैसे हो गया। यह उनकी देश की समझ कम होने के कारण पैदा हुई कठिनाई है। केवल हिंदूत्व के नाम पर लंबे समय तक चुनाव नहीं जीता जा सकता। आज दो करोड़ लोग बेरोजगार है और सरकार भिखमंगे से भी टैक्स वसूल रही है।

**- जयप्रकाश सिंह, रांची**


### राजनीतिक लक्ष्य

**मंत्रालय** में प्रत्येक मंत्री की कार्यप्रणाली और निगरानी रखना प्रधानमंत्री का दायित्व है। जब उन्हें लगा कि कोई मंत्रालय सही ढंग से अपना काम नहीं कर रहा है तो उससे संबंधित मंत्री की छुट्टी या विभाग बदलना उनके अधिकार क्षेत्र में आता है। कोरोना संकट में शिक्षा, स्वास्थ्य आदि मंत्रालयों ने अपने काम बेहतर ढंग से नहीं किये।

**-सत्यप्रकाश, हजारीबाग**

# ब्रिटिश रेल का सरकारीकरण और भारत की नीति



**- विनायक चटर्जी**

> वर्ष 2016 से ही यह बहस शुरू हो गई थी कि रेलवे को एक बार फिर राष्ट्रीयकृत किया जाए या नहीं। दोबारा राष्ट्रीयकरण करने की इस पहल का सतर्कतापूर्वक स्वागत किया गया है। कुछ धड़े, खासकर श्रम संगठन इस बात पर यकीन करने को तैयार नहीं हैं कि दक्षिणपंथी झुकाव रखने वाली कंजरवेटिव सरकार मौजूदा ढांचे को ध्वस्त करके दोबारा राष्ट्रीयकरण की व्यवस्था करेगी। भारत के लिए इसमें क्या सबक हैं?

**ब्रिटेन** के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने हाल ही में अपने देश के ध्वस्त हो रहे रेलवे नेटवर्क की व्यापक जांच और मरम्मत की घोषणा करते हुए कहा, 'ब्रिटेन के विफल होते ट्रेन नेटवर्क को सरकार के नियंत्रण में लाया जाएगा।' उनका यह कदम सन 1980 और 1990 के दशक में कंजरवेटिव पार्टी की सरकारों द्वारा शुरू की गई निजीकरण की विवादास्पद नीति को पलट देगा। ग्रेट ब्रिटिश रेलवेज (जीबीआर) नामक एक नई सार्वजनिक संस्था गठित की जाएगी।

जीबीआर में समूचा रेलवे तंत्र शामिल होगा। यानी बुनियादी ढांचे से लेकर समय सारणी बनाने और टिकट से होने वाली आय संग्रहित करने तक का सारा काम। यह नई संस्था रेलवे नेटवर्क के पूंजीगत कार्य की योजना बनाने और उसका क्रियान्वयन करने के लिए भी उत्तरदायी होगी। फिलहाल बुनियादी ढांचे यानी ट्रैक, सिग्नल और बड़े स्टेशनों का प्रबंधन कर रही नेटवर्क रेल को इसमें समाहित कर लिया जाएगा। नई कंपनी निजी ट्रेन संचालकों को अनुबंधित करने का काम भी करेगी। ज्यादातर ट्रेनों के संचालन का काम उनके हवाले ही होगा।

गत 20 मई को घोषित इन प्रस्तावों को बीते 25 वर्ष में ब्रिटेन के रेलवे उद्योग के इतिहास की सबसे बड़ी घटना माना जा रहा है। रेलवे एक बार फिर सरकार के हाथ में आ रही है। हालांकि इस दौरान निजी क्षेत्र का सहयोग लिया जाएगा। 30 वर्षीय योजना का मसौदा परिवहन मंत्री ग्रांट शैप्स और ब्रिटिश एयरवेज के पूर्व मुख्य कार्याधिकारी कीथ विलियम्स ने तैयार किया है। इस योजना को 2023 तक पूरी तरह क्रियान्वित करना है। सन 1979 में जब तत्कालीन थैचर प्रशासन ने ब्रिटिश रेलवे का निजीकरण करने का निर्णय लिया था तब मिजाज बिल्कुल अलग था। उस वक्त कहा गया था कि प्रबंधन कौशल, उद्यमिता की भावना हासिल करने और जनता को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए रेलवे का निजीकरण किया जाएगा। चार वर्ष बाद 1993 में रेलवे अधिनियम लागू हो गया। ट्रैक अथॉरिटी मॉडल अपनाया गया जबकि यात्री रेल सेवाओं को निजी कंपनियों को सौंप दिया गया। स्थायी परिसंपत्तियों मसलन रेलवे ट्रैक, स्टेशन, सुरंगें, पुल, सिग्नल और डिपो आदि जो पुरानी सरकारी कंपनी ब्रिटिश रेल के आधिपत्य में थे उन्हें एक स्वतंत्र कंपनी रेलट्रैक के हवाले कर दिया गया। सन 1995 में रेलट्रैक ने यात्री रेल सेवाओं की फ्रैंचाइज निजी यात्री रेल परिचालन कंपनियों को देनी शुरू की।

अब इस फ्रैंचाइजी मॉडल में दिक्कतें देखी जा रही हैं क्योंकि इससे पूरा नेटवर्क बहुत हद तक विखंडित हो गया है।

ऐसे में फ्रैंचाइज का संचालन कर रही कंपनी के पास परिचालन को लेकर बहुत सीमित अधिकार रह जाते हैं और ट्रैक और ट्रेन परिचालकों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला शुरू हो जाता है। ऐसा भी प्रतीत होता है कि ब्रिटेन में हर दो में से एक यात्री ट्रेन का संचालन फ्रांस और इटली की विदेशी कंपनियों द्वारा किए जाने के कारण ब्रिटेन के राष्ट्रीय गौरव को भी ठेस पहुंची।

वर्ष 2016 से ही यह बहस शुरू हो गई थी कि रेलवे को एक बार फिर राष्ट्रीयकृत किया जाए या नहीं। दोबारा राष्ट्रीयकरण करने की इस पहल का सतर्कतापूर्वक स्वागत किया गया है। कुछ धड़े, खासकर श्रम संगठन इस बात पर यकीन करने को तैयार नहीं हैं कि दक्षिणपंथी झुकाव रखने वाली कंजरवेटिव सरकार मौजूदा ढांचे को ध्वस्त करके दोबारा राष्ट्रीयकरण की व्यवस्था करेगी। भारत के लिए इसमें क्या सबक हैं? नेटवर्क वाले बुनियादी ढांचे में तयशुदा बुनियादी ढांचे पर राज्य का स्वामित्व ही सही तरीका है। निजीकृत रेल नेटवर्क के विभाजित ढंग से काम करने को ही ब्रिटिश रेल के निजीकरण की नाकामी की वजह माना जाता है। भारत को रेल, तेल एवं गैस पाइपलाइन तथा बिजली पारेषण लाइनों का मुद्रीकरण करते हुए इस बात को ध्यान में रखना चाहिए।

यदि भारत इस बात को ध्यान में रखे तो बेहतर होगा कि कुछ ही विकसित देशों ने उपयोगी नेटवर्क्स को निजी क्षेत्र को बेचने के तरीके का अनुसरण किया है। यूरोप में आमतौर पर ऐसा मॉडल अपनाया गया है जहां परिसंपत्ति स्वामित्व को सेवा प्रावधानों से अलग रखा गया और निजी नेटवर्क्स को परिचालन रियायत प्रदान की गईं। उस तरह देखें तो नियमित जरूरत का पूंजीगत व्यय संप्रभु संस्थान ने किया जबकि निजी क्षेत्र को परिचालन क्षमता से भरपाई की गई।

भारत में निजी-सार्वजनिक भागीदारी (पीपीपी) के प्रबंधन की संस्थागत क्षमता की कमी है। दस से अधिक केंद्रीय मंत्रालय और 28 राज्य तथा आठ केंद्रशासित प्रदेश अपने-अपने तरीके से पीपीपी का संचालन कर रहे हैं और इस बीच औपचारिक रूप से ज्ञान की साझेदारी नहीं की जा रही। ब्रिटेन सन 1990 के दशक में पीपीपी की अवधारणा आने के बाद से ही उसके बेहतरीन व्यवहार का अगुआ रहा है और उसने कई समर्थक संस्थान विकसित किए जिनका दुनिया भर में अनुकरण किया गया। निजी फाइनैंस इनीशिएटिव, निजी फाइनैंस पैनल, इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनैंस यूनिट और पाटर्नरशिप्स यूके आदि इसके उदाहरण हैं। भारत को पीपीपी के संस्थानीकरण को गंभीरता से लेना होगा और 3पी इंडिया के रूप में उस पीपीपी थिंकटैंक की स्थापना करनी होगी जिसकी घोषणा अरुण जेटली ने जुलाई 2014 के बजट में की थी।

देश के पीपीपी कार्यक्रम में जो तनाव व्याप्त है उसके लिए नियामकीय आजादी की कमी भी एक वजह है। साहसी निर्णयों के लिए ऐसी आजादी आवश्यक है। पीपीपी को नियामकीय सहारे की आवश्यकता है।

भारत की खुद की जरूरतें नवंबर 2019 की केलकर समिति की पीपीपी रिपोर्ट में शामिल की गई हैं। शायद भारत के नीति निमार्ताओं के लिए सबसे बड़ा सबक यह है कि दुनिया के सर्वाधिक परिपक्व बाजारों में भी निजी पूंजी को शामिल करने का प्रारूप अभी भी उभर रहा है और अनुभवों के आधार पर नया आकार ग्रहण कर रहा है। इसके लिए जरूरी है कि उच्च गुणवत्ता वाली संस्थागत क्षमता विकसित की जाए।

**खास बात**

### बैंक राष्ट्रीयकरण

**बैंक** राष्ट्रीयकरण पूरा कर चुका है अपना लक्ष्यभारत सरकार ने 1969 में देश के बैंकिंग उद्योग के लिए एक बड़ा कदम उठाया था। अब पांच दशक से कुछ अधिक समय बीतने के बाद कई लोग यह प्रश्न पूछने लगे हैं कि क्या वह भारतीय वित्तीय प्रणाली के लिए एक वाकई क्रांतिकारी बदलाव लाने वाला कदम था? तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 19 जुलाई, 1969 को राष्ट्र के नाम संबोधन में बैंकों के राष्ट्रीयकरण की घोषणा की थी। इसके बाद उसी मध्य रात्रि 14 बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। उस समय इनमें प्रत्येक बैंक के पास कम से कम 50 करोड़ रुपये जमा रकम थी। इसके बाद 1980 में छह से अधिक व्यावसायिक बैंकों का भी राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। इनमें प्रत्येक बैंक के पास 200 करोड़ रुपये से अधिक जमा रकम थी।

तब से बैंकिंग उद्योग आगे बढ़ता गया। जून 1969 में देश में 73 व्यावसायिक बैंक थे जिनकी संख्या अब बढ़कर 94 हो गई है। इनमें लघु वित्त बैंक और भुगतान बैंक भी शामिल हैं। हालांकि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और स्थानीय क्षेत्र बैंक (लोकल एरिया बैंक) इनका हिस्सा नहीं हैं। बैंक शाखाओं की संख्या भी 8,262 से बढ़कर 1,58,373 हो गई है। जून 1969 में 1,833 ग्रामीण, 3,342 अर्द्ध शहरी, 1,584 शहरी और 1,503 महानगरीय शाखाएं थीं। अब क्रमशः इनकी संख्या बढ़कर 52,773, 43,683, 30,638 और 31,279 हो गई हैं। 1969 में 64,000 लोगों पर एक बैंक शाखा थी लेकिन अब यह अनुपात प्रति शाखा 9,500 हो गया है।

जून 1969 में बैंकों का कुल जमा आधार 4,646 करोड़ रुपये था और ऋण खाता 3,599 करोड़ रुपये था। जून 2021 तक जमा आधार बढ़कर 153 लाख करोड़ रुपये और ऋण खाता बढ़कर करीब 108.5 लाख करोड़ रुपये हो गए हैं। पिछले कुछ वर्षों से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण की चर्चा चल रही हैं क्योंकि उनमें कुछ की वित्तीय सेहत डगमगा गई है। पहली बार फरवरी 2021 के केंद्रीय बजट में दो ऐसे बैंकों के निजीकरण की चर्चा हुई। हालांकि सरकार आईडीबीआई बैंक के निजीकरण करने की योजना का खुलासा पहले ही कर चुकी है।

इंतजार की घड़िया खत्म।

अब भारतीय सांसद भव्य, सुरक्षित, आधुनिक, भवन में कार्यरत होगी।

अड़चन हुई दूर।

अब सबका साथ मिले तो सोने पे सुहागा

**– महेश पोद्दार, सांसद**

**आपके ट्वीट**

नये संसद भवन के शुभारंभ के दिन जिस प्रकार दिल्ली पुलिस ने महिला विश्व विजेता पहलवानों से साथ धक्का मुक्की की वह निंदनीय और आलोचना के लायक है। ये बेटियां देश की सम्मान है। ये लोकतांत्रिक तरीके से विरोध कर रही थीं।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





भारतीय रेल आज दिलों को जोड़ने, समाज को जोड़ने और लोगों को अवसरों से जोड़ने का भी एक सशक्त माध्यम बन रही है।

**– नरेन्द्र मोदी**

# विपक्ष पीएम के लोकार्पण नीति से परेशान है

**विश्वनाथ सचदेव**

**सवाल** वाजिब है। पहले भी तो पूर्व प्रधानमंत्री संसद से जुड़े संस्थानों के उद्घाटन करते रहे हैं। निश्चित रूप से यदि नये संसद भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति के हाथों होता तो यह अधिक गरिमामय होता। लेकिन आज जो राजनीति हम देख रहे हैं उसमें गरिमा अथवा औचित्य के लिए स्थान ही कहां बचा है। होना तो यह चाहिए था स्वयं प्रधानमंत्री राष्ट्रपति को इस कार्य के लिए आमंत्रित करते। पर जो होना चाहिए, वह होता कहां है हमारी राजनीति में?

कौन जानता है कि हमारे पुराने संसद-भवन का उद्घाटन किसने किया था? और आवश्यकता भी क्या है ऐसे औपचारिक अवसरों को याद करने या याद रखने की? महत्वपूर्ण संसद-भवन नहीं संसद-भवन के भीतर होने वाली कार्यवाही है। कौन नहीं जानता कि पिछले कुछ सालों में हमारी संसदीय कार्यवाही में लगातार गिरावट आयी है? संसद के भीतर होने वाली बहस का स्तर तो गिरा ही है, अक्सर हमने देखा है कि संसद का बहुमूल्य समय बेबात के विवादों की बलि चढ़ता रहा है। संसद के हर सत्र के बाद इस तरह के आंकड़े प्रस्तुत किये जाते हैं जो यह बताते हैं कि संसद का कितना समय शोर-शराबे और बहिर्गमन और काम में व्यवधान डालने में बर्बाद होता है। हमारे नेताओं ने तो इस बात की भी वकालत की है कि संसद के काम में रुकावट डालना भी संसदीय कार्य-प्रणाली का हिस्सा है! यहां यह याद करना महत्वपूर्ण होगा कि यह तर्क तत्कालीन विपक्ष के नेताओं ने दिया था। अर्थात? जो भी विपक्ष में होता है, इस तरह के तर्कों का सहारा लेता है।

**सामयिक**

यह एक संयोग ही है कि जब नये संसद-भवन के उद्घाटन को लेकर देश में विवाद चल रहा है तो देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ केरल विधानसभा भवन के रजत-जयंती समारोह में संसद और विधानसभा सदनों में काम-काज में रुकावट डालने को राजनीतिक रणनीति का हथियार बनाने की प्रवृत्ति के खिलाफ देश को आगाह कर रहे थे। उन्होंने सदनों के अध्यक्षों से आगाह किया कि वे इस बारे में राष्ट्रीय सहमति बनाने का काम करें कि जनतंत्र के मंदिरों का उपयोग उपयोगी बहस और सार्थक कामकाज के लिए ही हो। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने इस बात को रेखांकित किया कि यदि संसद में होने वाला कार्य दूसरों को अनुकरणीय नहीं लगता तो इसका मतलब यह है कि हमारे सोच में कहीं कोई खामी है। उन्होंने विधानसभा परिसर के पुनर्विकास के लिए आधारशिला भी रखी।

वैसे इस संदर्भ में विपक्ष यह बात भी कह रहा है कि हमारे प्रधानमंत्री को उद्घाटन-समारोहों से कुछ ज्यादा ही मोह है। छोटे-छोटी परियोजनाओं का उद्घाटन वे स्वयं करना पसंद करते हैं। किसी राजमार्ग का उद्घाटन करना कतई गलत नहीं है, पर राजमार्ग के छोटे से हिस्से का उद्घाटन प्रधानमंत्री करें, यह बात कुछ उपयुक्त नहीं लगती। इसी तरह वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत प्रधानमंत्री करें यह तो समझ आता है, हर नये रूट पर वंदे भारत ट्रेन को प्रधानमंत्री ही हरी झंडी दिखायें यह कुछ अजीब तो लगता ही है।

बहरहाल, उद्घाटन वाला यह विवाद न उठता तो अच्छा था। अभी तक तो भाजपा के अन्य नेतागण ही इस बारे में बोल रहे हैं। पर यदि किसी रूप में प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम से जुड़ते हैं तो निश्चित रूप से कार्यक्रम की भव्यता बढ़ जायेगी। इसे राजनीतिक नफे-नुकसान का माध्यम बनाना किसी भी पक्ष के लिए उचित नहीं है।

सही रास्ते पर चलने वाला नेता निःसंदेह बड़ा होता है, पर सही रास्तों का पता लगाने, उन्हें काटों-कंकड़ों से मुक्त बनाकर उन पर देश और समाज को चलाने वाला नेता कहीं अधिक बड़ा होता

# यूपीएससी के परिणामों में दिखी हिंदी की ताकत

**आर.के. सिन्हा**

**संघ** लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की साल 2022 के परीक्षा परिणाम इस साल 23 मई को आए। यूपीएससी के परिणामों को नतीजा आने के बाद हर साल गहराई से विश्लेषण होता रहा है। पर इस बारे में अधिक चर्चा नहीं हो रही कि इस बार सफल हुए अभ्यार्थियों में हिन्दी माध्यम से परीक्षा देने वालों का आंकड़ा शानदार रहा है। यह पिछले 20-25 वर्षो का सर्वश्रेष्ठ परिणाम है।

अगर बात पिछले साल की जारी रखें तो राजस्थान के रवि कुमार सिहाग 18वीं रैंक के साथ हिन्दी मीडियम से परीक्षा देने वालों में टॉपर बने थे। सात साल के बाद हिन्दी माध्यम का कोई छात्र यूपीएससी पास करने वाले शीर्ष 25 उम्मीदवारों में जगह बना पाया था। इससे पहले सिविल सेवा की 2014 की परीक्षा में निशांत कुमार जैन 13वें स्थान पर रहे थे। मैं आगे बढ़ने से पहले बताना चाहता हूं कि भारत के पूर्व विदेश सचिव शशांक संभवतः देश के हिन्दी माध्यम से यूपीएससी की परीक्षा में सफलता पाने वाले पहले उम्मीदवार थे। वे भारत के बहुत सफल विदेश सचिव के रूप में याद किए जाते हैं। इसी तरह से दिल्ली पुलिस के आला अफसर अजय चौधरी ने भी हिन्दी को यूपीएससी में परीक्षा देने का माध्यम बनाया था। वे दिल्ली पुलिस के धाकड़ पुलिस अधिकारी रहे हैं।

इस बेहतर परिणाम में सिविल सर्विसेज परीक्षा की तैयारी के लिये कोचिंग देने वाले दृष्टि आईएएस संस्थान का विशेष योगदान है। इस बार हिन्दी माध्यम से चयनित 54 से अधिक विद्यार्थी परीक्षा के किसी न किसी स्तर पर दृष्टि संस्थान से जुड़े रहे हैं। यहां के प्रमुख विद्वान डॉ. विकास दिव्यकीर्ति कहते हैं कि हमने कुछ साल पहले हिन्दी माध्यम के परिणाम को सुधारने के लिए कई पहलों की शुरूआत कर दी थी। जैसे कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले विद्यार्थियों को दिल्ली में रहने और पढ़ने की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 'अस्मिता' नाम से एक कार्यक्रम शुरू किया है। इसके अलावा परिणाम में सुधार करने के लिए हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों को विशेष तौर पर मेंटरशिप और लाइब्रेरी की सुविधा भी दी जा रही है। इन्हीं तमाम प्रयासों का परिणाम रहा है कि आज इतना बेहतर हो सका है और उम्मीद है कि परिणाम भविष्य में और बेहतर हो सकेगा।

**चिंतन**

अगर बात हिन्दी से हटकर करें तो जो अभ्यार्थी आईएएस, आईपीएस, आईएफएस और अन्य सेवाओं में जाएंगे उनसे देश को अनेक उम्मीदें रहेंगी। उनसे पहली अपेक्षा तो यही होगी कि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार के जनकल्याण के कार्यक्रमों का लाभ पहुंचाएं।

सरकार की तरफ से आने वाली योजनाओं को लागू करने का काम तो अफसरों पर ही निर्भर होता है। उन्हें यह देखना होता है कि सरकारी कार्यक्रम सही से लागू हों। इस मोर्चे पर बहुत से अफसर निकम्मे ही साबित होते हैं।

कई बार ईमानदार अफसरों को जान से भी हाथ धोना पड़ा है। कुछ साल पहले चंडीगढ़ से सटे खरड़ शहर में जोनल लाइसेंसिंग अथॉरिटी में अधिकारी नेहा शौरी की उनके दफ्तर में ही गोली मार कर हत्या कर गई थी। नेहा शौरी एक बेहद मेहनती और ईमानदार सरकारी अफसर थीं।

बेईमानों को छोड़ती नहीं थीं। इसका खामियाजा उन्हें जान देकर देना पड़ा। नेहा से पहले सत्येंद्र दुबे हों, मंजूनाथ हों या अशोक खेमका, इन्हें ईमानदारी की भारी कीमत अदा करनी पड़ी थी। सरकार को अपने ईमानदार अफसरों के साथ हमेशा खड़ा होना होगा,साथ देना होगा।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

## शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों का सामान जलकर खाक

**दारू।** थानाक्षेत्र अंतर्गत झुमरा चौक में संचालित श्रेया इंफोटेक में रविवार की रात आग लगने से लाखों का सामान जलकर खाक हो गया।इस संदर्भ में इस दुकान के प्रोपराइटर संजीत कुमार ने बताया कि रविवार के रात्री करीब नौ बजे काम करके दुकान बंद करके घर गया था। सोमवार की सुबह में किसी ने फोन किया कि आपकी दुकान में आग लग गया है। जब दुकान पहुंच कर दरवाजा खोला तो देखा कि एक लैपटॉप, दो प्रिंटर, प्रोसेसर, रैम अन्य कई समान जल कर राख हो गया है। इसकी सनहा दारू थाना में दर्ज कराया गया।

## यूएसए सेल्स का उद्घाटन पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने किया

**बड़कागांव।** हजारीबाग बड़कागांव रोड स्थित एंजेल स्कूल के समीप हजारीबाग में यूएसए सेल्स का उद्घाटन पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, मुकुटधारी महतो, खेमन्वती देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कि इस तरह की दुकान खुलने से ग्राहकों को अधिक सुविधा मिलेगी। प्रोपराइटर सचिन सक्सेना ने कहा कि हमारे दुकान में ब्रांडेड व आकर्षक डिजाइनों का टाइल्स ग्रेनाइट पत्थर मार्बल व सेनेटरी के समान उचित मूल्य में उपलब्ध है। ग्राहकों की संतुष्टि हमारी पहली प्राथमिकता होगी।

## फोरलेन मार्ग पर टाटा नैनो वाहन में लगी आग

**रामगढ़।** रांची पटना फोरलेन मार्ग अंतर्गत गोबरदरहा नायरा पेट्रोल पंप के निकट सोमवार को अचानक एक टाटा नैनो वाहन में आग लगने से अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। बताया जाता है की सोमवार की शाम 4:00 बजे के आसपास रांची-पटना फोरलेन मार्ग अंतर्गत गोबरदरहा से एक टाटा नैनो पर कुछ लोग कहीं जा रहे थे। उसी दौरान वाहन में अचानक आग लग गई। जिससे वाहन पर सवार लोगों के बीच अफरा तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। वाहन में लगी आग की खबर फैलने पर वहां लोगों की भीड़ जुट गयी। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। लेकिन इस दौरान वाहन को काफी नुकसान हो चुका था। बाद में काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तबतक वाहन को काफी नुकसान पहुंच चुका था।

## दामोदर महोत्सव आज, तैयारी पूरी

**रजरप्पा।** देवनद दामोदर महोत्सव मंगलवार को मां छिन्नमस्तिका मंदिर रजरप्पा प्रक्षेत्र स्थित दामोदर नदी के तट पर भव्य पूजा अर्चना एव महाआरती का कार्यक्रम आयोजित की गई है। इसको लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। कार्यक्रम में मुख्य अथिति महामहिम राज्यपाल आरसी राधाकृष्णन उपस्थित होंगे। जबकि विधायक सरयू राय, गिरिडीह सांसद सीपी चौधरी, रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी, मांडू विधायक जेपी भाई पटेल, रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी सहित कई दिग्गज लोग मौजूद होंगे। कार्यक्रम को सफल एवं भव्य आयोजन को लेकर संयोजक पंचम चौधरी ने कहा कि गंगा दशहरा के दिन कार्यक्रम को कई भागों में बांटा गया है, जिसमें महामहिम का मंदिर में पूजा अर्चना, दामोदर नदी की विशेषता एवं महत्व पर परिचर्चा एवं संबोधन तत्पश्चात दामोदर नदी पर गंगा पूजा अर्चना एवं महाआरती कार्यक्रम आयोजित होगा।

## ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान ही कांग्रेस का उद्देश्य : अंबा प्रसाद

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विधायक अंबा प्रसाद ने पीटीपीएस 5 नंबर रोड स्थित आवासीय कार्यालय में सोमवार को जनता दरबार लगाकर दर्जनों ग्रामीणों की समस्याएं सुनी इस दौरान पतरातू स्थित आवास में प्रखंड क्षेत्र तथा जिले के दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों से विधायक ने मुलाकात कर बारी-बारी से उनकी समस्याओं को सुनी। विधायक अंबा प्रसाद ने कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान करा दिया। बाकी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग को दिशा निर्देश दिए।

### पब्लिक हाई स्कूल कुजू में पाकिस्तानी की मूल शिक्षा कार्यकर्ता व नॉबेल पुरस्कार विजेता

# मलाला यूसुफजई की तस्वीर लगाये जाने पर जमकर हुआ बवाल

### मुखिया ने जताया विरोध, विरोध के बाद हटाया गया तस्वीर

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** मांडू प्रखंड के कुजू पश्चिमी पंचायत के पब्लिक हाई स्कूल में पाकिस्तानी मूल महिला शिक्षा कार्यकर्ता व नॉबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई की तस्वीर लगाये जाने पर जमकर बवाल हुआ। जब स्थानीय मुखिया जय कुमार ओझा उर्फ बूच बाबा की नजर उक्त तस्वीर पर पड़ी तो उन्होंने इसका विरोध करते हुए कड़ी निंदा किया। इसके बाद प्रधानाध्यापक रविंद्र प्रसाद ने तुरंत उक्त तस्वीर को हटा दिया। मौके पर उन्होंने बताया कि गत 24 जनवरी को विद्यालय की




विद्यालय में लगी मलाला युसुफजई की तस्वीर

शिक्षिका मनीषा धवन द्वारा छात्राओं को मलाला युसुफजई से प्रेरणा लेने के लिए के उक्त तस्वीर लगायी थी। इस पर मुखिया ने कहा कि हमारे देश में बहुत से महापुरूष है जिनसे प्रेरणा लेकर छात्राएं आगे बढ़ सकती है। ऐसे में सिर्फ पाकिस्तानी मूल की नॉबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई की तस्वीर ही क्यों लगाना। अगर विद्यालय में तस्वीर लगाना था तो हमारे देश के कई महापुरूष है जिन्होंने हमारे देश का नाम रौशन किया है उनका तस्वीर लगाया जाये। मुखिया ने शिक्षकों को आगे से ऐसा न करने की बात कही।

## भाजपा का महाजनसंपर्क कार्यक्रम को लेकर बरकट्ठा विस स्तरीय बैठक




बैठक में शामिल लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरकट्ठा।** भाजपा का महाजनसंपर्क कार्यक्रम को लेकर बरकट्ठा विस स्तरीय कार्यकताओं की बैठक दिव्य कल्याण आश्रम में हुई। बैठक में कोडरमा सांसद और केंद्रीय शिक्षा राज्यमंत्री अन्नपूर्णा देवी, निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव मौजूद थे। बैठक के क्रम में अन्नपूर्णा देवी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि भाजपा का एक माह में विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित होंगे। बरकट्ठा विस में प्रत्येक मंडल में सरकार के लाभार्थियों के साथ सम्मेलन कर उन्हें सरकारी लाभ की याद दिलाई जाएगी। जो लाभ से वंचित हैं। उन्हें जोड़ा जाएगा। लाभार्थियों में उज्ज्वला गैस, खाद्यान, पीएम आवास, आयुष्मान समेत आदि योजनाओं के लाभार्थियों से सम्मेलन के माध्यम से जनसंपर्क किया जाएगा। कहा कि 2024 में फिर से केंद्र में मोदी जी की सरकार बनाना है। महाजनसंपर्क अभियान बैठक में निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव ने भाजपा के साथ मिलकर निर्णय लिया है कि 2024 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बने। इसके लिए भाजपा के कार्यक्रम में शामिल होकर सफल करना है। बैठक का संचालन टुकलाल नायक ने की। कार्यक्रम में जिप सदस्य और भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता कुमकुम देवी, वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता, सांसद प्रतिनिधि सुनील मेहता, केदार साव, सुशील पांडेय, मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद, छोटेलाल मेहता, राजकुमार मंडल, जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर समेत बरकट्ठा, चलकुशा, जयनगर, चंदवारा, इचाक, टाटीझरिया, दारू प्रखंड के कार्यकर्ता और मंडल अध्यक्ष मौजूद थे।

### राजस्व एवं विभिन्न विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

## सरकारी जमीनों पर ना हो किसी भी तरह का अतिक्रमण : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** समाहरणालय सभाकक्ष में सोमवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा ने राजस्व एवं विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से लंबित दाखिल खारिज मामलों की जानकारी लेने के क्रम में सभी अंचल अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सजग रहकर सरकारी जमीनों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। वहीं, उपायुक्त ने कहा कि सभी अंचल अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि



समीक्षा करतीं उपायुक्त।

उनके क्षेत्र में किसी भी सरकारी जमीन पर किसी भी तरह का अवैध निर्माण, अतिक्रमण व अवैध रूप से जमीन का इस्तेमाल ना किया जाए। अगर कहीं पर भी इस प्रकार का कोई भी मामला सामने आता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई करते हुए इसकी जानकारी जिला स्तर पर देना सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने म्यूटेशन संबंधित मामलों सहित अंचल कार्यालय द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यों के ससमय निष्पादन के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए।

## दुलमाहा के प्रवासी मजदूर की गुजरात में मृत्यु

### मृतक की पत्नी ने लगाया हत्या का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड के दुलमाहा पंचायत के प्रवासी मजदुर राजन दास गुजरात के अहमदाबाद जिला के मैसाना में हाय गणेश स्टील प्लांट में पिछले 8 साल से मजदूरी करते थे। परिजनों ने बताया कि कल दिनाक 28 मई को शाम 4 बजे राजन दास ने अपनी पत्नी को फोन कर बोला मेरे साथ कंपनी के लोग मार पीट कर रहे है और जान से मारने की धमकी भी दिया है। फिर कुछ घंटे बाद ठीकेदार ने फोन कर बताया कि उसकी सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। मृतक राजन दास की पत्नी फगुनी देवी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कम्पनी के ठीकेदार लोग पहले भी मार पीट करते थे। मृतक राजन दास घर का इकलौता बेटा था उनके चार बच्चे थे विजय दास 15 वर्ष, सुमन कुमार 12 वर्ष, राधिका कुमारी 9 वर्ष, लक्ष्मण कुमार 5 वर्ष, एवं बुजुर्ग माता पिता है। परिजन का आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण मृतक का शव लाने से असमर्थ है।

## डीलर सीताराम हंसदा के अंतिम संस्कार में शामिल हुए विधायक

### मुखिया समेत कई समाजसेवी भी थे मौजूद

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत रानीचुआं पंचायत के ग्राम कुटमा निवासी समाजसेवी व जन वितरण प्रणाली दुकानदार सिताराम हंसदा का सुबह 8 बजे निधन हो गया। मृतक अपने पीछे एक पुत्र, चार पुत्री, पत्नी तथा चार पोता पोती के साथ भरा पूरा परिवार को छोड़कर अपने परिवार समाज तथा संसार को हमेशा हमेशा के लिए अलविदा कह गए। सिताराम हंसदा का उनके पैतृक गांव कुटमा के शमशान घाट पुल के पास हिन्दू रिवाज के अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में विधायक उमाशंकर अकेला, स्थानीय मुखिया मुर्ती देवी, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि गाजो टुड्डू, समाजिक कार्यकर्ता सह भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति युवा मोर्चा बरही प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र टुडू, पिपराटांड के प्रधानाध्यापक राधे कृष्णा रविदास, जगदीश यादव, मनोज यादव, राकेश रजक, विनोद कुशवाह, श्रीनगर से डीलर प्रकाश रविदास, बरसोत से डीलर संजय



दिवंगत हंसदा के निधन पर मौजूद विधायक व अन्य।

कुमार, मुरहा टुडु,रवि सिंह, चरखू सिंह, रति हंस्दा, करमा मांझी, विजय केशरी, छोटेलाल राम, डीलर कमल शंकर पंडित, रवि कुमार, राजूराम बास्के ने पहुंचकर शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

## पीड़ित परिवार ने भुरकुंडा ओपी से लगायी न्याय की गुहार



भुरकुंडा ओपी में न्याय की गुहार लगाते लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौन्दा बस्ती टिपला में पिछले दिनों युवक पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी खुलेआम घुम रहा है। आरोपियो पर मामला दर्ज होने के बाद भी पुलिस कोई कारवाई नहीं कर रही है। साथ ही आरोपी पीडित पर मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे है। जिससे पीडित सहित परिजन भयभीत है। सोमवार को पीडित अपने परिजनो के साथ न्याय की गुहार लगाने को लेकर भुरकुंडा ओपी पहुंचे। इस दौरान सौंदा बस्ती निवासी पीडित दीपक कुमार पिता दुखन साव ने बताया कि पिछले 23 अप्रैल की शाम करीब साढे सात बजे स्थानीय रितिक राशन दुकान के पास सामान लेने गया था। इसी दौरान रमेश साव, बजरंगी कुमार, संतोष कुमार, सोनू कुमार, सुरज कुमार, निरज कुमार और शिवम कुमार सभी लाठी डंडा लेकर आ धमके और बिना किसी बात के मारपीट करने लगे। मारपीट में पीडित का सर फट गया और शरीर मे गंभीर चोटें आई। सर मे चोट लगने और मारपीट के कारण दीपक कुमार जमीन पर गिर कर बेहोश हो गया। पीडित के जमीन पर गिरते ही आरोपी फरार हो गये। घटना की जानकारी के बाद दीपक कुमार के परिजन वहां पहुंचे। जहां परिजनो ने तत्काल घायल दीपक को प्रखंड चिकित्सालय पतरातू ले गये। जहां घायल का प्राथमिक उपचार किया गया। दीपक कुमार ने बताया कि घटना के बाद रामगढ एसपी कार्यालय पहुंचा। जहां आरोपियों पर कारवाई करने और न्याय दिलाने की मांग को लेकर आवेदन दिया। आवेदन के बाद भुरकुंडा पुलिस ने 26 अप्रैल को सभी आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## तीन दिवसीय राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हवन पूर्णाहुति और भव्य भंडारे के साथ संपन्न

### भक्ति जयकारों से गूंजा क्षेत्र, भंडारा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जवाहर नगर भुरकुंडा स्थित श्रीश्री 1008 पगला बाबा सेवा आश्रम में चल रहें तीन दिवसीय राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के तीसरे दिन सोमवार को प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा, आवाहित, देवी देवताओं का पुजन, हवन, पुणार्हुति और भव्य भंडारा के साथ महायज्ञ का समापन हुआ। वहीं अंतिम दिन यज्ञाचार्य आचार्य अशोक कुमार मिश्र द्वारा पूरे विधिविधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराए गए। इसके पूर्व रविवार को 33 कोटी देवताओं का आह्वान, स्थल पुजन, अधिवास, शच्चाधिवास सहित अन्य अनुष्ठान संपन्न कराया। महायज्ञ के दौरान जय श्रीराम, जय माता सीता, जय हनुमान सहित अन्य अराध्य देवी देवताओ के गगनभेदी उद्घोष से पुरा क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। महायज्ञ को संपन्न कराने में भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, मथुरा साव सहित दर्जनो महिला पुरूष शामिल थें।



भंडारा में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।



पूजा अर्चना में शामिल श्रद्धालु महिला-पुरुष।

## प्राण प्रतिष्ठा सह सात दिवसीय पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ के चौथे दिन हुए कई धार्मिक अनुष्ठान

**कुजू।** काली मंदिर दिगवार परिसर में आयोजित श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा सह सात दिवसीय पंच कुंडीय रुद्र महायज्ञ के चौथे दिन सोमवार को यज्ञाचार्य विकास पांडेय, उपाचार्य प्रवीण पांडेय, ओमकार पांडेय, प्रकाश पांडेय, सुमन वत्स, शशि तिवारी, शुभम शास्त्री, नीरज शास्त्री, सत्यजीत पांडेय, कृपाचार्य मिश्रा, दीपू शास्त्री द्वारा यजमान बने रामकिशुन प्रसाद, शशि शशि प्रसाद सपत्नीक को वेद पाठ, वेदी पूजन, मंडप पूजन, हवन, धुपाधिवाश, फलाधिवाश, मिष्ठानधिवाश, आरती, पुष्पांजलि आदि धार्मिक अनुष्ठान कार्य संपन्न कराया गया।

एक नजर में

## हुरहुरू तेली टोला में घरों में बैठा कर परोसी जाती है शराब

**हजारीबाग।** शहर के बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत तेली टोला में घरों में बिठाकर अहले सुबह से देर रात्रि तक शराब परोशि जाती है। मोहल्ले वासियों ने कई बार थाने को सूचना दी नगर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा। यहां तक की इस शराब के कारण नशे में धुत्त अवस्था में कई लोगों की डूबने से मौतें भी हो चुकी है। यदि कुछ लोग इस शराब बिक्री का विरोध करते हैं तो उन लोगों से लड़ने झगड़ने को शराब व्यवसाई तैयार हो जाते हैं। वही कुछ दिनों पहले तालाब के समीप जिम संचालक रिंकू साव ने भी अपने कुछ साथियों के साथ आवाज उठाई थी।

## एक पटिया बड़ा बाजार थाना स्थित फोर व्हीलर सीज

**हजारीबाग।** शहर के बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत एक पटिया मोहल्ले में बड़ा बाजार थाने के द्वारा सीज की हुई फोर व्हीलर वाहनों को पार्क करवाया जा रहा है। जिसको लेकर आवागमन आय दिन बाधित होता है। मोहल्ले वासियों ने थाने को सूचना दी मगर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा और यहां तक की कुछ मूल निवासियों का कहना है कि थाने के डर से भी कोई बोले नहीं जाता है। मनमाने तरीके से ट्रैक्टर फोर व्हीलर वाहन और 709 बस को पार्क किया गया है जबकि यह एरिया एक पटिया व्यस्त पुराना बस स्टैंड बस स्टैंड की ओर जाती है । यही रोड मिशन की रोड भी निकल जाती है वहीं कुछ लोगों का कहना यह भी है कि भीड़भाड़ और व्यस्त होने के कारण इस एरिया में एक्सीडेंट आए दिन होती है। जिला प्रशासन को इस मामले में ध्यान आकृष्ट करने की जरूरत है।

## साफ सफाई के नाम पर हफ्ता वसूली

**हजारीबाग।** शहर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत डेली मार्केट जोकि काफी व्यस्त बताया जाता है। दुकानदारों का आरोप है कि साफ सफाई के नाम पर सालों से सुपर के द्वारा हफ्ता में ?50 की वसूली पर दुकानदारों से की जाती है चाहे वह राशन व्यवसाई हो या मनिहारी व्यवसाई हो या कपड़ा व्यवसाई हो या जूता चप्पल व्यवसाई हो या सब्जी विक्रेता हो कोई भी अछूता नहीं है इस हफ्ता वसूली देने को लेकर दुकानदारों ने यह भी बताया कि 1 सप्ताह यदि हम सब हटा नहीं देते हैं। गंदगी गिराने की बात कह कर सुपर चला जाता है और दूसरे दिन गंदगी गिरा दी जाती है और सफाई नहीं होता है मजबूरन हम सबों को हफ्ता देना पड़ता है।

## दुर्घटना में होमगार्ड के जवान की मौत

**चरही।** रविवार शाम करीब 7 बजे चरही चौक पर सड़क दुर्घटना में एक होमगार्ड के जवान की मौत घटना स्थल पर हो गई। जानकारी के अनुसार होमगार्ड के जवान एक ट्रेलर वाहन पर सवार होकर हजारीबाग से चरही आ रहा था। चरही पहुंचकर ट्रेलर वाहन से नीचे उतरकर सड़क को पार कर रहा था। इसी क्रम में ट्रेलर वाहन अपने चपेट में ले लिया। जिसकी मौत घटना स्थल पर हो गई।ट्रेलर भागने में सफल रहा।ग्रामीणों ने इसकी सूचना चरही थाना को दिया।पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया।सरकारी प्रक्रिया पूरी कर एनएचएआई के वाहन से पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया गया।मृतक होमगार्ड के जवान के बारे में परिजनों ने पदमा थाना के सूरज पूरा निवासी केदार प्रसाद के रूप में पहचान किया गया। यह जवान सीसीएल के परेज परियोजना में कार्यरत बताया गया।

## हाइवा और हाइड्रा वाहन में जोरदार टक्कर, हाइड्रा चालक की मौत

**चरही।** सोमवार को चरही थाना क्षेत्र के अंसार चौक के पास हाइवा और हाइड्रा वाहन में जोरदार टक्कर हो गया। जिस कारण हाइड्रा वाहन पलट गया। इसका चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हाइवा वाहन नंबर जेएच02एटी/4525 परेज की ओर से कोयला लादकर तेज रफ्तार से आ रहा था। अंसार चौक के पास खड़ा हाइड्रा वाहन को सामने से टक्कर मार दिया। जोरदार टक्कर होने के कारण हाइड्रा पलट गया।इस पर सवार बिहार के गया निवासी ऑपरेटर कमलेश यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने घायल ऑपरेटर को तत्काल इलाज के रांची भेजा गया। रास्ते में उस ऑपरेटर की मौत हो गई। चरही पुलिस को जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को जब्त कर लिया। बताया जाता है कि हाइड्रा वाहन सीसीएल के तापीन नार्थ कोलियरी में स्क्रैप उठाने का कार्य करता है।

## फूल बगान जंगल से पेड़ पर लटके दो शव बरामद

**चरही।** सोमवार को चरही थाना क्षेत्र के ब्लॉक नंबर 44 के फूल बगान जंगल से पेड़ पर लटका लड़का-लड़की के शव को चरही पुलिस ने बरामद किया है। दोनों लड़का-लड़की बीते शनिवार से गायब थे।दोनों के माता-पिता काफी खोजबीन किया। लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।दोनों के गायब होने की जानकारी पुलिस को ना तो भट्ठा मालिक और ना ही मृतक के परिजन द्वारा ही दिया गया। आस-पास के ग्रामीण अपने मवेशी को चराने जंगल आए हुए थे। इस क्रम में पेड से लटका दो शव को देखा।यह घटना आग की फैल गई। इसकी जानकारी चरही थाना को दिया गया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विक्रम कुमार और पुलिस निरीक्षक महेंद्र सिंह दल-बल के घटना स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण कर दोनों मृतक के परिजनों के उपस्थिति में शव को पेड़ से उतारा गया। दोनों मृतक के माता-पिता इचाक निवासी कुलदीप मेहता के चिमनी ईंट भट्ठा में मजदूर के काम करते हैं। मृतक हेमुल निषाद 22 वर्ष पिता दुकनू निषाद ग्राम बकरकुदा थाना मश्कुरी जिला विलासपुर और सोनिका चौहान 18 वर्ष पिता पंच राम ग्राम कुकुरदी थाना पंचपेड़ी जिला विलासपुर के निवासी बताया जाता।इनके परिजन ईंट पथाई के काम करते है। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग का मामला प्रतीत होता है। दोनों को हत्या कर पेड़ पर लटकाया गया था। लड़की के माथे पर चोट के निशान दिखाई दे रहा था। पेड़ के नीचे से लड़का का मोबाइल भी पुलिस ने बरामद किया है। पंचनामा तैयार कर दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। मामला जो भी हो पुलिस हर पहलु पर जांच करने में जुट गई है।

## प्रखंड सभागार भवन में बैठक का आयोजन

**इचाक।** प्रखंड सभागार भवन में प्रखंड20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम के अध्यक्षता में व संचालन वीडियो रिंकू कुमारी ने किया। इस बैठक में सभी विभाग के समीक्षा बैठक किया गया। बाल विकास परियोजना के द्वारा अनियमित पाई गई 25 मई को तीन आंगनवाड़ी की जांच में सीडीपीओ के द्वारा मिलीभगत से आंगनबाड़ी बंद पाया गया एवं और आंगनवाड़ी में उपस्थिति कम पाई गई। इसकी शिकायत उपायुक्त महोदय से किया जाएगा पीएचडी जल नल योजना में जितना भी डीप बोरिंग हो रहा है उस जमीन का सहमति पत्र एवं कार्य का प्रकरण कॉपी अगला बैठक में मागं किया गया। गर्मी को देखते हुए सभी चापाकल खराब पड़े जल मीनार अभिलंब बनाने का निर्देश दिया गया स्वास्थ्य केंद्र ईचाक में डॉक्टर मृत्युंजय कुमार डिकपटेशन हजारीबाग में किया गया है उसे रद्द करते हुए इचाक में पदस्थापित किया जाए मनरेगा कार्य में घोर अनियमितता पाया गया इसका जांच उपरांत और मजदूर द्वारा कार्य कराया जाए प्रधानमंत्री आवास योजना 432 लाभुक आवास है इसे अविलंब पूरा किया जाए प्रखंड आपूर्ति पदअधिकारी को निर्देश दिया गया। इस बैठक में सीओ 20 सूत्री उपाध्या लालमोहन रविदास20 सूत्री सदस्य नगीना सिंह रामप्रवेश सिंह दिगम्बर कुमार मेहता बाबुल हसदा अजय गोप सीडीपीओ स्वास्थ्य कर्मी पीएचडी आपूर्ति एवं सहकारिता प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रखंड कार्यक्रम मनरेगा प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी अंचल निरीक्षक बीटीएम 15वें वित्त सभी उपस्थित थे सभा के अध्यक्ष के द्वारा सभा की धन्यवाद देकर समाप्त किया गया।

## स्पीड न्यूज

### विद्यार्थी परिषद ने अधिष्ठाता छात्र कल्याण पदाधिकारी को सौपा मांग पत्र

**मेदिनीनगर ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री रामाशंकर पासवान के नेतृत्व में विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता को लेकर अधिष्ठता छात्र कल्याण पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया कि सत्र 2022-24 के व्यवसायिक कोर्स सहित स्नातकोत्तर के सभी विषयों में नामांकन हेतु चास्लर पोर्टल को एक बार पुन: खोला जाए ।स्नातक 2019-22 के परीक्षा परिणाम प्रकाशित होने के बाद भी विद्यार्थियों को अंकपत्र न मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। अंक पत्र छात्रों को अविलंब दिया जाये। नई शिक्षा नीति एवं विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी को अविलंब दूर किया जाए ।सत्र 2020- 23 जनरल कोर्स का अंकपत्र उपलब्ध कराया जाए ।स्नातक ओल्ड कोर्स का परीक्षा परिणाम अभिलंब प्रकाशित किया जाए ।इस मौके पर विनीत पांडे ने कहा कि विश्वविद्यालय की गलती की वजह से छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है ।विश्वविद्यालय के अधिकारी और पदाधिकारी एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप गढ़ने में व्यस्त रहते हैं ।विद्यार्थी परिषद विश्वविद्यालय प्रशासन से पूर्व में ही मांग किया था कि विश्वविद्यालय सभी छात्रों का एडमिशन अभिलंब सुनिश्चित करें। पुण: डीएसडब्ल्यू के माध्यम से विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग करते हैं ।कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना बंद करे। अथवा परिषद कार्यकर्ता पूरजोर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। जिसकी पूरी जिम्मेवारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी ।मुख्य रूप से जिला संयोजक अभय वर्मा ,जिला एस एफ डी प्रमुख सुमित पाठक,नगर सह मंत्री अभिषेक कुमार रवि ,कॉलेज मंत्री विपिन कुमार यादव,प्रियांशु कुमार,हिमांशु कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

### छतरपुर में खुला आरआरआर सेंटर

**छतरपुर।** छतरपुर नगर पंचायत स्थित अनुमंडल कार्यालय के बगल में आर आर आर यानी रि-ड्यूज री-यूज री-साईकिल सेंटर खुला जिसमें अगर आपके पास पुरानी किताब है पुरानी बोतल जूते चप्पल कपड़े या ऐसे सामान जो घरों में बेकार पड़े हैं उसे जाकर इस आर आर आर सेंटर में जमा कर सकते हैं जो सामान्य यूज के लायक रहेगा उसे जरूरतमंदों के बीच बांट दिए जाएंगे तथा बेकार सामानों को रीसाइक्लिंग के लिए आगे भेजा जाएगा। इस संबंध में छतरपुर नगर पंचायत कार्यपालक कामेश्वर बेदिया ने बताया कि इस सेंटर में घर के अनयूज्ड चीजों को लाकर जमा कर सकते हैं उपयोगी सामानों को जरूरतमंदों के बीच तथा बेकार सामानों को रिड्यूज किया जाएगा इससे जरूरतमंदों को जरूरत भी पूरा हो जाएगा तथा लोगों में साफ सफाई के प्रति जागरूकता भी आएगी और नगर क्षेत्र में हो सकता है बेकार सामानों का कूड़ा भी नजर ना आए। उन्होंने यह भी बताया कि इस सेंटर को नगर पंचायत के सफाई कर्मियों के सहयोग से नगर प्रबंधक जितेश कुमार के द्वारा किया जाएगा। सामानों के संग्रह के बारे में उन्होंने बताया कि कचरे उठाने के लिए सभी वार्डों में जो गाड़ियां जाती है उन गाड़ियों के स्टाफ या सफाई कर्मी को अपने घर की बेकार सामान दे सकते हैं वे लाकर आर आर आर सेंटर में जमा कर देंगे। इस मौके पर नगर प्रबंधक जितेश कुमार ने बताया कि यह सेंटर निश्चित रूप से गरीबों और जरूरतमंदों के लिए मददगार साबित होगा।

### युवक की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**नीलाबर पीतांबर पुर।** थाना क्षेत्र के रामानंद डबरा गांव के 35 वर्षीय जमुना ठाकुर उर्फ पाईलट ठाकुर की उसके ससुराल में रविवार को देर रात पांकी थाना अंतर्गत मंगलपुर में संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई। सूत्रों के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को रात्रि में ही मृतक की पत्नी अपने तीन बच्चों के साथ लेकर पांकी थानाक्षेत्र मंगलपुर अपने मायके गई थी। इधर उसके पति घर पर इधर उधर खोज बिन किया परंतु कहीं नहीं मिलने के बाद उक्त युवक अपने ससुराल पहुंच गया जहां रविवार को देर रात्रि उसकी मौत हो गए मौत के बारे में किसी व्यक्ति भी कुछ भी अस्पष्ट नहीं बता पा रहा है। सोमवार के सुबह घर के परिजनों ने जब पाकी पहुंचकर शव को लेकर रामानंद डबरा पहुंचे तो आसपास के लोगों ने चित्रकार मार कर रोने लगे सभी ने बताया कि युवक बहुत ही मृदुभाषी और मिलनसार था इसके मौत से पूरे गांव में मातम का माहौल है। घर पंचायत के मुखिया अरविंद शुक्ला ने मृतक के दाह संस्कार के सभी सामग्री उपलब्ध कराया है। किसी के ऊपर भी कोई भी कानूनी कार्रवाई नहीं हुई और शव को परिजनों द्वारा दाह संस्कार कर दिया गया। मृतक अपने पीछे तीन बेटी और पत्नी को छोड़ गया।

### अंचल के बड़ा बाबू लगातर रहते हैं गायब

**नीलांबर पीतांबरपुर।** इन दिनों अंचल के बड़ा बाबू के लगातार छुट्टी पर कई मुखिया ने नाराजगी जाहिर किया तथा बताया कि बिना बताए अंचल के बड़ा बाबू शकिल अहमद के पास कई लोगों की आवश्यक कागजात जमा है ।और साहब बिना बताए लगातार छुट्टी पर रहते हैं। जिसके कारण अंचल के कई काम बाधित हो गए हैं। इधर विरोध जताने वाले में मुखिया संघ के अध्यक्ष मनदीप मेहता कुराईन पतरा प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार हरतुआ पंचायत के मुखिया अरविंद शुक्ला सहित कई लोगों ने नाराजगी जाहिर किया है तथा उनके अनुपस्थित रहने के कारण अंचला अधिकारी चंद्रशेखर कुणाल से कारण जाना है। इधर अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल ने बताया कि लगातार उनका छुट्टी काटा गया है और बिना बताए ड्यूटी से गायब है इसका शिकायत भरी पदाधिकारी से की जाएगी।

### जलयात्रा के साथ शतचंडी यज्ञ शुरू

**मोहम्मदगंज।** पलामू प्रखंड के भजनिया गांव में श्री शतचंडी महायज्ञ को लेकर सोमवार को भव्य विशाल जलयात्रा निकली गई ।इसमें भजनिया सहित आसपास के गांवों के हजारों की संख्या में नर नारी श्रद्धालुओं ने पवित्र कोयल और काशीस्त्रोत संगम स्थल से अपने अपने कलश में वैदिक मंत्रोच्चार संकल्प के साथ जल भरकर यज्ञ मंडप में स्थापित किये ।जलयात्रा यज्ञ परिसर स्थित ग्राम देवी सहित आराध्य देव की पूजा अर्चना के बाद गांव भर्मण किया ।जलयात्रा यज्ञ स्थल से मोहम्मदगंज जपला मुख्य पथ होते हुए पवित्र कोयल नदी स्थल पहुची। संपूर्ण अनुष्ठान राधेकृष्ण वेणुगोपाल मंदिर वृद्ध खैरा, पांडु के श्री अनंत विभूषित श्री स्वामी विष्णु चित्त जी महाराज के सान्निध्य में संपन्न होगा। इनके अलावा श्रीमद्भागवत कथा व्यास जगत गुरु रामानुजाचार्य, श्री मुक्ति नारायण स्वामी जी महाराज (काशी) और श्रीराम चरित मानस श्रीराम कथा व्यास चंद्रबली जी महाराज का भी यज्ञ कार्य मे सम्मिलित रहेंगे। यज्ञ को सफल बनाने के लिए गांव के युवा लगे हुए है।

## स्वास्थ्य विभाग के एग्जीक्यूटिव कमेटी की हुई बैठक, नौ एजेंडे पर की गयी चर्चा

# एनएचएम के तहत होंगी नियुक्तियां : अपर सचिव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन की एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक सोमवार को हुई। अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 9 एजेंडों पर चर्चा की गई। बता दें की इस बैठक में पूर्व की बैठक की कार्रवाई का अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बीएससी कम्युनिटी हेल्थ स्नातकों को सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में लिया जाना था। जिसका अनुमोदन भारत सरकार से प्राप्त किए



जाने का निर्देश प्राप्त हुआ।

**एनएचएम अंतर्गत रिक्तियों को भरने का आदेश :** बैठक की अध्यक्षता करते हुए अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने कहा कि विभाग द्वारा विभिन्न अधिकारियों को ट्रेनिंग दी गई है। उसका सही रूप से इस्तेमाल किया जाए। विगत 5 वर्षों में हुए कर्मचारियों की ट्रेनिंग का डेटा बैंक बनाने की बात कही। अपर मुख्य सचिव द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जितनी भी रिक्तियां हैं उसे भरने का आदेश दिया।

**इन एजेंडों पर हुई चर्चा**

- आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड, सोशल ऑडिट सिक्योरिटी बेनीफिट और एनएचएम कर्मियों के स्पेशल लीव देने पर भारत सरकार से पत्राचार किया जाएगा।
- 15वें वित्त आयोग एवं पीएम-अभीम के मानव संसाधन बल के लिए एचआर के एग्जीक्यूटिव कमेटी में अनुमोदन दिया गया।
- स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा झारखंड के युवाओं के लिए इंटर्नशिप कार्यक्रम पर निर्णय हुआ। इंटर्नशिप करने वाले विद्यार्थियों को 10 हजार रुपये दिया जाएगा।
- वित्तीय वर्ष 2022-23 में 10385 लाख, 2023-24 में 6072 लाख में कुल राशि का 90 प्रतिशत खर्च किया गया। वहीं एनएचएम द्वारा किए गए कार्यों का भौतिक एवं वित्त प्रतिवेदन एग्जीक्यूटिव कमेटी में रखा गया।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में एनएचएम के अभियान निदेशक भुवनेश प्रताप सिंह, अपर अभियान निदेशक विद्यानंद शर्मा पंकज, एनएचएम के अपर अभियान निदेशक डॉ मनोज कुमार, एनएचएम के निदेशक वित्त डॉ बिरेन्द्र कुमार सिंह, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं लक्ष्मी नारायण प्रसाद मौजूद रहे।

## पीजी विभाग में मूलभूत समस्याओं का अविलंब समाधान हो : आजसू

**खबर मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को रांची विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के सभी पी०जी० विभाग के विभागाध्यक्ष से मुलाकात कर उन्हें छात्रों की समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें वाणिज्य विभाग का भवन, पानी, शौचालय, लाइब्रेरी सहित अन्य समस्याओं का निदान अविलंब करने की मांग को लेकर मांगपत्र सौंपा। मौके पर विभागाध्यक्ष ने आजसू के सदस्यों से कहा की रांची विश्वविद्यालय प्रशासन से बात कर जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान कर दिया जायेगा।



## किक्की सिंह ने राष्ट्रपति को भेंट की तेरे नाम का अपनी पुस्तक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** किक्की सिंह (स्वाति सिंह) ने अपनी पुस्तक कविता संग्रह तेरे नाम का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रांची प्रवास के दौरान उन्हें भेंट की। द्रौपदी मुर्मू ने उनकी पुस्तक की बहुत प्रशंसा की और कहा कि जब आपकी जैसी बिटिया अपने संघर्ष के बदौलत समाज में एक अलग पहचान स्थापित करती है तो मुझे बहुत ही खुशी होती है। कहीं न कहीं यह संघर्ष की कहानी मुझे अपनी जैसी लगती है। उन्होंने किक्की सिंह को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि मुझे उम्मीद है कि आप



अपनी लेखनी के द्वारा समाज की कुरीतियों को दूर करने में महत्वपूर्ण योगदान निभाएंगी।

इससे पूर्व भी किक्की सिंह अपनी पहली पुस्तक शादी का सपना राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को भी भेंट कर चुकी है। इस पुस्तक का विमोचन 2018 में झारखंड के तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास ने किया था। वर्तमान में किक्की सिंह रांची यूनिवर्सिटी से पत्रकारिता में पीजी कर रही हैं। अपनी लेखनी के लिए वह झारखंड इंटर नेशनल फिल्म फेस्टीवल अवॉड्र्स तथा अन्य कई सामानों से सम्मानित हो चुकी हैं।

## मुसहर परिवार का उजाड़ दिया गया आशियाना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के नौडीहा पंचायत के कोईरीपतरा में लगभग एक दर्जन मुसहर जाति के लोगो का आशियाना उजाड़ दिया गया है, बताते चले की। सोमवार को सुबह जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष नवलेश मेहता एवं विनय मेहता द्वारा मुसहर टोली में पहुंच कर मुसहर लोगों को कहा कि तुम लोग यहां से अपना अपना झोपड़ी उजाड़ लो नहीं तो शाम को सभी को यहां से भागा दिया जाएगा और अपने से झोपडी तोड़ने लगा जब लोगों के द्वारा विरोध किए जाने पर वहां से भाग गया। स्थानीय मुखिया मनदीप कुमार मेहता एवं कुराईन पतरा प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार को लोगो ने जब सूचना दिये तो वे लोग वहां पहुंचकर झोपड़ी उजाड़ने का कड़े शब्दों में निंदा किये तथा

**जेएमएम के प्रखंड अध्यक्ष पर आरोप**

सभी मुसहर परिवार को लेकर थाना पहुंचे थाना के बाद सभी लोगों ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय जाकर धरना पर बैठ गए नौडीहा पंचायत के मुखिया मनदीप मेहता ने कहा कि सरकार के द्वारा अभी तक इन लोगो को स्थायी जमीन उपलब्ध नही कराया गया है ।मुखिया मुसहर परिवार के साथ घंटों धरने पर बैठे रहे तथा अंचल से मांग करते हुए कहा कि तत्काल इन्हें भी अंबेडकर आवास एवं भूमि देने की मांग की धरना स्थल पर अंचल पदाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल धरने पर बैठे मुसहर परिवार एवं मुखिया को आश्वासन देते हुए कहा है कि दस मुसहर परिवार के नाम से प्रत्येक को 03 डिसमिल भूमि देने कि प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी कर ली गई है तथा एक सप्ताह के अंदर उपायुक्त द्वारा इन्हें जमीन का पर्चा दे दिया जाएगा ।प्रखंड आवास कोर्डिनेटर रुस्तम कुमार गहलोत ने बताया कि 10 मुसहर परिवार को अंबेडकर आवास आवंटन किया जाना है इसके लिए प्रकिर्या जारी है कुछ लोगों का बैंक में अकाउंट अभी तक नहीं खुला है जिससे कारण कुछ दिक्कत है जिसे बहुत जल्द समाधान कर लिया जायेगा। उक्त आश्वासन के बाद मुखिया ने धरने को समाप्त किया तथा कुराईनपतरा के मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार ने बताया कि समाज के सबसे अंतिम तबका मुसहर परिवार को दिया गया आश्वासन यथाशीघ्र पूरा नहीं किया गया तो पुनः सभी लोग को लेकर अनिश्चित काल के लिए प्रखंड सह अंचल कार्यालय में धरना दिया जाएगा।

## झामुमो जिला अध्यक्ष ने उपायुक्त को सौप मांग पत्र

# सौ बेड वाला अस्पताल शुरू हो : सिन्हा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** झामुमो के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा व माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने उपायुक्त से मिलकर पलामू की जन समस्याओं पर बात कर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज मे सौ बेड का निर्मित अस्पताल जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के द्वारा चार दिसम्बर2022 को किया गया था ।जीसका उपयोग मरीजों के लिए अभी तक शुरू नहीं किया गया है ।इसे जल्द से जल्द शुरू किया जाये। ऊंटारी रोड प्रखंड के कई समस्याओं को भी उपायुक्त के समक्ष रखा। जिसका निदान भी जल्द किया जाएगा ।साथ ही पुलिस स्टेडियम का सुंदरीकरण और सुदृढ़ीकरण की मांग रखा।श्री सिन्हा ने बताया की उपायुक्त के समक्ष समस्याओं को रखा है। जिस पर उपायुक्त ने




अस्पताल जल्द से जल्द शुरू कराये जाने का आस्वासन दिया है ।हमारा प्रयास है की मरीजों को समस्याओं का सामना नहीं करना पड़े ।मरीजों को रिम्स रेफर से मुक्ति मिले यह मेरा प्रयास है।

उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में पलामू पुलिस स्टेडियम नए रूप में तैयार किया जाएगा। जिससे की हमारे खिलाड़ियों को खेल का अच्छा मैदान मिल पाएगा ।और ऊटारी रोड प्रखंड में समस्याओं का जाल फैला है। इस पर भी उपयुक्त से सकारात्मक बात हुई है ।जल्द से जल्द निदान किया जाएगा ।उपायुक्त समस्याओं का तुरंत निराकरण पर विश्वास करते हैं ।उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी बेहतर कार्य कर रहे हैं ।इस मौके पर झामुमो नेता अविनाश देव और उटारी रोड प्रखंड के प्रखंड अध्यक्ष अजय गुप्ता मौजूद थे।

## चंडी महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बिश्रामपुर (पलामू)।** पलामू जिला अंतर्गत विश्रामपुर प्रखंड के सेमरी गांव में चल रहे पांच दिवसीय चंडी महायज्ञ में पहले दिन से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। यज्ञ के पहले दिन यज्ञशाला में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ आराध्य देव को आमंत्रित किया गया। इसके उपरांत हवनकुंड में अग्नि प्रवेश कराया गया। यज्ञशाला परिसर में आचार्यो व यजमानों के द्वारा वेदमंत्रों के उच्चारण और जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। यहां बताते चलें कि नवनिर्मित ग्राम देवी मंदिर में देवी मां व बाबा भैरव की प्रतिमा स्थापित किया जाने को लेकर श्री चंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है। आगामी एक जून को प्राणप्रतिष्ठा अनुष्ठान के बाद प्रतिमा स्थापित होगी.दो



जून को हवन और भंडारे के यज्ञ की पूणार्हुति होगी।

यज्ञ का कार्यक्रम यज्ञाचार्य श्री श्री श्री 1008 त्रिदंडी स्वामी जी के कृपापत्र उदय नारायणाचार्य जी महाराज की देख देख में चल रहा है। महायज्ञ में श्रद्धालुओं भीड़ पहले दिन से ही उमड़ रही है। गर्मी व लूं की थपेड़ों का कोई असर यज्ञ में नहीं दिख रहा। श्रद्धालु अहले सुबह से ही यज्ञशाला की परिक्रमा करने आ रहे है.यज्ञ परिसर में कथावचन भी चल रहा है.जिसमें मानस विदुषी सुश्री साध्वी लीला भारती,मानस मर्मज्ञ रघुवंश शास्त्री व बाल व्यास शिव शंकर शास्त्री जी के द्वारा संगीतमय कथा कहा जा रहा है.प्रवचन में भी काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर राम कथा का श्रवण कर रहे हैं।

## संत मरियम स्कूल के बच्चों का स्केटिंग में शानदार प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 28 मई को एनर्जी पार्क पटेल नगर पटना में 7वा रोलर स्केटिंग चैम्पियनशिप स्केट्स स्पोर्ट एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में बिहार, उत्तर प्रदेश,झारखण्ड के सैकड़ों स्केटिंग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबलो में पलामू के स्केटिंग खिलाड़ी विवेक टोप्पो और बिट्टू कुमार गोल्ड मेडल, नीरज कोरवा और युवराज सिंह ब्रॉन्ज मेडल को अपने नाम किया। साथ ही राधा कृष्ण साव को सर्टिफिकेट मिला। इस चैंपियनशिप में पलामू के 11ने स्केटिंग खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था ।उन सभी को स्केट्स स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ बिहार द्वारा



प्रमाण-पत्र देकर खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाया गया। साथ ही स्केटिंग कोच चन्दन कुमार को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया ।छात्रों के शानदार सफलता से अभिभूत होकर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की स्केटिंग जैसे खेलों में पलामू का आगे बढ़ना यहां के छात्रों के हित में है ।इस चैंपियनशिप के बाद बहुत सारे छात्र विजयी प्रतिभागियों से प्रेरणा लेकर बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे ।उन्होंने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं जब पलामू जैसे सुदूरवर्ती इलाके के लोग भी विभिन्न खेलों में अपना कैरियर बनाएंगे ।श्री देव ने सभी विजयी खिलाड़ियों को बधाई दिया ।और सदैव मदद करने का आश्वासन दिया।

## बिजली विभाग की लापरवाही से हो सकता है बड़ा हादसा, नीचे लटक रहा है तार

**मितल सिंह**

**छतरपुर पलामू ।** छतरपुर नगर पंचायत क्षेत्र के रामगढ़ में बिजली विभाग का खौफनाक लापरवाही देखी जा सकती है आलम यह है कि इस बस्ती में मुस्लिम टोला के समीप सड़क पर बिजली के खंभे से तार इतने नीचे लटक रहे हैं की सड़क पर खड़ा होकर आदमी उसे आराम से छू या पकड़ सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मंजर पिछले 2 वर्षों से है जिसे लेकर बिजली विभाग के कर्मियों को फोन कर सैकड़ों बार बताया गया है हम तो आज तक इस पर बिजली विभाग पूरी तरह से मौन होकर शायद बड़े हादसा होने का इंतजार कर रही है। गौरतलब हो कि इन रास्तों से कभी-कभी बड़ी-बड़ी गाड़ियां भी गुजरती है और छोटी गाड़ियां तो इधर उधर होती ही रहती है। लोग भी पैदल इन रास्तों से दिन भर इधर-उधर आते जाते हैं तथा जहां पर यह तार लटक रहा है उसके आसपास किसान अपने मवेशियों को चराते भी हैं। वर्तमान में शादी विवाह की सीजन चल रही है इसमें कई अनजान गाड़ियां इन रास्तों से गुजरती है जिन्हें काल रूपी बिजली



के तार के बारे में पहले से कोई जानकारी होती ही नहीं है। लोगों ने बताया कि अभी तक कोई बड़ी हादसा नहीं हुई यही बहुत बड़ी गनीमत है नहीं तो किस दिन यह तार बसों पर सवार सैकड़ों बारातियों की जान ले लेगा या अगल-बगल के लोगों पर कब यह काल बनकर बरस जाए इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता। ग्रामीणों के अनुसार इसका टेलीफोनिक जानकारी दी गई है जबकि बिजली विभाग के संबंधित अधिकारी ने बताया की इसका कोई लिखित शिकायत नहीं किया है हलकी कनीय अभियंता कुलदीप कुमार ने कहा की आज प्रेस के माध्यम से यह मामला मेरे संज्ञान में आया तो अविलंब स्पोर्ट विजिट कराया है इसे दो दिन के अंदर ठीक करा दिया जाएगा हालांकि यह तार 440 बोल्ट का क्रोस किया है न की 33000 का आंधी तूफान के वजह से यह सरक गया है किसी प्रकार का घबराने की बात नहीं हैं मैं खुद कल इसे ठीक कराऊंगा ।उन्होंने बताया की नगर क्षेत्र के बैरियाड़ीह में कुछ व्यक्तियो का मकान बनाया जा रहा है वे लोग 33 हजार तार के नीचे मकान बना रहे हैं उन्हें मैं सूचित करना चाहूंगा कि उससे दूर हटकर बनाएं अन्यथा भविष्य में हादसा से इंकार नहीं किया जा सकता है और विभाग की लापरवाही कही जायेगी इन सारे चीजों का भी ख्याल रखने की आवश्यकता है और सभी लोग को जागरूक होने की जरूरत है।

# नक्सली साजिश विफल, चाईबासा पुलिस ने बरामद किये पांच आईईडी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चाईबासा पुलिस ने जिले के गोइलकेरा और टोंटो थाना क्षेत्र में भाकपा माओवादी नक्सलियों के साजिश को विफल कर दिया है। नक्सलियों द्वारा पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाए गए पांच आईईडी बमों को पुलिस ने बरामद कर साजिश को विफल कर दिया। जिससे एक बड़ी घटना टल गई। बरामद सभी बमों को पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टिकोष से जंगल में ही नष्ट कर दिया। पुलिस की ओर से जारी बयान में बताया जा रहा है कि नक्सलियों के खिलाफ लगातार चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान सोमवार को टोंटी थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका एवं अंजदबेड़ा के सीमावर्ती



क्षेत्र तथा गोईलकेरा थाना अंतर्गत ग्राम कुईड़ा एवं मारादिरी के सीमावर्ती क्षेत्र में पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए नक्सलियों द्वारा लगाए गए पांच आईईडी बम बरामद किया गया। इसके अलावा गोईलकेरा थानान्तर्गत ग्राम छोटा कुईडा से मारादिरी जाने वाले रास्ते में भी एक प्रेशर आईईडी लगाया गया था, जिसे सुरक्षा बलों द्वारा बरामद किया गया है एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता की सहायता से नष्ट कर दिया गया। बरामद बमों में 20 किलो का एक, 12 किलो का एक, छह किलो का एक और 5-5 किलो का 02 आईईडी बम था। इस अभियान में चाईबासा पुलिस, झारखण्ड जगुआर, कोबरा 209 203 बटालियन, सीआरपीएफ के 197, 193, 174, 157, 134, 60, 26, बम निरोधक दस्ता, 60 बटालियन और झारखण्ड जगुआर के जवान शामिल थे।

## तिलोपदा गांव में चापाकल खराब रहने से पानी के लिए परेशान हो रहे ग्रामीण, जतायी नाराजगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड की सुरबुड़ा पंचायत के तिलोपदा गांव के ग्रामीण इस भीषण गर्मी में पीने की पानी की समस्या से जुझ रहे हैं। गांव का चापाकल पिछले लगभग एक सप्ताह से खराब रहने के कारण ग्रामीणों को लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ रहा है। गांव का चापाकल खराब रहने पर ग्रामीणों ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को भी अवगत कराया है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। इसे लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने गांव के खराब पड़े चापाकल के समीप खड़े होकर नाराजगी जतायी। ग्रामीणों ने कहा कि विभागीय लापरवाही का खामियाजा हमें उठाना पड़ रहा है। तपती गर्मी में लोग पीने की पानी के लिए तरस रहे हैं। पानी की समस्या को देखते हुये ग्रामीणों ने पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाजसेवी डा. विजय सिंह गागराई को अवगत कराते हुये समस्या के निदान की मांग की। साथ ही



गांव के मुंडा द्वारा ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त चापाकल ठीक कराने के लिए मांग पत्र भी सौंपा। ग्रामीणों ने कहा की भीषण गर्मी में गांव के कई टोलों में चापाकल खराब पड़े हुये हैं। पीने की पानी के लिए गांव में हाहाकार मचा है, इसे देखते हुये जल्द से जल्द चापाकल की मरम्मत करायी जाएं। समाजसेवी विजय सिंह गागराई ने ग्रामीणों को आश्वासन देते कहा कि जल्द से जल्द खराब पड़े चापकलों की मरम्मत कराई जाएगी।

## स्पीड न्यूज

### महिला थाना की नयी थाना प्रभारी बनी एसआई श्वेता कुमारी

**दुमका।** महिला थाना के नए थाना प्रभारी बनी श्वेता कुमारी। सोमवार को एसपी के निदेर्शानुसार नगर थाना परिसर स्थित आहतू थाना से एसआई श्वेता कुमार को महिला थाना स्थानांतरण किया गया। वहीं महिला थाना प्रभारी दीप शिखा महतो को आहतू थाना भेजा गया। दूसरी बार एसआई श्वेता कुमारी को महिला थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण करने का मौका मिला। महिला थाना प्रभारी के रूप में आज पदभार ग्रहण की।

### तीन माह से लापता नाबालिग बरामद पुलिस ने अपहरण के आरोपी को भेजा जेल

**दुमका।** तीन माह से लापता नाबालिग को नगर थाना पुलिस नाबालिग को बरामद करते हुए अपहरण का आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजने में सफल रही। गिरफ्तार आरोपी धनबाद जिला निवासी विक्की रवानी उर्फ विक्की है। सोमवार को नाबालिग का न्यायालय में 164 का बयान दर्ज करा सीडब्लूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां सीडब्लूसी महिला सदस्य के समक्ष नाबालिग का बयान दर्ज करा उसके चचेरे भाई को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार तीन माह पूर्व नाबालिग दूर के रिस्तेदार बहला-फुसला कर ले गया था। बेटी की अपहरण का मामला नगर थाना में नाबालिग के पिता ने दर्ज कराया था। मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर नाबालिग के बरामदगी को लेकर दबिश तेज कर थी। बाद में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस धनबाद से नाबालिग को बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया था।

### सिनी संस्थाके सदस्यों को दी गई एक दिवसीय प्रशिक्षण

**दुमका।** सिनी संस्था के द्वारा कोविड प्रतिरोध समुदाय परियोजना के तहत जामा प्रखंड के 23 पंचायतों के पंचायत स्तरीय समुदाय समूह के सदस्यों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सोमवार को एक होटल में आयोजित हुई। प्रशिक्षक साईलेश कुमार ने प्रतिभागियों को शिशु की उम्र, नवजात की उम्र एवं पोषण की विस्तृत जानकारी दिया। जिसमें कुपोषण के लक्षण, कारण एवं रोकथाम के बारे में चार्ट पेपर के माध्यम से प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। साथ ही एक हजार दिवस की विस्तारपूर्वक समूह में चर्चा हुई। प्रखंड समन्वयक सोमनाथ मंडल ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण लेकर ग्राम स्तर पर समूह सदस्यों को जानकारी देते के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संस्था के कौशल कुमार, बिनोद, विकास, संदीप, मोनिका आदि मौजूद रहे।

### विपक्षी दलों की बैठक एकता नहीं, भ्रष्टाचारियों की एकता है : विजय सिन्हा

**पटना।** भाजपा ने विपक्ष की 12 जून को पटना में होने वाली बैठक को एकता नहीं भ्रष्टाचारियों की एकता की बैठक बताया है। नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने सोमवार को बयान जारी कर कहा है कि ये विपक्षी दलों की एकता नहीं भ्रष्टाचारियों की एकता है। विपक्ष के सभी दल देश की अखंडता और एकता के प्रति गंभीर नहीं हैं इसलिए भाजपा के राष्ट्रवाद पर लगातार चोट कर रहे हैं। ये सभी तुष्टिकरण की राजनीति में डूब चुके हैं और अपनी- अपनी संपत्ति खोने और जेल जाने के डर से एकजुटता का प्रदर्शन कर रहे हैं। इससे पहले रविवार को राजद की ओर से नई संसद की तुलना ताबूत से करने वाले ट्वीट पर भी भाजपा ने जमकर राजद को घेरा था और उनके इस कार्य की आचोलना की थी। सांसद सुशील कुमार मोदी ने तो देशद्रोह का मुकदमा तक दर्ज कराने की बात कही।वहीं बिहार भाजपा के अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा था कि 2024 में जनता विपक्ष को इसी ताबूत में पैक करेगी। उल्लेखनीय है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के विपक्षी दलों को एकजुट करने की मुहिम रंग लाने लगी है। देशभर के विपक्षी नेताओं की बैठक 12 जून को राजधानी पटना के ज्ञान भवन में होगी। बैठक में देश भर के 18 विपक्षी दल शामिल होंगे।

## बिजली विभाग की एक बार फिर दिखी लापरवाही

## एक बेजुवान सांड की गई जान

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** एक बार फिर बिजली विभाग की लापरवाही से एक बेजुवान पशु की जान सोमवार को चली गई। अचानक दो दिन पूर्व तेज बारिश और हवा में कचहरी परिसर में गिरी बिजली के खंभे के तार के चपेट में आने से तड़प-तड़प कर एक साड़ की मौत हो गई। गमीनत रही कि बिजली के तार के चपेट में कोई मनुष्य नहीं आया। चुकी मॉर्निंग कोर्ट होने के कारण सबेरे से ही केस को लेकर पहुंचे दूर-दराज से पहुंचे लोग, अधिवक्ता एवं सफाईकर्मी इस बिजली की तार के जद में आने से बच गये। जिससे एक बड़ी अनहोनी होने से टली। सांड़ की मौत की सूचना पर विभाग के कर्मी आनन-फानन में पहुंचे और पोल से जुड़े तार जल्द काट लेकर चले गये। लेकिन आश्चर्य की बात हो यह है कि दो दिन पूर्व शुक्रवार को तेज हवा और बारिश में व्यवहार न्यायालय के गेट के समाने लगा लिप्ट्स का विशाल वृक्ष गिर गया। जिससे पुराने डीसी कार्यालय कैंपस के गेट सहित बिजली का खंभा चपेट में आने से क्षतिग्रस्त हो गया। दूसरे दिन आस-पास के लोग पेड़ काट ले गये। वहीं बिजली विभाग खानापूर्ति कर तार काट छोड़ गये। लेकिन इसके बावजूद जमीन से बिजली का तार लटकता रहा। बारिश हुए दो दिन बितने और रविवार की छुट्टी के बाद भी विभाग को बिजली के तार की समुचित उपाय नहीं करते हुए काटा नहीं। जिसका नतीजा हुआ कि कोर्ट परिसर के आस-पास रहने वाले अनबोलता प्राणी सांड़ आ गया और तड़प-तड़प कर जान दे दी।

## सड़क हादसे में बाईक सवार बेटा बेटी, भाई-बहन समेत सात घायल

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में सोमवार को दो अलग-अलग हुए सड़क दुर्घटना में बाइक सवार बेटा- बेटी, भाई-बहन समेत सात लोग घायल हो गए। पहली घटना दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर कुकुरतोपा गांव के समीप घटी। जहां हादसे में बाइक सवार मनोज सोरेन, उसकी पत्नी वार्ड सदस्य फेलोमिना हांसदा, दस साल का बेटा अंशू मरियानुस एवं पांच साल की बेटी रेनू घायल हो गई। दूसरी घटना भुरकुंडा गांव के समीप दो बाइकों की भिड़ंत में रूस्तम अंसारी, छोटा भाई अब्दुल कलाम और बहन नाजनीन खातून घायल हो गये। सभी को एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां सभी का इलाज चल रहा है। मनोज सोरेन की हालत गंभीर बनी हुई थी। जानकारी के अनुसार कुकुरतोपा गांव निवासी मनोज सोरेन पूरे परिवार के साथ बाइक से दुमका से घर लौट रहा था। गांव से पहले ही अज्ञात वाहन ठोकर मारकर भाग निकला। हादसे में मनोज, उसकी पत्नी व बेटा बेटी घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की व्यवस्था कर सभी को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। मनोज की हालत अधिक खराब थी और बेटे के दोनों हाथ बुरी तरह से छिल गए थे। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन ठोकर मारने वाले वाहन का पता नहीं चल सका। मनोज बिना हेलमेट का था।

**बहन से मिलने जा रहे भाई बहन घायल :** तेलियाचक का रहने वाला रूस्तम अंसारी छोटे भाई व बहन के साथ बाइक से बबनडीहा में रहने वाली बहन से मिलने जा रहा था। भुरकुंडा के समीप सामने से आ रही बाइक ने सीधे ठोकर मार दी। हादसे में तीनों के अलावा दूसरी बाइक का चालक भी घायल हो गया। जब तक लोग पहुंचते। तब तक वह बाइक लेकर भाग निकला। स्थानीय लोगों ने तीनों घायल को एंबुलेंस से इलाज के लिए अस्पताल भेजा। जहां रूस्तम के सिर में गहरी चोट आई। परिजन ने बताया कि घर से निकलते वक्त बेटे को हेलमेट पहनने के लिए कहा, लेकिन उसने बात नहीं मानी।

## एक नजर में

### भाजपा सरकार गांव के गरीबों से लेकर किसानों और नौजवानों के बारे में सोच रही : गजेन्द्र शेखावत

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के 9 साल पूरे होने पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि भाजपा सरकार गांव के गरीबों से लेकर किसानों, महिलाओं, बेरोजगारों, नौजवानों और छात्रों के बारे में सोच रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश हर आपदा में देशवासियों के साथ खड़ा है। उनकी सेवा में दिन-रात जुटा है। पटना में आयोजित मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल परिचर्चा कार्यक्रम में मंत्री शेखावत ने 61 मिनट तक पत्रकारों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत पर विश्वास करती है, विश्व को भारत पर भरोसा है और भारत को नरेन्द्र मोदी पर है। उन्होंने कहा कि भारत वो दिन नहीं भूला है, जब ये कहा जाता था कि हम तो दिल्ली से 1 रुपये भेजते हैं लेकिन गरीबों तक सिर्फ 15 पैसे पहुंचते हैं। देश ये दिन भी नहीं भूलेगा कि आज दिल्ली से 100 रुपये चलता है तो गरीब के पास पूरा का पूरा 100 रुपया पहुंचता है। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि किसान सम्मान राशि पा रहे हैं। माइक्रो इरीगेशन और सूक्ष्म सिंचाई से करोंड़ों किसानों की पैदावार बढ़ी है। वो कृषि में नई तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। किसानों की मौसम पर निर्भरता कम हुई है।

### नौ सालों तक कॉलेज और स्कूल दोनों जगह से उठाते रहे मानदेय, धोखाधड़ी का केस दर्ज

**अररिया।** अररिया के काली बाजार वार्ड संख्या 14 ,सहारा इंडिया कार्यालय के नजदीक रहने वाले प्रो.कमल नारायण यादव के पुत्र डा.इंदु भूषण नौ सालों तक एक ही अवधि में एमएलडीपीके यादव कॉलेज में सहायक इतिहास के प्राध्यापक और नरपतगंज के उत्क्रमित मध्य विद्यालय खाब्दह मेहता टोला में नियोजित शिक्षक के रूप में कार्य दिखाकर दोनों संस्थानों से मानदेय उठाते रहे।इसके खुलासे के बाद एमएलडीपीके के प्रधानाचार्य एवं तेजनारायण नगर वार्ड संख्या 9 के रहने वाले प्रो.इंदु कुमार सिन्हा ने आरोपी सहायक प्राध्यापक से कारण पृच्छा पूछने की कोशिश की,लेकिन हर बार वे नोटिस लेने से साफ इंकार कर दिया।फलस्वरूप कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो.इंदु कुमार सिन्हा ने अररिया नगर थाना में आरोपी सहायक प्राध्यापक डा.इंदु भूषण के खिलाफ धोखाधड़ी और साजिश के तहत एक ही अवधि में दो स्थानों से आर्थिक लाभ लेने के मामले में नामजद एफआईआर दर्ज कराया है। मामले में धारा 4,9,420 के तहत केस दर्ज किया गया है।केस के अनुसंधानकर्ता एसआई महेश पूर्वे बनाए गए हैं। नगर थाना में दर्ज प्राथमिकी में कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डा.इंदु भूषण पर धोखाधड़ी और साजिशपूर्ण षड्यंत्र रचकर एक ही अवधि में दो जगह कार्यरत होकर दोनों से नाजायज तरीके से आर्थिक लाभ लेने का आरोप लगाया है।दर्ज एफआईआर में बताया गया है कि डा.इंदु भूषण कॉलेज में इतिहास विभाग में सहायक प्राध्यापक के रूप में 16 जनवरी 2007 से नियुक्त और कार्यरत है।कॉलेज से बिना त्यागपत्र दिए 26 नवंबर 2007 को उत्क्रमित मध्य विद्यालय खाब्दह मेहता टोला नरपतगंज में चुपचाप योगदान दे दिए। इसका खुलासा आरटीआई से होने की बात करते हुए प्रधानाचार्य ने बताया कि आरटीआई के तहत नरपतगंज के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने अपने पत्रांक 331दिनांक 9 मई 2022 के द्वारा लिखित जानकारी दी गई कि 26 नवंबर 2007 से 2 दिसंबर 2016 तक शिक्षक के रूप में स्कूल में कार्यरत रहे हैं।

### सनकी दामाद ने पत्नी को विदा नही करने पर सास को गोली मार की हत्या

**पूर्वी चंपारण।** जिले में कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र में अपनी पत्नी की विदाई नही करने से नाराज दामाद ने अपनी ही सास को दो गोली मारकर हत्या कर दी। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष रमण कुमार व पुलिस टीम मामले की जांच में जुटी है। मिली जानकारी के अनुसार कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र के जटवलिया गांव में श्याम साह उर्फ छोटन साह की शादी राजकिशोर साह की बेटी से हुई थी।जहां रविवार देर शाम श्याम साह पहुंचकर उक्त घटना को अंजाम दिया है।बताया जा रहा है,कि श्याम सनकी मिजाज का है।इसके पूर्व उसने वर्ष 2018 में बैरगनियां में अपनी मां की हत्या कर दी थी।साथ ही अपनी बहन को भाला मारकर जख्मी कर दिया था। अपनी मां की हत्या और बहन को जख्मी करने के मामले में श्याम के साथ उसकी पत्नी भी नामजद थी।हत्या मामले में नामजद होने के बाद श्याम की पत्नी अपने मायके जटवलिया में रहने लगी और वो खुद फरार चल रहा था।लेकिन बीच बीच में अपनी पत्नी को विदा कराने को लेकर ससुराल पहुंचता रहा। लेकिन उसकी पत्नी उसके साथ जाने के लिए तैयार नहीं थी,जिस कारण एक वर्ष पूर्व श्याम साह ने ससुराल आकर चाकू से अपनी सास और अपनी पत्नी को जख्मी कर दिया था। परिजनो के अनुसार श्याम एक बार फिर रविवार को देर शाम ससुराल पहुंचा और पत्नी को साथ चलने को कहने लगा।इस बीच दोनो के बीच कहासुनी भी हुई। इसी बीच उसकी सास गायत्री देवी भी पहुंची,जिसपर श्याम ने दो गोलियां चला दी।

### विवाद सुलझाने गयी पुलिस टीम पर हमला, चार गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले में बंजरिया थाना क्षेत्र के चैलाहां में राष्ट्रीय उच्च पथ के समीप दो पक्षों में चल रहे विवाद को सुलझाने गई पुलिस टीम पर रविवार की देर रात करीब ग्यारह बजे एक पक्ष के लोगों ने हमला कर दिया।जिसमे एक जवान को चोट आई है। फिलहाल वह खतरे से बाहर हैं। वही पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार हमलावरों को गिरफ्तार किया है।साथ ही अन्य आरोपितों की तलाश में जुटी है।मिली जानकारी के अनुसार बंजरिया थाना क्षेत्र के शंकर ढाबा से थोड़ा आगे रविवार की रात दो पक्षों के बीच विवाद हो रहा था। विवाद भुजा दुकानदार सुशांत कुमार और उसकी पड़ोसन समीना खातून के नजदीकी रिश्तेदार बीच हो रहा था।हालांकि घटना की सूचना पर रात्रि गश्त कर रहे प्रशिक्षु दारोगा किशन कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दोनों पक्ष के लोगों को नियंत्रित किया और सभी को थाने चलने को कहा। जिससे नाराज समीना खातून और उसके रिश्तेदारों ने नाराज पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। इस दौरान महिला और उसके रिश्तेदार पुलिस के जवानों के साथ धक्का-मुक्की करने लगे। जिसमे एक जवान घायल हो गया। स्थिति को अनियंत्रित होता देख गश्ती टीम ने थानाध्यक्ष को सूचना दी। सूचना पाकर अतिरिक्त पुलिस बल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष संदीप कुमार ने स्थिति को काबू में करते हुए हमलावर चार लोगो को हिरासत में लिया है।हालांकि,इस दौरान समीना की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## सात दिवसीय समर क्रिकेट कैंप का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिला क्रिकेट संघ की ओर से करीब 15 वर्षों के बाद क्रिकेट प्रेमियो के लिए समर क्रिकेट कोचिंग कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से राज्य क्रिकेट संघ के द्वारा भेजे गए मुख्य कोच सीएम झा और फिजियो कोच अमितेश कुमार ने बच्चों को क्रिकेट के गुर सिखाया रहे है। सोमवार को पूर्व में दुमका जिला क्रिकेट टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर तुषार ज्योति ने क्रिकेट कैंप का उद्घाटन किया। उद्घाटन कर डॉक्टर तुषार ज्योति ने कहा कि बच्चे केवल अनुशासन में क्रिकेट खेलें तो वह बहुत आगे जा सकते है। दुमका में प्रतिभा की कमी नहीं है और यह समर कैंप वैसे प्रतिभाओं को निखारने का काम करेगी। इसके लिए उन्होंने जिला क्रिकेट संघ को बहुत शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से निश्चित तौर पर वैसे अभिभावक जो अपने बच्चों को बड़े-बड़े शहरों में बाहर नहीं भेज सकते हैं। दुमका में ही उनके बच्चों की प्रतिभा को



खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त करते उद्धाटन करते अतिथि

निखरी जा सकती है। क्रिकेट कैम्प के प्रथम दिन 57 लड़कों का अब तक निबंधन कराया है। कैंप अगले 7 दिनों तक चलता रहेगा। इसके संघ सचिव ने समर कैंप में आकर अपने क्रिकेट के स्किल को निखारे का अपील किया। जिसका फायदा उन्हें आने वाले क्रिकेट सीजन में मिलेगा। जिला की टीम भी सशक्त रूप से झारखंड राज्य के द्वारा आयोजित क्रिकेट टूनार्मेंट में भाग लेगी।

## आपसी सुलह-समझौता से वादों के निष्पादन को मन का मिलन पखवाड़ा का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** लोगों को सुलभ न्याय दिलाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से सोमवार को ह्लमन का मिलन पखवाड़ाह्व का कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। 29 मई से 14 जून तक चलने वाले पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ प्राधिकार अध्यक्ष सह प्राधन जज अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन पर प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत के नेतृत्व व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित हुई। कार्यक्रम के लिए व्यवहार न्याय सदन सहित चार बेंच बनाये गये थे। जहां मिडिएटर, टेली लॉ के अधिवक्ता, महिला थाना प्रभारी एवं विभिन्न थाना के पुलिस पदाधिकारी और सहयोग के लिए पीएलवी मौजूद थे। जहां न्याय के आस में न्यायलय का चक्कर लगा रहे लोगों को जागरूक किया। लोगों के बीच पम्पलेट का वितरण किया गया।

ऐसे कार्यक्रम के आयोजन और इसके माध्यम से वादों के निष्पादन से समय और पैसे की बचत होता है। जिससे न्यायलय में भी छोटे मोटे विवाद के कारण मामले की बोझ में भी कमी आती है। नालसा और झालसा ऐसे विवादों के निपटारा के लिए मन का मिलन पखवाड़ा का कार्यक्रम आयोजित की है। जिससे लोगों को सुलभ और जल्द न्याय बिना किसी खर्चे के मिल सके।

## नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत मातृ भाषा में शिक्षा ग्रहण करने का है अधिकार

**दुमका।** नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत मातृ भाषा में शिक्षा ग्रहण करने का अधिकार सभी को प्राप्त है। इसीलिए विभाग द्वारा क्षेत्रीय भाषा का पठन पाठन सामग्री तैयार किया जा रहा है। उक्त बातें लुमाई हवेल, एसपी कॉलेज के पिछे दुर्गा चरण मुर्मू माझी बाबा तालसा सह प्रेस प्रवक्ता धाड़ दिशोम पूर्वी सिंहभूम, रविन्द्र सोरेन दुमका, पोरेश हेम्ब्रम, सुनील मारांडी, राजीव मुर्मू, सुकुमार सोरेन एवं लखन मार्डी ने सोमवा को संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता कर दिया। प्रेसवार्ता में बताया कि इसी संदर्भ में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संथाली भाषा को अपनी स्वतंत्र लिपि ओलचिकी लिपि है के बजाय असंवैधानिक रुप से देवनागरी लिपि में किताब छपने का काम कर रही है। विभाग के इस कृत्य से आदिवासी संथाल समाज को बांटने का काम कर रहे हैं। जिससे संथाल समाज काफी आहत एवं आक्रोशित हैं। राज्य के आदिवासी संथाल समाज ओलचिकी लिपि को संरक्षण एवं संवर्धन करने के लिए सरकार को ज्ञापन सौंपा है। लेकिन अब तक कोई सकारात्मक परिणाम प्राप्त नहीं हुआ है। संथाली भाषा भारतीय संविधान के आठवीं अनुसूची में शामिल है। जिसका स्वतंत्र लिपि ओलचिकी लिपि है। ओलचिकी लिपि से पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, आसाम एवं पड़ोसी देश नेपाल में भी पढ़ाई शुरू कर दिया गया है। इसे साहित्य अकादमी नई दिल्ली, सेन्ट्रल इन्स्टीट्यूट ऑफ इंडिया लैंग्वेज, मैसूर सहित कई संस्थाओं ने मान्यता दिया है।

## स्कूल में मिड डे मील खाने से 50 बच्चे बीमार

### छात्रा की थाली में थी मरी हुई छिपकली, बाहर लोगों ने किया जमकर हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सुपौल।** जिले के छातापुर प्रखंड क्षेत्र के ठुठी पंचायत स्थित मध्य विद्यालय में मिड डे मील का भोजन खाने से 50 स्कूली छात्र-छात्राएं बीमार हो गए। स्कूली बच्चों ने बताया कि सब्जी में छिपकली गिरी हुई थी। खाना खाने के बाद अचानक उनकी तबीयत खराब होने लगी। बच्चों को नजदीकी नरपतगंज स्वास्थ्य केंद्र में एडमिट कराया गया है। चार बच्चों की स्थिति नाजुक बताई गई है। सोमवार को रोज की तरह भोजन



बच्चों को परोसा गया। भोजन खाने के बाद चौथी क्लास की तमन्ना ने बताया कि उसकी थाली में मरी हुई छिपकली मिली। छिपकली मिलने के बाद स्कूल में हंगामा शुरू हो गया। बच्चे थाली छोड़कर उठ गए और धीरे-धीरे उनकी तबीयत खराब होने लगी। खबर गांव में फैली तो ग्रामीणों ने स्कूल पर पहुंचकर शोर-शराबा किया फिर अपने बच्चों को आनन-फानन में अस्पताल के लिए निकल पड़े। करीब 50 बच्चों की भोजन खाने के बाद तबीयत बिगड़ गई है। सभी बच्चों को अररिया के नरपतगंज स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। चिकित्सक ने चार बच्चों की स्थिति गंभीर बताई है।

## रुखसाना बनी रुक्मिणी, हिन्दू धर्म अपनाकर की शादी

**पटना (हि.स.)।** बिहार में मुजफ्फरपुर जिले की मुस्लिम लड़की रुखसाना ने वैशाली जिले के अपने प्रेमी से हाजीपुर में हिन्दू रीति रिवाज के साथ बीती रात सात फेरे लिए। उनकी यह शादी पूरे जिले में सोमवार को चर्चा का केंद्र बना रहा है। जानकारी के मुताबिक मुजफ्फरपुर के गिजांस निवासी नौशिन परवीन उर्फ रुखसाना और वैशाली के रहने वाले रोशन कुंवर (25) जयपुर के एसआरपीएस कॉलेज में 2018 में पढ़ाई करने गए थे। दोनों में पहले दोस्ती हुई। फिर दोस्ती प्यार में बदल गई। चार साल दोनों में अफेयर चला।इसके बाद रुसखाना और रोशन ने शादी का फैसला किया। लड़के के परिवार वाले मान गए, लेकिन लड़की का



परिवार इस शादी के खिलाफ था। लड़की ने लड़के से कहा कि वो सनातन धर्म अपनाने के बाद ही उससे शादी करेगी।रुखसाना ने पहले सनातन धर्म अपनाया। नाम बदलकर रुक्मिणी बन गई। रविवार को वैशाली के लालगंज के रेपुरा में अर्धनारीश्वर महादेव मंदिर में दोनों की शादी हुई। लड़की ने मीडिया से बातचीत में कहा कि जयपुर में पढ़ाई के दौरान हम दोनों के बीच प्यार हुआ।

हमने शादी का फैसला लिया। मैं इस्लाम धर्म से थी, लेकिन मैंने कहा था कि सनातन धर्म स्वीकार करूंगी तो ही शादी करूंगी। मुझे बाबा बागेश्वर से इस धर्म को स्वीकार करने की प्रेरणा मिली है। उनका कार्यक्रम सुनकर प्रेरणा मिली है। मैंने खुद उनको शादी का प्रपोजल दिया था। रोशन ने कहा कि इस शादी से हम दोनों खुश हैं। रुखसाना ने मर्जी से सनातन धर्म अपनाया और मुझसे शादी की है।

### तीन बच्चे की मां अपने देवर संग हुई फरार

**भागलपुर।** जिले में सनोखर थाना क्षेत्र से देवर भाभी के रिश्ते को कलंकित करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक देवर अपनी भाभी को लेकर फरार हो गया। महिला तीन बच्चों की मां है। महिला के पति ने सनोखर थाना में सोमवार को इसकी शिकायत दर्ज कराई है। पति ने बताया कि आज से छः साल पहले झारखंड के गोड्डा जिला स्थित बलबडडा थाना क्षेत्र के कुमडीहा गांव में पूरे मुस्लिम रीति रिवाज के साथ उसका निकाह हुआ था। शादी के बाद हम दोनों की जिंदगी काफी खुशी खुशी व्यतीत हो रहा था। तीन साल पहले आम के पेड़ पर चढ़ने के दौरान मेरा दोनों पैर टूट गया।

# रेलवे में भर्ती नहीं, युवाओं का गुस्सा सोशल मीडिया पर

मुरलीधर


**युवाओं** ने भारतीय रेलवे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। रेलवे के नौकरियों को जटिल बनाकर केन्द्र सरकार युवाओं के बीच विशेषकर बिहार, यूपी जैसे राज्य जहां उद्योग धंधे हैं ही नही युवा परेशान है।

इन युवाओं की समस्या ट्विटर पर ट्रेंड कर रहा है। बेरोजगार युवाओं के सब्र का बांध टूट गया है। वे नौकरी की तलाश में भटक-भटक कर तंग आ चुके हैं। उन्हें अपनी आजीविका चलाने और परिवार की देखभाल करने के लिए नौकरी चाहिए। असल में रेलवे हमेशा से रोजगार का एक बेहतरीन साधन रहा है मगर पिछले 4-5 सालों में यहां कुछ खास नौकरियां नहीं निकली हैं। युवा कबसे यह आस लगाए बैठे हैं कि रेलवे भर्तियां निकालेगा और हमें नौकरी मिलेगी मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ। आखिरकार युवाओं ने भारतीय रेलवे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उनका कहना है कि आखिर क्यों नौकरियों का पद खाली रहते हुए भी रेलवे नियुक्तियों की मांग नहीं कर रहा है। आखिर हमें कितने साल और इंतजार करना पड़ेगा। पहले कोविड का बहाना था मगर अब ऐसी कौन सी बाधा है जो रेलवे भर्ती नहीं कर रहा है।

**करीब दो लाख से अधिक युवाओं ने किया ट्वीट-**

रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं ने ट्विटर पर रेलवे के खिलाफ अपनी भड़ास निकाली है। वे हैशटैग रेलवेनॉट जॉब के साथ रेलवे के खिलाफ ट्विट कर रहे हैं। तभी तो सोशल मीडिया पर भारतीय रेलवे ट्रेंड कर रहा है। वे रेलवे भर्ती बोर्ड (फफइ) और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से नौकरी की मांग कर रहे हैं।

**साल 2019 में आखिरी वैकेंसी-**



युवाओं का कहना है कि आप हमेशा 2018 की पुरानी वैकेंसी के बारे में ही क्यों बताते हैं? नई वैकेंसी के बारे में बताएं? असल में रेलवे में इससे पहले 2018 औ? 2019 में भर्ती की गई थी। इसके बाद करीब 4 सालों से रेलवे ने कोई भर्ती नहीं की है। जबकि रेलवे में करीब 3 लाख से अधिक पद खाली हैं। युवाओं ने पूछा है कि क्या इसके पीछे का कारण प्राइवेटाइजेशन है? असल में रेलवे ने आखरी बार 2019 में रेलवे के ग्रुप डी के 35,277 पदों पर ऑनलाइन आवेदन मांगे थे। युवाओं का कहना है कि इसके बाद रलवे कोई आवेदन नहीं मांगे हैं।

रेलवे की सारी पुरानी भर्ती क्लीयर करो

रलवे में नई भर्ती दो

रेलने का कंप्लीट एग्जाम कैलेंडर जारी करो

आरआरबी की वेटिंग लिस्ट जारी करो

कोरोना के कारण आयुसीमा में 3 साल की छूट दो

## मोदी सरकार के नौ साल

**अर्थव्यवस्था का कैसा है हाल?**

नरेंद्र मोदी ने जब प्रधानमंत्री का पद संभाला तो उस वक्त भारत की जीडीपी 112 लाख करोड़ के करीब थी। लेकिन वर्तमान समय में भारत की जीडीपी 272 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। भारत इस वक्त दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। पीएम मोदी ने 2025 तक देश की जीडीपी को 5 ट्रिलियन डॉलर तर पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। हालांकि, वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए इस लक्ष्य का समय तक पूरा हो पाना कठिन लग रहा है।

**रोजगार पर कितना काम हुआ**

मोदी सरकार के दौरान बेरोजगारी दर में बढ़ोतरी हुई है। बेरोजगारी के आंकड़ों पर नजर रखने वाली एजेंसी सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के आंकड़ों की माने तो देश में वर्तमान समय में करीब 41 करोड़ लोगों के पास रोजगार है। वहीं मोदी सरकार के आने से पहले 43 करोड़ लोगों के पास रोजगार था। यहां तक की 2019 के चुनाव के बाद सरकार के ही एक सर्वे में सामने आया था कि देश में बेरोजगारी दर 6.1 प्रतिशत है। इस आंकड़ो को तब 45 सालों में सबसे ज्यादा बताया गया था। **शिक्षा**

किसी भी राष्ट्र के निर्माण में शिक्षा के अहम रोल निभाता है और उसके विकसित भी बनाता है। मोदी सरकार में शिक्षा का बजट तो बढ़ा है। 9 साल में शिक्षा पर 30 हजार करोड़ रुपये बढ़ा है। 2014 तक देश में 16 आईआईटी संस्थान थे, 2023 में बढ़कर 23 हो चुके हैं। 2014 तक देश में 13 आईआईएम थे, जो अब 20 हो चुके हैं। मेडिकल सीट भी एक लाख की

# जॉब एलर्ट



**छत्तीसगढ़ राज्य वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग** के अंतगर्त विभिन्न कार्यालयों/वनमंडलों में वनरक्षक पदों पर भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए हें। इस भर्ती के जरिए कुल 1484 पदों को भरा जाएगा। यह भर्ती राज्य के मूल निवासियों के लिए ही निकाली गई है। आवेदन केवल ऑनलाइन मोड में ही स्वीकार किए जाएंगे। स्थानीय निवासियों से किसी भी प्रकार का आवेदन शुल्क नहीं लिया जाएगा।

**पात्रता मापदंड**- किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 12वीं उत्तीर्ण कर रखी हो। 1 जनवरी, 2023 तक राज्य के मूल निवासियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष से कम, जबकि 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। एससी, एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयार) के अभ्यर्थियों को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट दी जाएगी। राज्य की महिला मूल निवासियों को आयु सीमा में अधिकतम 10 वर्ष की छूट दी जाएगी। पूर्व सैनिक अभ्यर्थियों को भी नियमानुसार आयु सीमा में छूट मिलेगी। अधिक जानकारी के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन अवश्य पढ़ें।

**चयन प्रक्रिया**- इन पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा, चिकित्सा परीक्षण और फाइनल मेरिट लिस्ट के आधार पर किया जाएगा। लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी और यह 2 घंटे की होगी। प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के होंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 11 जून 2023 है।

**सशस्त्र सीमा बल** की ओर से हेड कांस्टेबल, एएसआई स्टेनो, कांस्टेबल ट्रेड्समैन सहित विभिन्न पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस भर्ती के जरिए कुल 1638 रिक्त पदों पर भर्ती की जायेगी। सशस्त्र सीमा बल की तरफ से निकली इस वैकेंसी में आवेदन प्रक्रिया ऑफलाइन मोड में शुरू हो गई है. ऑनलाइन आवेदन के लिए 18 जून 2023 तक का समय दिया गया है। इच्छुक और योग्य कैंडिडेट्स इन पदों के लिए आधिकारिक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। हेड कॉन्स्टेबल लिए शैक्षिक योग्यता 10वीं पास या संबंधित विषयों के साथ 10+2/आईटीआई सर्टिफिकेट होना आवश्यक है। इसके समकक्ष किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से डिग्री। आवेदन सिर्फ ऑनलाइन स्वीकार होंगे।

**इंडिया पोस्ट** ने ग्रामीण डाक सेवक पदों पर भर्ती के लिए वैकेंसी निकाली है। जो उम्मीदवार इन पदों के लिए योग्य हैं, आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 22 मई से शुरू होगी।

11 जून, 2023 को खत्म होगी। वहीं, करेक्शन विंडो 12 जून को खुलेगी और 14 जून, 2023 को बंद होगी। इंडिया पोस्ट ऑफिस ने इंडिया पोस्ट जीडीएस भर्ती 2023 को आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया है। आधिकारिक वेबसाइट सर्कल-वार 12828 रिक्तियों को जारी किया गया

# टेक्सटाइल इंडस्ट्री में बनाये करियर



भारत के सबसे पुराने उद्योगों में से एक टेक्सटाइल इंडस्ट्री। पहले यह सिर्फ फैब्रिक प्रोडक्शन तक ही सीमित थी, लेकिन अब नयी टेक्नोलॉजी के आने से यह तेजी से विकसित हुई है। अब यह इंडस्ट्री अनुसंधान, विकास, मेन्युफैक्चरिंग और मर्केंडाइजिंग जैसी कई श्रेणियों में काम कर रही है। साथ ही, इसमें जॉब के अवसर भी पहले की अपेक्षा अब तेजी से बढ़ रहे हैं। अगर आप टेक्सटाइल डिजाइनिंग या प्रोडक्शन में दिलचस्पी रखते हैं, तो टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी में अपना करियर बना सकते हैं।

### क्या है टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी

टेक्सटाइल्स के प्रोडक्शन, प्रोसेसिंग और डिजाइनिंग के अध्ययन को टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी या टेक्सटाइल इंजीनियरिंग कहते हैं। इस फील्ड में साइंटिफिक और इंजीनियरिंग सिद्धांतों के साथ-साथ फाइबर, टेक्सटाइल व अपैरल की डिजाइनिंग और प्रोसेस कंट्रोल सब कुछ शामिल है। इसमें प्राकृतिक और मानव निर्मित मटेरियल, सुरक्षा, ऊर्जा संरक्षण, वेस्ट एंड पॉल्यूशन कंट्रोल आदि सभी बातों का खयाल रखा जाता है।

### कौन-से कोर्स करें

इस फील्ड में करियर बनाने के लिए इंटर में फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स या बायोलॉजी जैसे विषय होने जरूरी हैं। इसके बाद आप टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी में बीई या बीटेक, टेक्सटाइल डिजाइनिंग में बीए, टेक्सटाइल डिजाइन में बीएससी, बैचलर ऑफ डिजाइन, डिप्लोमा इन टेक्सटाइल मेन्युफैक्चर या टेक्सटाइल केमिस्ट्री में बीटेक कर सकते हैं। इसके बाद इन कोर्सेज में एडवांस्ड डिप्लोमा, एमई, एमटेक और उसके बाद पीएचडी भी कर सकते हैं।



बृजमोहन ओझा

### कैसी है वर्क प्रोफाइल

आप टेक्सटाइल कंपनीज के प्रोडक्शन कंट्रोल, प्रोडक्ट रिसर्च एंड डेवलपमेंट, इंजीनियरिंग प्रोसेस, सेल्स, कॉर्पोरेट मैनेजमेंट, सुपरविजन आदि डिपार्टमेंट्स में काम कर सकते हैं। एक टेक्सटाइल इंजीनियर आम तौर पर इंजीनियरिंग प्रोसेस से जुड़ा होता है, जबकि अपैरल और गारमेंट्स की डिजाइनिंग और मेन्युफैक्चरिंग के लिए काम करने वाले प्रोफेशनल्स प्रोडक्ट रिसर्च एंड डेवलपमेंट डिपार्टमेंट में काम करते हैं।

### कौन-सी स्किल्स चाहिए

इस फील्ड में सर्वाइव करने के लिए उम्मीदवार के पास बेहतरीन कम्युनिकेशन स्किल्स, कंप्यूटर स्किल्स, एनालिटिकल स्किल्स और प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स होनी जरूरी हैं। इसके अलावा उनमें चीजों की बारीकियों पर ध्यान देने की क्षमता, लॉजिकल थिंकिंग और क्रिएटिविटी होनी भी जरूरी है।

### भविष्य की संभावनायें

आप टेक्सटाइल मिल्स, एक्सपोर्ट हाउसेज, निटवेयर मेन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, टेक्सटाइल डाइंग एंड प्रिंटिंग यूनिट्स में काम कर सकते हैं। इसके अलावा आप सरकार द्वारा प्रायोजित अथवा निजी सिल्क, हैंडलूम, जूट, खादी, क्राफ्ट डेवलपमेंट संस्थानों में काम कर सकते हैं। आप फैशन रीटेलर्स डिजाइन स्टूडियोज और बड़ी टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज जैसे में भी काम कर सकते हैं।

### सैलरी कितनी

एक फ्रैशर इंजीनियरिंग ग्रेजुएट को 12 हजार से 30 हजार रुपये की सैलरी मिलती है। अनुभवी उम्मीदवारों की सैलरी 50 हजार से 60 हजार रुपये तक होती है।

### प्रमुख संस्थान

- आइआइटी दिल्ली।
- गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी, सेरामपुर।
- उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट, कानपुर।
- डॉ बीआर अंबेडकर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जालंधर।
- पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, पानीपत।

## मोटिवेशन | मौनः सफलता के लिये आवश्यक

हम सदैव सुनते आये हैं कि विश्व में शब्द सबसे खतरनाक हथियार है। गलत या सही शब्दों का चयन ही रिश्तो को बिगाड़ता या बनाता है। शब्द ही महाभारत कराते हैं या शब्द ही प्रेम संबंधो को प्रगाढ़ करते हैं। पर मुझे लगता है कि मौन रहना शब्दों के प्रयोग से भी ज्यादा घातक है। अगर हमारी समस्याओं का प्रमुख कारण अधिक मात्रा में शब्दों का प्रयोग करना है तो आवश्यकता रहने पर मौन रहना भी हमारी समस्याओं का प्रमुख कारण है। हम प्रायः उस समय मौन रह जाते हैं जब हमें शब्दों का प्रयोग करना चाहिए था। हम समाज में प्रायः अनेक गलत चीजों को मौन रहकर देखते हैं उनका विरोध नहीं करते हैं। फलतः गलत करने वालों का मनोबल बढ़ने लगता है। इससे वे गलत करने को प्रेरित होते हैं और उनका मनोबल बढ़ता जा रहा है। इसके बाद खतरनाक होता है अपनो का मौन? जी हां अपनो का मौन। यह मौन पूरे समाज में अजीब खतरनाक स्थिति पैदा करता है। जब हमें अपनो से सहयोग और प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है तब उनका मौन किसी सामाजिक अपराध से कम नहीं होता है और वे इस अपराध को अंजाम देते है जानकर-बूझकर। जब हमें अपनो की शारीरिक, मानसिक या आर्थिक मदद की आवश्यकता होती है और ऐसे में अपनो का मौन रह जाना सर्वाधिक दुखदायी होता है।कभी-कभी जब की डांट फटकारकी अपेक्षा होती है व अपने मौन रह जांये तो वे क्षण भी बहुत दुख देने वाले होते हैं। मुझे आज भी याद है कि जब मैं गलती करता था और मुझे लगता था कि मां या पिताजी से मुझे डांट मिलेगी लेकिन मां और पिताजी मौन रह जाते थे तो मुझे बहुत कष्ट होता था। उस समय मुझे लगता था कि पिताजी मौन रहकर अपने को कष्ट क्यों दे रहे हैं जबकि वे मुझे डांटकर-फटकार मुझे कष्ट देते तो मुझे अच्छा लगता। नव वर्ष का संकल्प निश्चित तौर पर मौन का ही हो क्योंकि हम इससे प्रखर हो सकते हैं,विकसित हो सकते हैं।



एडी बाधवा

# भाषा में है रुचि, तो बना सकते हैं बेहतर करियर

अगर आपकी रुचि भाषा में है तो लिंग्विस्टिक्स आपके लिए एक अच्छा करियर ऑप्शन है। लिंग्विस्टिक्स शब्द लैटिन भाषा के लिंगुआ (जुबान) और इस्टिक्स (ज्ञान ) से मिलकर बना है। इसे हिंदी में भाषा विज्ञान कहते हैं। लिंग्विस्टिक्स एक ऐसा विज्ञान है, जो किसी भाषा के सामाजिक, ऐतिहासिक, राजनीतिक, बायोलॉजिकल, साइकोलॉजिकल और आर्थिक पहलू का अध्ययन करता है।



### किसके लिए है लिंग्विस्टिक कोर्स

लिंग्विस्टिक्स में ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री और डिप्लोमा प्रोग्राम चलाए जाते हैं। ग्रेजुएट प्रोग्राम में एडमिशन लेने के लिए 12वीं पास होना जरूरी है, जबकि पीजी कोर्स करने के लिए लिंग्विस्टिक्स या अन्य किसी विषय में ग्रेजुएट होना अनिवार्य है। लिंग्विस्टिक्स में मास्टर्स डिग्री करने के बाद एमफिल या पीएचडी भी की जा सकती है।

### कहां मिलेगा रोजगार

एक लैंग्वेज एक्सपर्ट के लिए गवर्नमेंट सेक्टर के साथ प्राइवेट सेक्टर के दरवाजे भी खुले हैं। लैंग्वेज ट्रेनिंग के बाद आमतौर पर रिसर्च से संबंधित नौकरियां मिलती हैं। इसके अलावा लिंग्विस्टिक प्रोफेशनल्स ऑडियोलॉजिस्ट, कम्यूनिकेशन डिसऑर्डर स्पेशलिस्ट, ब्रॉडकास्टर, न्यूज रीडर, कॉपी राइटर, टेक्निकल राइटर, ट्रांसलेटर, प्रकाशक, इंटरप्रिटर, लैंग्वेज प्लानर, लेक्सिकोग्राफर, टीचर, साइको लिंगग्विस्टक, टूर ऑपरेटर, रिसर्चर की नौकरी पा सकते हैं। यही नहीं डब्ल्यूएचओ, यूएन, नाटो जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अलावा टीचिंग, बैंकिंग, अस्पताल, पर्यटन, प्रिंटिंग प्रेस, मीडिया जैसे फील्ड में भी करियर बनाया जा सकता है।

### कितनी मिलेगी सैलेरी

शुरुआत में 10,000 से 15,000 रुपये हर महीने मिल जाते हैं और अनुभव के साथ इसमें बढ़त भी होती है। अगर एक लिंग्विस्टिक्स स्पेशिलिस्ट बतौर ट्रांसलेटर काम कर रहा है तो पर- पेज के हिसाब से पेमेंट मिलती है जबकि एक इंटरप्रिटर को पर-आवर पेमेंट मिलती है।

### कहां कर सकते हैं पढ़ाई

- जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ लैंग्वेज, लिटरेचर एंड कल्चर स्टडीज।
- यूनिवर्सिटी ऑफ हैदराबाद सेंटर फॉर एप्लाइड लिंग्विस्टिक्स एंड ट्रांसलेशन स्टडीज।
- यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता।
- केरल यूनिवर्सिटी, डिपार्टमेंट ऑफ लिंगग्विस्टिक्स।

# 12 वीं के बाद उड़ें आसमान में बनें पायलट

यदि हम चाहते हैं कि भारत शुरुआत से ही अपनी प्रतिभाओं और अपने कुशल और प्रशिक्षित श्रम बल से देश और दुनिया में आर्थिक एवं औद्योगिक विकास की नई इबारत लिखे पायलट करिअर से रोमांच, ग्लैमर, पैसा और आकर्षण जुड़े होते हैं। उसकी जीवन शैली बेहद आकर्षक होती है। यही वजह है कि इन दिनों इस क्षेत्र में पायलटों की मांग जोर पकड़ती जा रही है।

**पायलट बनने के क्रम में लाइसेंस**

स्टूडेंट पायलट लाइसेंस (एसपीएल) : ये पहला स्तर है। इसे हासिल करने के लिए 12वीं भौतिक, रसायन और गणित के साथ कम से कम 50 फीसद अंकों के साथ पास होना जरूरी है। इसको हासिल करने की न्यूनतम उम्र 16 साल है। इसके अलावा 5 फुट लंबाई और 6/6 आंखों की नजर होनी भी जरूरी है। इसके बाद विद्यार्थी को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) यार भारत सरकार से मान्यताप्राप्त किसी फ्लाइंग क्लब में एसपीएल के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं। इसके बाद एक वस्तुनिष्ठ परीक्षा होगी। इसे पास करने के बाद आप स्टूडेंट पायलट लाइसेंस हासिल कर पाएंगे।

**प्राइवेट पायलट लाइसेंस (पीपीएल):** ये दूसरा स्तर है। प्राइवेट पायलट लाइसेंस को हासिल करने के लिए विद्यार्थी को लिखित और प्रयोगात्मक दोनों तरह की परीक्षा देनी होगी। इसको पास करने की न्यूनतम उम्र 17 साल है। प्राइवेट पायलट लाइसेंस को एएफसीएमई यानी सशस्त्र बल केंद्रीय चिकित्सा संस्थान जारी करता है। इस लाइसेंस को हासिल करने में दो लाख से पांच लाख रुपए खर्च आता है।

**व्यावसायिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल):** ये अंतिम चरण है। व्यावासायिक पायलट लाइसेंस के बाद ही इसे हासिल किया जा सकता है। इसमें लिखित और प्रयोगात्मक परीक्षा के अलावा मेडिकल फिटनेस टेस्ट भी देना होता है। सीपीएल हासिल करने के लिए 250 घंटों की फ्लाइंग जरूरी है। इसे हासिल करने के लिए आठ से पंद्रह लाख रुपए तक का खर्च आ सकता है।

### योग्यता

व्यावयासिक पायलट बनने के लिए भौतिक, रसायन और गणित विषय के साथ 12वीं पास होना आवश्यक है। इसके अलावा इंजीनियरिंग में डिप्लोमा धारक और भौतिक व गणित के साथ स्नातक डिग्री हासिल करने वाले उम्मीदवार भी व्यावसायिक पायलट बन सकते हैं।

### संस्थान

'अखिल भारतीय वैमानिकी संस्थान, देहरादून

'सरकारी विमानन प्रशिक्षण संस्थान, भुवनेश्वर

'कोयंबटूर फ्लाइंग क्लब, कोयंबटूर

'भारतीय विमानन अकादमी, मुंबई

'पश्चिम बंगाल फ्लाइंग ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट, कोलकाता, को-ऑपरेटिव फ्लाइंग क्लब लिमिटेड, जमशेदपुर

'अमदाबाद विमानन एवं वैमानिकी, अमदाबाद,'गवर्नमेंट फ्लाइंग ट्रेनिंग स्कूल, बंगलुरु,'इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी, बरेली 'राजीव गांधी विमानन अकादमी, सिकंदराबाद

### बढ़ रही है मांग

पहले नागर विमानन का क्षेत्र सरकारी हवाई सेवा तक ही सीमित था। लेकिन जबसे निजी क्षेत्र नागर विमानन की दौड़ में शामिल हुए हैं। इसमें रोजगार की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

### वेतन

नागर विमानन क्षेत्र के विशेषज्ञों के मुताबिक प्रशिक्षु पायलट को 20 हजार रुपए तक आसानी से वेतन मिल जाता है। इसके बाद व्यावसायिक पायलट को शुरुआती रूप से एक लाख रुपए महीने तक मिल सकते हैं। घरेलू उड़ानों के लिए डेढ़ से दो लाख रुपए महीने और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए 4 से 6 लाख रुपए महीने वेतन मिल सकता है।

## विवेक मन्त्र



जिस प्रकार सभी पर्वतों पर मणि नहीं मिलती, सभी हाथियों के मस्तक में मोती उत्पन्न नहीं होता, सभी वनों में चंदन का वृक्ष नहीं होता, उसी प्रकार सज्जन पुरुष सभी जगहों पर नहीं मिलते हैं।

चाणक्य

## एडमिशन एलर्ट



**सवालः** मैं 12वीं में हूं और मेरे पास साइंस के सब्जेक्ट्स हैं, लेकिन इसके बाद मैं साइंस फील्ड में नहीं जाना चाहता। मुझे आर्ट्स की पढ़ाई करनी है। कुछ ऐसा बताएं जिससे आर्ट्स पढ़कर मुझे आसानी से जॉब मिल जाये। **प्रवीण**

**जवाबः** आप अगर यह सोचकर साइंस छोड़ रहे हैं कि आपको आर्ट्स लाइन में जॉब आसानी से मिल जायेगी तो ऐसा नहीं है। हर फील्ड और स्ट्रीम में अपनी तरह की चुनौतियां हैं और आज की कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए आपको इस लाइन में भी बहुत मेहनत करनी होगी। 12वीं में साइंस पढ़ने के बाद आप आगे की पढ़ाई आर्ट्स में कर सकते हैं। अपनी पसंद के हिसाब से आपके पास सब्जेक्ट चुनने के खासे विकल्प होंगे। जहां तक जॉब की बात है तो आइएएस की तैयारी से लेकर क्रिएटिव राइटर तक के ऑप्शन आपके पास हैं, लेकिन अभी आप इन सबके बारे में छोड़कर बोर्ड की तैयारी करें और इस एग्जाम में ज्यादा से ज्यादा नंबर लें।

## करियर जोन



**सवालः** मैंने आईटी से बीएससी किया है। अभी बतौर इंटरनेट मार्केटर काम कर रहा हूं , लेकिन मुझे लगता है कि मुझे मीडिया इंडस्ट्री के प्रति गहरा लगाव है। मुझे क्या करना चाहिए? **महेश**

**जवाबः** मीडिया इंडस्ट्री में दिलचस्पी होना अच्छी बात है, लेकिन इस फील्ड में करियर बनाने से पहले यह अच्छी तरह समझ लें कि दूर से तो इसमें काफी आकर्षण है, लेकिन वास्तविकता इससे उलटा है। मीडिया लाइन में कठिन और लंबा स्ट्रगल है। शुरुआत में सैलरी भी ज्यादा अच्छी नहीं होती है। दरअसल, इस फील्ड में नौकरियों के अवसर अपेक्षाकृत कम हैं। साथ ही आपको सेल्फ एनालिसिस भी करना होगा। यानी कि आपको ये देखना होगा कि आपकी राइटिंग स्किल्स, जनरल नॉलेज, करंट अफेयर्स और कम्यूनिकेशन स्किल्स कैसी हैं। अगर आप इन मापदंडों पर फिट मानते हैं, तभी इसमें करियर की सोचें।

**सवालः** क्या मास कम्यूनिकेशन करने के बाद अच्छी नौकरी मिलेगी? **सुमन कुमारी**

**जवाबः** मास कम्यूनिकेशन एक ऐसा फील्ड हैं जिसमें शुरुआत में काफी स्ट्रगल है और स्टैबलिश में होने में काफी वक्त भी लगता है। कई लोग शुरुआत में काफी जोश में होते हैं, फिर हार मानने लगते हैं। ऐसा करना उचित नहीं होता। हां, अगर आप टैलेंटेड हैं और आप के अंदर एक सफल पत्रकार होने की सारी खूबियां हैं तो आप एक अच्छा मुकाम

## ई-मेल

career.kmantra@gmail.com पर अपना सवाल भेज सकते हैं सवाल का जवाब हम प्रकाशित करेंगे।

# दुनिया का 5वां सबसे बड़ा इक्विटी मार्केट बना भारत

## फ्रांस को पीछे छोड़ा, 3.31 लाख करोड़ डॉलर का हुआ भारतीय पूंजी बाजार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पिछले करीब 2 महीने से लगातार जारी तेजी के कारण भारतीय पूंजी बाजार एक बार फिर दुनिया का 5वां सबसे बड़ा पूंजी बाजार बन गया है। भारतीय पूंजी बाजार का मार्केट कैप बढ़कर 3.31 ट्रिलियन डॉलर यानी 3.31 लाख करोड़ डॉलर हो गया है। इसके साथ ही घरेलू इक्विटी मार्केट ने फ्रांस के इक्विटी मार्केट को पीछे छोड़ कर टॉप 10 इक्विटी मार्केट में से 5वां स्थान हासिल कर लिया है।




आपको बता दें कि इस साल की शुरुआत में भारतीय पूंजी बाजार फ्रांस से पिछड़ कर छठे स्थान पर पहुंच गया था। लेकिन पिछले कुछ समय से लगातार जारी तेजी के माहौल की वजह से घरेलू इक्विटी मार्केट ने एक बार फिर अपनी ग्लोबल रैंकिंग में सुधार कर लिया है। फ्रांस का इक्विटी मार्केट फिलहाल 3.24 ट्रिलियन डॉलर यानी 3.24 लाख करोड़ डॉलर का है, जिसकी वजह से वह भारत से पिछड़ कर एक बार फिर छठे स्थान पर आ गया है।

इक्विटी मार्केट के मार्केट कैप के लिहाज से टॉप 10 में शुमार देशों में फिलहाल अमेरिकी इक्विटी मार्केट 44.54 ट्रिलियन डॉलर के साथ पहले स्थान पर है। दूसरे स्थान पर 10.26 ट्रिलियन डॉलर के साथ चीन का इक्विटी मार्केट है। जबकि 5.68 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप के साथ जापान का इक्विटी मार्केट तीसरे स्थान पर और 5.14 ट्रिलियन डॉलर के मार्केट कैप हांगकांग का इक्विटी मार्केट चौथे स्थान पर है।

स्टॉक एक्सचेंज से मिले आंकड़ों के मुताबिक भारतीय पूंजी बाजार में 28 मार्च के बाद से लगातार जोश का माहौल बना रहा है। हालांकि बीच-बीच में कई बार वैश्विक दबाव की वजह से बाजार में गिरावट का रुख भी बना है। इसके बावजूद देश की माइक्रो इकोनॉमी की परिस्थितियों में लगातार सुधार होने की वजह से विदेशी निवेशकों का भारतीय बाजार के प्रति लगातार रुझान बना रहा है। मार्च के अंतिम सप्ताह के बाद से लेकर अभी तक बीएसई का सेंसेक्स करीब 13 प्रतिशत तक मजबूत हो चुका है, वहीं बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स में भी करीब 15 प्रतिशत तक की तेजी आ चुकी है।

जानकारों का दावा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के फंडामेंटल्स में पिछले कुछ सालों के दौरान जिस तेजी से सुधार हुआ है, उसकी वजह से आने वाले 5 साल के समय में सेंसेक्स 90 हजार से लेकर 1 लाख तक के स्तर को छू सकता है। हालांकि ऐसा होना तभी संभव है, जब भारतीय पूंजी बाजार में प्रति शेयर आय (ईपीएस) में वार्षिक आधार पर 15 प्रतिशत की बढ़त बनी रहे।

धामी सिक्योरिटीज के वाइस प्रेसिडेंट प्रशांत धामी का मानना है कि पिछले 5 साल का जो ट्रैक रिकॉर्ड रहा है, उसके आधार पर भारतीय पूंजी बाजार के लिए ईपीएस में 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि कोई कठिन लक्ष्य नहीं है। हालांकि वैश्विक अर्थव्यवस्था में होने वाला कोई बड़ा उलटफेर या भारतीय अर्थनीति में होने वाला कोई बड़ा परिवर्तन विपरीत परिणाम देने वाला भी हो सकता है।

### शेयर बाजार में रहा उत्साह का माहौल

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** मजबूत वैश्विक संकेतों और अमेरिका में डेट सीलिंग पर सहमति बन जाने की वजह से दुनिया भर के दूसरे बाजारों की तरह भारतीय शेयर बाजार में भी आज जोरदार तेजी दिखाई दी। इस कारण उत्साह का माहौल रहा। आज की तेजी के कारण सेंसेक्स लंबे समय बाद 63,000 अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। हालांकि, मुनाफावसूली की वजह से सेंसेक्स 63,000 के स्तर से नीचे गिरकर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.55 प्रतिशत और निफ्टी 0.54 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए। आज बाजार में आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब 1.07 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हो गया। दिनभर की खरीद-बिक्री के बाद बीएसइ सूचकांक ने 344.69 अंक की तेजी के साथ 62,846.38 अंक के स्तर पर आज के कारोबार का अंत किया। दिन भर के कारोबार के बाद निफ्टी भी 99.30 अंक की बढ़त के साथ 18,598.65 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# पीएम की अमेरिका यात्रा से पहले पूरा होगा फाइटर जेट इंजन निर्माण का सौदा

### एलसीए मार्क-2 के लिए 'आत्मनिर्भर योजना' के तहत भारत में होगा जीइ के जेट इंजनों का निर्माण

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** भारत में फाइटर जेट इंजन बनाने की जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। कई अरब डॉलर का यह सौदा इस सप्ताह अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन की भारत यात्रा के दौरान पूरा होने की संभावना है। ऑस्टिन की नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात के दौरान 30 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन खरीदने के सौदे पर भी हस्ताक्षर होने की उम्मीद है।

अमेरिकी रक्षा सचिव ऑस्टिन लॉयड इस सप्ताह भारत की यात्रा पर नई दिल्ली आएंगे। जनवरी, 2021 में कार्यभार संभालने के बाद से यह ऑस्टिन की भारत की दूसरी यात्रा होगी। अपनी भारत यात्रा के दौरान ऑस्टिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य नेताओं से मिलेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात के दौरान दोनों पक्ष जून में पीएम मोदी की प्रस्तावित अमेरिका यात्रा से पहले लंबित सौदों को अंतिम रूप देंगे। शीर्ष स्तर के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वे 'एयर इंफॉर्मेशन शेयरिंग' समझौते के जल्द निष्कर्ष पर भी चर्चा कर सकते हैं।

ओहियो स्थित जीई की सहायक कंपनी जीई एयरोस्पेस भारत में फाइटर जेट इंजन बनाने की प्रौद्योगिकी विकसित करने की योजना पर भारत के साथ एक साल से अधिक समय से चर्चा कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी की 21 से 24 जून तक अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा प्रस्तावित है, जहां उनकी मेजबानी व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति जो बाइडेन करेंगे।

# आयुर्वेदिक उत्पाद व स्वदेशी से देश की इकोनॉमी बढ़ायें : स्वामी रामदेव

**भीलवाड़ा (हि.स.)।** योग ऋषि स्वामी रामदेव ने कहा कि योग एक विज्ञान है। आत्म चेतना, आत्मशक्ति एवं स्वयं को जागृत करता है। योग सभी प्रकार के ज्ञान का मूल है। हमने देश में स्वदेशी की एक बहुत बड़ी जागृति पैदा की है। इसी कारण भारतीय लोगों ने विदेशी प्रोडक्ट के बजाय अपने देश में बने प्रोडक्ट को खरीदना ज्यादा उचित समझा है। देश में आयुर्वेद के महत्व को हम लगातार जनता तक पहुंचा रहे हैं। योग प्राणायाम के माध्यम से करोड़ों लोग निरोगी हो रहे हैं। मेरा सपना है कि देश से गरीबी दूर हो। लोग आयुर्वेदिक उत्पाद व स्वदेशी अपनाकर देश की इकोनॉमी बढ़ायें।




स्वामी रामदेव सोमवार को आदित्य विहार हनुमान टेकरी के पीछे तेरापंथ नगर में भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, पतंजलि योग समिति, युवा भारत, महिला पतंजलि योग समिति, पतंजलि किसान सेवा समिति के संयोजन एवं भारत विकास परिषद, हार्टफुलनेस, जीतो, जनहित योग एवं स्वास्थ्य प्रचार समिति के आयोजन में त्रिदिवसीय योग चिकित्सा एवं ध्यान शिविर के समापन पर हजारों लोगों को योग का अभ्यास कराते हुए संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सूर्योदय के बाद पुरुष खुले वस्त्रों में व महिलाएं पतले वस्त्रों में धूप में बैठे। एक घंटा ऐसे करने से विटामिन डी की कमी दूर होगी और प्रोटीन सहित अन्य आवश्यक तत्वों की प्राप्ति होकर शरीर भी निरोगी बनेगा। गौ माता की नियमित सेवा करें। गाय से प्राप्त हर वस्तु का नियमित उपयोग करें। जीवन में हमेशा अच्छे कार्य करें। योग उपासना को हमारी दिनचर्या में शामिल करें। योग करेंगे तो जीवन में रोग के लिए जगह नहीं रहेगी। धूप के बजाय योग से पसीना बहाओ इससे निरोगता प्राप्त होगी। प्रत्येक व्यक्ति अखंड साधना करें, भगवान की भक्ति करें व पुरुषार्थ करें, इसी से जीवन स्वर्ग बनेगा। शिविर में मेवाड़ यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों ने भी बड़ी संख्या में पहुंचकर योग का अभ्यास किया।

कार्यक्रम में जिले भर से दर्जनों बसों के माध्यम से भी सैकड़ो लोग पहुंचे। सोमवार को लोकेश मुनि मसा, महावीर कुमार चौधरी आदि मंचासीन रहे। योग शिविर के साथ ही शिविर स्थल पर पतंजलि वैलनेस के अनुभवी वैद्यों ने भारतीय आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से निशुल्क परामर्श एवं उपचार प्रदान किया। प्राकृतिक चिकित्सा के साथ-साथ घरेलू उपचार के नुस्खे भी बताए गए।

मीडिया प्रभारी लोकेश सोनी ने बताया कि तीन दिवसीय विशाल योग चिकित्सा एवं ध्यान शिविर के समापन पर कार्यकर्ताओं का सम्मान समारोह भी हुआ।

# हॉक विमान की खरीद में 'धोखाधड़ी' के खिलाफ मामला दर्ज

### रोल्स रॉयस ने भारतीय अधिकारियों से बिचौलियों तक एक मिलियन पाउंड की रिश्वत दी

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** सीबीआई ने 24 हॉक विमान की खरीद में सरकार के साथ 'धोखाधड़ी' करने के आरोप में ब्रिटिश कंपनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ब्रिटिश एयरोस्पेस कंपनी रोल्स रॉयस इंडिया के निदेशक टिम जोन्स समेत अन्य कई लोगों का नाम एफआईआर में आया है। सीबीआई का कहना है कि रोल्स रॉयस ने कथित तौर पर भारतीय बिचौलियों को लाइसेंस शुल्क बढ़ाने और फिर कंपनी के कर मामलों की जांच रोकने के लिए 1 मिलियन पाउंड की रिश्वत दी।

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने रोल्स रॉयस से हॉक विमान की खरीद के मामले में कथित रूप से भारत सरकार को धोखा देने के लिए ब्रिटिश एयरोस्पेस कंपनी रोल्स रॉयस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और अज्ञात अधिकारियों के साथ-साथ निजी व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सीबीआई ने कहा कि सरकारी कर्मचारियों ने अपने आधिकारिक पदों का दुरुपयोग करके कुल 24 हॉक 115 एडवांस जेट ट्रेनर (एजेटी) विमान 734.21 मिलियन जीबीपीसे खरीदे, जिसके बदले अधिकारियों से बिचौलियों तक निमार्ता कंपनी की ओर से भारी रिश्वत और कमीशन का भुगतान किया गया।

सीबीआई का आरोप है कि भारत सरकार को धोखा देने के उद्देश्य से ब्रिटिश एयरोस्पेस कंपनी रोल्स रॉयस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और निजी व्यक्तियों सुधीर चौधरी और भानु चौधरी और अन्य अज्ञात अधिकारियों ने मैसर्स रोल्स रॉयस टर्बोमेका लिमिटेड सहित रोल्स रॉयस पीएलसी, यूके और इसकी सहयोगी समूह कंपनियों के साथ यह सांठगांठ की। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि जांच में यह भी खुलासा हुआ कि रोल्स रॉयस ने कंपनी के कर मामलों की जांच को रोकने के लिए भारत में कर अधिकारियों को रिश्वत दी। रक्षा मंत्रालय की सुरक्षा पर कैबिनेट समिति ने 03 सितंबर, 2003 को 66 हॉक 115 विमानों की खरीद और सरकारों के बीच एक अंतर-सरकारी समझौते पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दी थी।

# आज इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण का सबसे बड़ा लाभार्थी पूर्वोत्तर भारत है : पीएम

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि वर्तमान सरकार में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के काम का सबसे अधिक लाभ पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत को मिला है। इंफ्रास्ट्रक्चर रोजगार के अवसर और तेज विकास का आधार है। इससे गरीब, दलित, पिछड़ा, आदिवासी और हर वंचित सशक्त बनता है। इंफ्रास्ट्रक्चर बिना भेदभाव के सबके लिए है। ऐसे में इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण एक तरह से सच्चा सामाजिक न्याय है। सच्चा सेकुलरिज्म है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने पूर्वोत्तर को विकास से दूर रखा, जिस अक्षम्य अपराध का बहुत बड़ा नुकसान पूर्वोत्तर क्षेत्र को उठाना पड़ा। गुवाहाटी को न्यू जलपाईगुड़ी से जोड़ने वाली यह ट्रेन यात्रा-अवधि में लगभग एक घंटे की बचत करेगी। वंदे भारत 5 घंटे 30 मिनट में इस यात्रा को पूरा करेगी। जबकि वर्तमान इन दो स्थानों को जोड़ने वाली अन्य सबसे तेज गति वाली ट्रेन 6 घंटे 30 मिनट का समय लेती है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बिजली, पानी, टेलीफोन, मोबाइल और रेल सुविधाओं से वंचित भारत के सबसे ज्यादा क्षेत्र पूर्वोत्तर में थे। उनकी सरकार ने सेवा के भाव से काम किया। आज रेल संपर्क में पूर्वोत्तर में काफी काम हुआ है। उन्होंने कहा कि जल्द ही पूर्वोत्तर के हर राज्य की राजधानी ब्रॉडगेज रेल नेटवर्क से जुड़ जाएगी। प्रधानमंत्री ने इस दौरान 182 रूट किलोमीटर के नए विद्युतीकृत रेल-खंडों को भी समर्पित किया। इनसे ट्रेनों को तेज गति से चलाने और ट्रेनों की यात्रा-अवधि में कमी लाने के साथ प्रदूषण मुक्त परिवहन की सुविधा प्रदान करने में मदद मिलेगी। इनसे इलेक्ट्रिक लाइन पर चलने वाली ट्रेनें भी मेघालय में प्रवेश करने में सक्षम होंगी। प्रधानमंत्री ने असम के लुमडिंग में एक नवनिर्मित डेमू/मेमू शेड का भी उद्घाटन किया। यह नई सुविधा इस क्षेत्र में परिचालित डेमू रेक की देख-रेख करने में सहायक होगी, जिससे बेहतर परिचालन क्षमता हासिल होगी।

अपनी सरकार की रेलवे से जुड़ी उपलब्धियों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 9 सालों में रेलवे के लिए पहले की तुलना में बजट कई गुना बढ़ा दिया गया है। पूर्वोत्तर के लिए औसत रेल बजट लगभग 2500 करोड़ रुपये था। हालांकि, इस बार पूर्वोत्तर के लिए रेल बजट करीब 10,000 करोड़ रुपये है। 'वन स्टेशन, वन प्रोडक्ट' योजना के तहत नॉर्थ ईस्ट के रेलवे स्टेशनों पर स्टॉल बनाए गए हैं। ये 'वोकल फॉर लोकल' को बल दे रहे हैं। इससे हमारे स्थानीय कारीगर, कलाकार, शिल्पकार, ऐसे साथियों को नया बाजार मिला है।

# मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव पर राहुल बोले- 150 सीटें जीतेगी पार्टी

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** कांग्रेस अध्यक्ष अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में सोमवार को मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर बैठक हुई। बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पार्टी कर्नाटक जैसी ही रणनीति मध्यप्रदेश में भी अपनाएगी। उन्होंने दावा किया कि पार्टी दिसंबर में होने वाले चुनावों में 150 सीटें जीतेगी।

मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई बैठक में राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह सहित केन्द्रीय नेतृत्व और राज्य के नेताओं ने भाग लिया।

इस बैठक के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि हमारा आंतरिक आंकलन था कि हमें कर्नाटक में 136 सीटें मिलेंगी। इसी तरह हमें मध्य प्रदेश में 150 सीटें मिलने की आशा है। उन्होंने कहा कि जो कर्नाटक में किया उसे मध्यप्रदेश में दोहराया जाएगा। वहीं मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री चेहरे कौन होगा, इस सवाल पर राहुल गांधी ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। पार्टी नेता कमलनाथ ने कहा कि अभी बेहद महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें चुनाव की रणनीति और मध्य प्रदेश का भविष्य कैसे सुरक्षित रखा जाए इस पर चर्चा हुई।

# पुतिन से मुलाकात के बाद बेलारूस के राष्ट्रपति की तबीयत अचानक बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती

### इलाज के दौरान खून साफ करने की प्रक्रिया से शुरू हुई जहर दिये जाने की चर्चा

**मॉस्को (हि.स.)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मुलाकात के बाद बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंकों की तबीयत अचानक बिगड़ गयी। उन्हें गंभीर हालत में मॉस्को के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक बेलारूस के राष्ट्रपति एलेक्जेंडर लुकाशेंकों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का बेहद करीबी माना जाता है। वे रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से मिलने मॉस्को पहुंचे थे।

बेलारूस में विपक्ष के नेता वालेरी सेपकालो ने बताया कि लुकाशेंको और पुतिन के बीच बंद कमरे में बातचीत हुई थी, जिसके बाद लुकाशेंको की तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद लुकाशेंकों को मॉस्को के सेंट्रल क्लीनिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया। सेपकालो ने बताया कि रूस के शीर्ष डॉक्टर लुकाशेंको का इलाज कर रहे हैं लेकिन उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। सेपकालो ने जानकारी दी कि लुकाशेंको के खून को साफ करने की प्रक्रिया चल रही है।

आमतौर पर शरीर में जहर पहुंचने के बाद खून को साफ करने की प्रक्रिया की जाती है। यही वजह है कि लुकाशेंको को जहर देने की चचाएं चल रही हैं। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर इस बारे में कुछ नहीं कहा गया है।

वैसे लुकाशेंको की तबीयत बीते काफी समय से खराब चल रही है। हालांकि लुकाशेंको ने दावा किया था कि सब ठीक है और वह जल्द ही इससे उबर जाएंगे।


# इमरान की अपील, अब तो चुनाव की तारीखों का एलान करें

**इस्लामाबाद (हि.स.)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के मुखिया इमरान खान ने पाकिस्तान सरकार से मार्मिक अपील की है। इमरान ने कहा है कि सरकार उनकी पार्टी तोड़ चुकी है, अब तो चुनाव की तारीखों का एलान कर दे। इमरान खान मुश्किलों के दौर का सामना करने के बाद भी चुनाव कराने की मांग पर अड़े हैं। इस बीच हाल ही के दिनों में उनकी पार्टी के कई नेता उनका साथ छोड़ चुके हैं। इधर, बीती नौ मई को इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा को लेकर पाकिस्तानी सेना आर्मी एक्ट के तहत कार्रवाई करने की तैयारी कर चुकी है।




# फिल्म 'आदिपुरुष' का दूसरा गाना 'राम सिया राम' हुआ लांच

निर्देशक ओम राउत की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'आदिपुरुष' इस समय सुर्खियों में है। इस फिल्म में अभिनेता प्रभास प्रभु श्रीराम की भूमिका निभाएंगे। 'आदिपुरुष' के ट्रेलर और पहले गाने 'जय श्री राम' को दर्शकों का शानदार रिस्पॉन्स मिलने के बाद अब मेकर्स ने फिल्म का दूसरा गाना 'राम सिया राम...' रिलीज कर दिया है। इस गीत की शुरुआत भगवान श्रीराम और माता जानकी के संवाद से होती है। राघव अपनी पत्नी जानकी को संबोधित करते हैं- तुम राजकुमारी हो जानकी, तुम्हारी जगह महलों में है...। इसके बाद गाना शुरू होता है। 2 मिनट 50 सेकेंड के इस गाने में भगवान श्रीराम और माता जानकी के बीच उनके 14 साल के वनवास के दौरान के संवाद को दशार्या गया है। संगीत उद्योग में लोकप्रिय और वर्तमान अग्रणी जोड़ी सचेत-परंपरा द्वारा इस गीत को संगीतबद्ध और गाया गया है। फिलहाल यूजर्स इस जोड़ी की प्रशंसा कर रहे हैं। इस गाने के गीतकार मनोज मुंतशिर शुक्ला हैं। इस गाने को सोमवार 29 मई को सभी म्यूजिक चैनल्स, फिल्म चैनल्स, रेडियो स्टेशन्स और तमाम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज कर दिया गया है। रिलीज होने के महज आधे घंटे में ही गाने को 5 लाख से ज्यादा व्यूज मिल गए। इस गाने को फैंस से भी भरपूर प्यार मिल रहा है। फिल्म 'आदिपुरुष' में अभिनेता प्रभास भगवान श्रीराम के रोल में नजर आएंगे, वहीं एक्ट्रेस कृति सैनन सीता के रोल में नजर आएंगी। मराठमोला अभिनेता देवदत्त नागे फिल्म में हनुमान की भूमिका निभाएंगे। फिल्म 16 जून को पर्दे पर आएगी।




# पटना में आयोजित होने वाली विपक्ष की बैठक में शामिल होंगी ममता बनर्जी

**कोलकाता (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अगले महीने बिहार की राजधानी पटना में होने वाली विपक्ष की महा बैठक में शामिल हो सकती हैं। तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों ने सोमवार को इस बारे में जानकारी दी।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जद (यू) की बैठक से मिले संकेतों के मुताबिक भाजपा विरोधी पार्टियों की बहु प्रतीक्षित बैठक 12 जून को पटना में हो सकती है। तृणमूल के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि अगले महीने बिहार में विपक्षी दलों की बैठक में ममता बनर्जी के शामिल होने की संभावना है।

उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों बंगाल दौरे पर आये नीतीश कुमार के साथ मुलाकात के दौरान ममता बनर्जी ने पटना में विपक्षी नेताओं की बैठक आयोजित करने का प्रस्ताव दिया था। ममता बनर्जी ने कहा था कि जयप्रकाश नारायण ने भी अपने आंदोलन की शुरूआत बिहार से की थी और वर्तमान भाजपा सरकार के खिलाफ भी आंदोलन की शुरूआत पटना से होनी चाहिए।

इस महीने की शुरूआत में कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस की जीत के बाद बनर्जी ने कहा था कि तृणमूल 2024 के लोकसभा चुनाव में उन राज्यों में गैर भाजपा पार्टियों का समर्थन करेगी, जहां वे मजबूत हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल अगस्त में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए से नाता तोड़ने के बाद नीतीश कुमार विपक्ष को एकजुट करने की कोशिशों में लगे हुए हैं।

